राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 184
लखनऊ, रविवार 08 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सलमान खुर्शीद ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर किया तीखा हमला 10

उड़ान भरते ही बंद हुई डिस्प्ले व फैलने लगा धुआं, बाल-बाल बचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य 03

# ब्रज में भी होगा अयोध्या जैसे भव्य मंदिर का निर्माण : योगी

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मथुरा दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किए और ब्रज क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उनका पूरा कार्यक्रम आध्यात्मिक माहौल में डूबा नजर आया।

मुख्यमंत्री ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में हिस्सा लेते हुए क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाओं को मंजूरी दी और अधिकारियों को तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यदि भगवान कृष्ण की कृपा रही तो जिस तरह अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का कार्य हुआ है, उसी प्रकार यहां भी आगे का कार्यक्रम होगा।





**श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा को किया संबोधित**

बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुर केशवदेव मंदिर, योगमाया मंदिर और गर्भगृह में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और विधिवत पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की। ब्रज की पावन धरा से प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रज भूमि का कण-कण ऊर्जा और भक्ति से भरा है। प्रभु श्रीकृष्ण के चरणों में शीश नवाकर मन को असीम शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान का आशीर्वाद प्रदेश के प्रत्येक नागरिक पर बना रहे। उत्तर प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने कहा मथुरा की धरती का हर कण भगवान कृष्ण की स्मृतियों से जुड़ा हुआ है। यहां की हवा और वातावरण में राधारानी और कृष्ण कन्हैया की भक्ति रची-बसी है, जो हर श्रद्धालु को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है।

अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐसा बयान दिया जिसने वहां मौजूद लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने कहा कि यदि भगवान कृष्ण की कृपा रही तो जिस तरह अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का कार्य हुआ है, उसी प्रकार यहां भी आगे का कार्यक्रम होगा। जैसे ही उन्होंने यह बात कही, वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने जोरदार जयकारे लगाए और पूरा परिसर जय श्रीकृष्ण के नारों से गूंज उठा।

वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित ब्रज तीर्थ विकास परिषद की समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, सांसद हेमामालिनी एवं सांसद तेजवीर सिंह, जनपद के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, विधायक राजेश चौधरी, पूरन प्रकाश ठाकुर, मेघ श्याम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बेहद जरूरी

इससे पहले वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने कई विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बेहद जरूरी है। योगी ने खास तौर पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। उनका कहना था कि ब्रज क्षेत्र देश और दुनिया के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। इसलिए यहां का विकास भी उसी स्तर पर होना चाहिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को होली के पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि हमारे त्योहार हमें जीवन में उत्साह, उमंग और सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में नकारात्मकता और अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अगर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहता है तो उसे सकारात्मक सोच और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यही संदेश हमारे पर्व और परंपराएं हमें देती हैं।

# ममता सरकार के बर्ताव पर राष्ट्रपति ने जताई नाराजगी



**एजेंसी, कोलकाता।**

उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संताल सम्मेलन में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था और प्रोटोकॉल को लेकर नाराजगी जताई।

उन्होंने मंच से संबोधन के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से राज्य प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सम्मेलन के आयोजन में कई तरह की बाधाएं पैदा की गईं, जिससे आयोजकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति सीधे गोसाईपुर स्थित कार्यक्रम स्थल गईं और इसके बाद विधाननगर में आयोजित मुख्य सम्मेलन में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विधाननगर में पर्याप्त जगह होने के बावजूद सुरक्षा कारणों का हवाला देकर प्रारंभ में यहां सम्मेलन की अनुमति नहीं दी गई। इस वजह से आयोजकों को कार्यक्रम स्थल चार बार बदलना पड़ा, जो कि किसी भी बड़े सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन के लिए उचित स्थिति नहीं मानी जा सकती। राष्ट्रपति ने भावुक अंदाज में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि वे उन्हें अपनी बहन की तरह मानती हैं और स्वयं को भी बंगाल की बेटी मानती हैं। इसके बावजूद यदि इस प्रकार की प्रशासनिक बाधाएं खड़ी होती हैं तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों को सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए, क्योंकि ये आदिवासी समाज की संस्कृति, पहचान और परंपराओं को सशक्त करने का मंच प्रदान करते हैं।

इस बीच सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था पर हल्की नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्होंने देखा कि संताल समुदाय के कई लोग सम्मेलन कक्ष के बाहर घूम रहे थे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें अंदर आने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन में संताल समुदाय के सभी लोगों की खुली भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने संताल समुदाय की वीरता की परंपरा का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि लगभग 240 वर्ष पहले उनके पूर्वज तिलका मांझी ने अत्याचार के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था। राष्ट्रपति ने कहा कि संताल समुदाय के लोग अन्याय को स्वीकार नहीं करते और अत्याचार के खिलाफ डटकर संघर्ष करते हैं। उन्होंने कहा कि संताल बहादुर लोगों का समुदाय है और उन्हें अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व होना चाहिए।

### राजनीतिक चर्चा शुरू

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रोटोकॉल के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार देश के राष्ट्रपति के आगमन पर हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री या राज्य सरकार के किसी वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी अपेक्षित होती है। लेकिन बागडोगरा हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए मुख्यमंत्री या कोई वरिष्ठ मंत्री उपस्थित नहीं था। वहां केवल सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव मौजूद थे। राष्ट्रपति के इस बयान के बाद राज्य सरकार की व्यवस्था और केंद्र-राज्य संबंधों को लेकर नई राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई है।

### -: सर्राफा बाजार :-



| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,63,800/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,50,150/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,22,880/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |

# देशभर में महंगा हुआ एलपीजी गैस सिलेंडर

**पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच घरेलू सिलेंडर 60 व वाणिज्यिक 114.5 रुपये बढ़े**



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात होने वाली तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए हैं। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की वृद्धि की गई है। नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये हो गई है। यह पिछले 11 महीने में दूसरी बार बढ़ोतरी है। इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि की गई थी।

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा बाजार में तेजी के कारण गैस की लागत बढ़ी है, जिसके चलते कीमतों में यह बढ़ोतरी की गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात होने वाली तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति पर पड़ रहे असर को भी इसकी एक वजह माना जा रहा है।

आईओसी के अनुसार, अलग-अलग राज्यों में स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों के आधार पर एलपीजी की कीमतों में अंतर होता है। नई दरों के अनुसार मुंबई में 14.2 किलोग्राम का घरेलू एलपीजी सिलेंडर अब 912.50 रुपये, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये का हो गया है। नोएडा में भी घरेलू सिलेंडर की कीमत दिल्ली के बराबर 913 रुपये हो गई है।

होटल, रेस्तरां और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 114.5 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद नई दिल्ली में इसकी कीमत बढ़कर 1,883 रुपये हो गई है। इससे पहले एक मार्च को भी 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत में 28 रुपये की वृद्धि की गई थी।

नए दामों के अनुसार, मुंबई में 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक सिलेंडर 1,835 रुपये में मिलेगा, जबकि कोलकाता में इसकी कीमत बढ़कर 1,990 रुपये और चेन्नई में 2,043.50 रुपये हो गई है। इस वर्ष अब तक वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कुल 302.50 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को जारी रहेगी राहत

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को राहत जारी रहेगी। योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन पाने वाले 10 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को साल में 12 सिलेंडर तक प्रति सिलेंडर 300 रुपये की सब्सिडी मिलती रहेगी।

## नेपाल की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए भारत प्रतिबद्ध : मोदी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत नेपाल की जनता और वहां की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने नेपाल में संसदीय चुनाव के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि वह नेपाल के लोगों और सरकार को सफल तथा शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर हार्दिक बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि यह देखकर हर्ष होता है कि उनके नेपाली भाई-बहन लोकतांत्रिक अधिकारों का इतने उत्साह और जीवंतता के साथ प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा का गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत नेपाल की जनता और वहां की नई सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के बीच मित्रता और सहयोग के संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे।

### संक्षिप्त समाचार

**आईपीएस अंशिका वर्मा व केके बिश्नोई 29 मार्च को जोधपुर में करेंगे शादी**

**जोधपुर।** उत्तर प्रदेश की चर्चित आईपीएस जोड़ी अंशिका वर्मा और कृष्ण कुमार (केके) बिश्नोई जल्द ही विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों अधिकारी 29 मार्च को राजस्थान के जोधपुर में शादी करेंगे। शादी से जुड़ी रस्मों हल्दी, मेहंदी और संगीत की तारीखें भी तय हो चुकी हैं। संभल के एसपी केके बिश्नोई और बरेली के एसपी साउथ अंशिका वर्मा अपने सख्त प्रशासनिक रवैये और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की कार्यशैली के कारण अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इस बार दोनों की चर्चा उनके निजी जीवन से जुड़ी इस खुशखबरी को लेकर हो रही है।

**राजस्थान में भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.5 तीव्रता**

**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप का सबसे ज्यादा असर सीकर जिले और आसपास के इलाकों में महसूस किया गया। हालांकि झटके हल्के होने के कारण कहीं से भी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

**पश्चिम एशिया के सात देशों में 9 से 11 मार्च तक होने वाली सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षाएं स्थगित**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पश्चिम एशिया के सात देशों में 9, 10 और 11 मार्च को आयोजित होने वाली कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया है। सीबीएसई द्वारा शनिवार को जारी परिपत्र के अनुसार बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित संबद्ध स्कूलों में 9 मार्च (सोमवार), 10 मार्च (मंगलवार) और 11 मार्च (बुधवार) को निर्धारित कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं फिलहाल टाल दी गई हैं। इन परीक्षाओं की नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

**थाईलैंड से चार भारतीय श्रमिकों की सुरक्षित घर वापसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के हस्तक्षेप के बाद विदेश मंत्रालय ने थाईलैंड से 6 भारतीय श्रमिकों में से 4 की सुरक्षित घर वापसी करवाई। एनएचआरसी के अनुसार प्रकाशित खबरों का स्वतः संज्ञान लेते हुए 20 फरवरी को विदेश मंत्रालय को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित एक कारखाने में अपने नियोक्ता द्वारा कई महीनों से बंधक बनाए गए 6 भारतीय श्रमिकों को शीघ्र छुड़ाने का आग्रह किया था।

# भारत के पास पर्याप्त पेट्रोलियम का भंडार

**आम जन को नहीं होगी कोई कमी, अफवाहों के बीच केंद्र ने किया साफ**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पश्चिम एशिया में जारी संकट और उससे कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में आयी बाधा के बीच सरकारी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि देश के पास पेट्रोलियम का पर्याप्त भंडार है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के उच्च अधिकारियों ने बताया कि इस समय देश में कच्चे तेल का 25 दिन का अतिरिक्त भंडार है। इसके अलावा शोधित उत्पादों का भी 25 दिन का अतिरिक्त भंडार है। दोनों मिलाकर कुल भंडार सात सप्ताह से अधिक का है। अधिकारियों ने बताया कि कुल अतिरिक्त भंडार 25 करोड़ बैरल यानी लगभग 4,000 करोड़ लीटर का है। साथ ही रूस, अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और मध्य एशिया से आयात लगातार जारी है। इसलिए मीडिया में आई इस तरह की खबरें कि देश के पास सिर्फ 25 दिन का कच्चा तेल बचा है, गलत है। उल्लेखनीय है कि इस समय भारत छह महादेशों के कुल 40 देश से कच्चे तेल और पेट्रोलियम का आयात करता है और इस मामले में होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर पूरी तरह से निर्भरता नहीं है। घरेलू रिफायनिंग कंपनियों की कुल शोधन क्षमता 25.8 करोड़ टन सालाना की है जो मांग से काफी अधिक है।

## हरियाणा के सफीदों की रंग फैक्टरी में भीषण आग, चार महिलाओं की मौत, 13 मजदूर झुलसे



**एजेंसी, जींद।** हरियाणा के जींद जिले के सफीदों के भाट कॉलोनी स्थित होली रंग बनाने वाली फैक्ट्री में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में चार महिलाओं की जलकर मौत हो गई और 13 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की सूचना मिलने पर डीसी, एसपी, पुलिस, फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने फैक्टरी मालिक सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक घुसपैठियों को किया जाएगा बाहर : अमित शाह

**एजेंसी, हरिद्वार।**

उत्तराखंड के हरिद्वार में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां बैरागी कैंप में आयोजित जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसाल कार्यक्रम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिये को देश से बाहर करने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

श्री शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत उत्तराखंड राज्य आंदोलन के संदर्भ से करते हुए कहा कि राज्य निर्माण के लिए उत्तराखंड के युवाओं



को अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड के साथ झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे नए राज्यों के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया, जो आज तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से अब तक का समय उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की समस्याओं को चुन-चुन कर समाप्त करने का कार्य किया है। इससे उत्तराखंड दोगुनी रफ्तार से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अंग्रेजों के समय के पुराने कानूनों को बदलकर नई न्याय संहिता लागू की जा रही है। इसके पूरी तरह लागू होने के बाद एफआईआर दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक फैसला आने में अधिकतम तीन वर्ष का समय लगेगा।

## पत्रकार हत्याकांड में डेरामुखी राम रहीम बरी



**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को पत्रकार हत्याकांड में बरी कर दिया है। यह फैसला शनिवार सुबह चीफ जस्टिस शील नागू तथा जस्टिस वीरेंद्र अग्रवाल की खंडपीठ ने सुनाया। हाईकोर्ट का यह फैसला सीबीआई कोर्ट द्वारा करीब सात साल पहले पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में दोषी ठहराए जाने के बाद सुनाया गया है। रामचंद्र छत्रपति की हत्या वर्ष 2002 में हुई थी। लंबी जांच के बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया। जिसने राम रहीम और दूसरों पर हत्या का मुकदमा चलाया। राम रहीम अभी दूसरे मामलों में जेल की सज़ा काट रहा है, जिसमें रेप और दूसरे अपराधों से जुड़े आरोप शामिल हैं।

# दुबई में सोने का स्टॉक बढ़ा, कीमतों में आई गिरावट

**आर.बी. सिंह**



**दुबई।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते युद्ध का असर अब वैश्विक गोल्ड बाजार पर साफ दिखने लगा है। लगातार हो रहे ईरान पर हमलों के कारण खाड़ी देशों में भय का माहौल है। दुबई में जहां खाने-पीने के सामग्री के संकट होने के साथ-साथ नकदी की भारी कमी हो गई है, वहीं जहाजों के आने और जाने बंद होने से यहां पर सोने का भारी स्टॉक जमा हो गया है।

स्टॉक कम करने के लिए दुकानदार अपनी दुकानों पर अब भारी डिस्काउंट के बोर्ड लग दिए हैं। एक औंस करीब 28 ग्राम सोना खरीद पर ग्राहकों को 30 डॉलर तक की छूट दी जा रही है। इधर उड़ाने प्रभावित होने से बुलियन की सप्लाई भी बाधित हो गई है और व्यापारी उसे दूसरे देशों तक नहीं भेज पा रहे हैं। हजारों टन सोने का स्टाफ यहां पर जमा हो गया है। जिसकी वजह से भारी छूट का ऑफर देते हुए व्यापारी जल्द स्टाफ खाली करना चाहते हैं। बावजूद इसके दुकानदार कोई खास व्यवसाय नहीं कर पा रहे हैं। सनद रहे दुबई और संयुक्त अरब अमीरात लंबे समय से एशिया खासकर भारत के लिए सोने का बड़ा ट्रेडिंग और रिफाइनरी हब रहा है और आमतौर पर सोना यात्री विमानों के कार्गो हिस्से के जरिए भेजा जाता है। उड़ानों पर पाबंदी के कारण अब सोने की खेप को सड़क मार्ग से सऊदी अरब और ओमान जैसे देशों के हवाई अड्डों तक ले जाना भी जोखिम भरा और जटिल माना जा रहा है। इधर अंतरराष्ट्रीय खरीदार सावधान हो गए हैं, क्योंकि शिपिंग और बीमा महंगा हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर स्थिति लंबे समय तक ऐसी ही बनी रहती है, तो इसका असर दुनिया के सोने के बाजार और भारत जैसे बड़े उपभोक्ता देशों पर भी पड़ेगा।

**बयान** राष्ट्रपति पेजेशकियान ने अमेरिका की सरेंडर मांग ठुकराते हुए कहा-

# पड़ोसी देशों पर हमला नहीं करेगा ईरान

**एजेंसी, तेहरान।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने एक महत्वपूर्ण बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि ईरान अब किसी भी पड़ोसी देश पर हमला नहीं करेगा, जब तक कि उस देश की जमीन से ईरान पर हमला न किया जाए। राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय आया है जब मिडिल ईस्ट में लगातार मिसाइल हमलों, ड्रोन हमलों और हवाई हमलों की खबरें सामने आ रही हैं। क्षेत्र में तेजी से बढ़ते तनाव के बीच ईरान का यह बयान हालात को शांत करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अमेरिका की उस मांग को भी सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने की बात कही गई थी। राज्य टीवी पर प्रसारित अपने रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान किसी भी तरह के दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा, यह उम्मीद करना कि ईरान बिना शर्त सरेंडर कर देगा, सिर्फएक सपना है और यह सपना कभी पूरा नहीं होगा। पेजेशकियान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ईरान न तो अमेरिका और न ही इजरायल के सामने झुकेगा।अपने संबोधन में ईरानी राष्ट्रपति ने क्षेत्र के कुछ देशों पर हाल में हुए हमलों को लेकर खेद भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र के कुछ देशों पर हुए हमले गलतफहमी की वजह से हुए थे और ईरान भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की कोशिश करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान तब तक किसी पड़ोसी देश को निशाना नहीं बनाएगा, जब तक कि उस देश की जमीन से ईरान पर हमला नहीं किया जाता। ईरानी मीडिया के



अनुसार, इस नीति को ईरान की अंतरिम नेतृत्व परिषद ने भी मंजूरी दे दी है। ईरान की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है जब शनिवार सुबह बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर हमलों की खबरें सामने आई थीं। इन घटनाओं के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और भी बढ़ गया। खाड़ी क्षेत्र के कई देशों ने इन हमलों को लेकर चिंता जताई है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है।

इस बीच अमेरिका की ओर से भी कड़ा रुख सामने आया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने शनिवार को फॉक्स न्यूज से बातचीत में दावा किया कि ईरान पर जल्द ही अब तक का सबसे बड़ा हमला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संभावित हमले का मुख्य उद्देश्य ईरान के मिसाइल लॉन्चर और मिसाइल निर्माण से जुड़े ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाना है। बेसेंट के इस बयान के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव पिछले कुछ हफ्तों में तेजी से बढ़ा है। रिपोर्टों के अनुसार 28 फरवरी से शुरू हुए इस सैन्य टकराव के बाद से ईरान ने इजरायल समेत पश्चिम एशिया के कई देशों को निशाना बनाया है। बताया जा रहा है कि अब तक ईरान की सैन्य कार्रवाइयों का असर लगभग 13 देशों तक देखा जा चुका है।

# डीएम-एसपी ने समस्याओं के निस्तारण के दिये निर्देश

▸ सम्पूर्ण समाधान दिवस में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित/ विलम्ब से पहुंचने पर सात जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील सदर गोण्डा में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील सदर गोण्डा में कुल 96 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तहसील सदर गोण्डा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित तथा विलम्ब से पहुंचने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत खण्ड गोण्डा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला उद्यान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र तथा उपनिदेशक कृषि को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण समाधान में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता कृपाराम निवासी बेलवा फूलपुर खरगुपुर ने अवगत कराया की हमारी जमीन गाटा संख्या 181 पर लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा मौके पर जाकर निशान देही करवाया गया था, जिस पर विपक्षीगण के द्वारा शामको लगभग 5 बजे पत्थर उखाड़ के फेंक दिया गया, मामले को संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित थानाध्यक्ष को तत्काल एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता पारसनाथ पुत्र छबलाल आदि निवासी सुल्तानजोत दर्जीकुआं के द्वारा अवगत कराया गया कि गांव में रास्ते की जमीनों पर गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है, मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल एवं इंस्पेक्टर को निर्देश दिये हैं कि मौके पर जाकर तत्काल अवैध कब्जा को हटवाकर रिपोर्ट दी जाय।

## घटतौली व ओवर रेटिंग की खबर छापने पर कोटेदार ने पत्रकार को धमकाया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



दैनिक समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र ने विगत 10 फरवरी को विकासखंड पड़री कृपाल की उचित दर विक्रेता निकहत फातिमा ग्राम पंचायत धनौली का समाचार प्रकाशित किया था क्योंकि 10 फरवरी 2026 को सुबह 10:20 पर दुकान बंद पाई गई थी और साथ ही साथ उसमें कुछ उपभोक्ताओं का बयान भी लगा था जिसमें उन्होंने बताया कि उचित दर विक्रेता मनमानी काम करते हैं और गल्ला-वितरण का काम निकहत फातिमा के पुत्र तालिब के द्वारा किया जाता है और अंत्योदय कार्ड पर 35 किलो की जगह 30 किलो गल्ला दिया जाता है और ढाई किलो चीनी देकर रुपये 60 लिए जाते हैं यदि इस पर कोई एतराज करता है तो कोटेदार दबंगई पर उतर जाता है इन बातों को यूं ही नहीं लिखा जा रहा है जब उचित दर विक्रेता से जानकारी लेने के लिए पत्रकार के द्वारा फोन मिलाया गया तो उसके द्वारा कहा गया गलती से भी इधर दिख मत जाना अन्यथा बहुत बुरा होगा और अनाप-शनाप बकने के बाद फोन को काट दिया गया.। उचित दर विक्रेता के इस आचरण से पत्रकार बहुत ही भयभीत हैऔर प्रशासन से इंसाफ की मांग करता है।

## खबरें एक नजर में

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** दिनांक 06.03.2026 को वादिनी पूनम पत्नी अशोक कुमार निवासी दत्तनगर शिवबक्श पुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 05.03.2026 को रात्रि करीब 08 बजे उनके पति को मनीष सोनकर, विष्णु सोनकर, पवन सोनकर, हरीश सोनकर पुत्रगण राघवराम उर्फ लल्लू सोनकर व श्रवण कुमार उर्फ छोटू ड्राइवर निवासीगण दत्तनगर द्वारा लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी से घेरकर मारपीट की गयी, जिसमें मनीष सोनकर द्वारा कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर उनके पति को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को. नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें आज दिनांक 07.03.2026 को थाना को. नगर पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्त मनीष कुमार सोनकर पुत्र लल्लू सोनकर उर्फ राघवराम सोनकर को जिला अस्पताल रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को. नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### बंद पिंजड़े में कैसे कैद होगा तेंदुआ... ट्रैप कैमरा के नाम पर खानापूर्ति उजागर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के तेंदुआ प्रभावित इलाके में वन विभाग की उदासीनता सामने आई है। शनिवार दोपहर मौके पर पहुंची पत्रकारों की टीम को जो दिखा वह चौंकाने वाला रहा। सरयू नदी के कछार में लगा पिंचड़ा का दरवाजा बंद था। पिंजड़े में न तो बकरी थी और न ही मांस के टुकड़े फिर तेंदुआ कैसे कैद होगा यह बड़ा सवाल है। वहीं तेंदुए के मूमेंट को जानने के लिए लगाए गए ट्रैप कैमरा के नाम पर महज एक लोहे का बॉक्स पेड़ से बंधा हुआ है। कैमरा नदारत था। घटना स्थल से लगभग तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित छविनाथ यादव के घर पर शनिवार सुबह तेंदुआ पहुंचा और कुत्ता उठा ले गया। जिसके बाद पुन: एक बार फिर इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। छविनाथ यादव ने बताया कि सुबह 6:25 बजे तेंदुआ आया और घर का पालतू कुत्ता उठा ले गया। सूचना के बाद मौके पर वन विभाग की टीम आई थी। जांच पड़ताल कर चली गई है। उन्होंने कहा कि घर के पीछे एक पिंजड़ा वन विभाग ने शुक्रवार को लगाया था। पिंजड़े में बंधी बकरी को वन विभाग की टीम खोल ले गई है। ज्ञात हो कि गुरुवार शाम बाजपुरवा गांव निवासी 7 वर्षीय आफरीन पुत्री तसव्वर पर तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज बहराइच में चल रहा है। डीएफओ सुंदरेश कुमार ने बताया कि तेंदुआ दिन में नहीं आता है। रही कैमरे की बात तो जांच करवाते हैं। जबकि तेंदुए ने बच्ची पर हमला दिन में पांच बजे तथा कुत्ता सुबह 6:25 बजे उठा ले गया।

### मोतीपुर में भीषण अग्निकांड से हड़कंप



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** तहसील अंतर्गत मोतीपुर नगर पंचायत में शनिवार सुबह एक भीषण अग्निकांड ने इलाके में सनसनी फैला दी। अचानक भड़की आग ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और परिवार की वर्षों की मेहनत से जुटाई गई गृहस्थी पलक झपकते ही राख के ढेर में तब्दील हो गई। जानकारी के मुताबिक मोतीपुर निवासी अनवर पुत्र रसूल बख्श के मकान के पहले माले में सुबह करीब 10:30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। मकान के निचले हिस्से में कॉस्मेटिक की दुकान संचालित है, जबकि ऊपर परिवार रहता है। अचानक उठीं आग की भीषण लपटों और धुएं के गुबार को देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर जुट गए और मोटर चलाकर पानी डालते हुए आग पर काबू पाने की जद्दोजहद शुरू कर दी। काफी मशक्कत और हिम्मत के बाद किसी तरह आग को काबू में किया गया, लेकिन तब तक घर के अंदर रखा एलईडी, फ्रिज, टीवी, बेड समेत तमाम घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो चुका था। इस अग्निकांड में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही मोतीपुर पुलिस, राजस्व विभाग और दमकल विभाग मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया और हालात को पूरी तरह नियंत्रित किया। घटना के बाद पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है, वहीं मौके पर पहुंचे स्थानीय लेखपाल द्वारा नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अचानक हुई इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।

### आशा कार्यकर्ताओं को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** पयागपुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 6 और 7 मार्च को कुष्ठ खोजी अभियान के लिए आशा कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान करना है, जो 9 मार्च से 23 मार्च तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करने और उनकी जानकारी अपने सुपरवाइजर के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में बताया गया कि कुष्ठ रोग की शुरुआती पहचान होने पर प्राथमिक उपचार से मरीज को पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। इसी कारण आशा कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और संभावित मरीजों की समय पर पहचान करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण के दौरान लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्रदान करेंगी। इसके अतिरिक्त, नियमित टीकाकरण अभियान अंतर्गत हेडकाउंट सर्वे में छूटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की लाइनलिस्ट टीकाकरण हेतु तैयार करने के साथ जिन लोगों के पास आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उनका पंजीकरण भी कराया जाएगा, ताकि वे सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी : राजा चतुर्वेदी

▸ सीबीए में पूर्व मंत्री का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री राजा चतुर्वेदी का आगमन हुआ, सर्वप्रथम पूर्व मंत्री ने नव नियुक्त कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डीबीए के अध्यक्ष रवि चंद्र त्रिपाठी, सीबीए के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी व महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी व सुनील कुमार पांडेय व पूर्व अध्यक्षगण सहित अन्य अधिवक्ताओं ने पूर्व मंत्री का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। डीबीए के अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने पूर्व मंत्री का मलार्पण कर उनके उज्वल भाभिष्य की कामना की। पूर्व मंत्री श्री चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ता समाज सदैव संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ता है और समजवादी पार्टी हमेशा अधिवक्ताओं के हित के लिए प्रतिबद्ध रहती है। अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी होता है। कार्यक्रम के समापन में पूर्व मंत्री ने सभी अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, बिंदेश्वरी प्रसाद दूबे, जिला उपाध्यक्ष सपा अशोक तिवारी, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, राम आशीष त्रिपाठी, प्रदीप कुमार पांडेय, लाल बिहारी शुक्ला, रमेश चौबे, आनंद शुक्ला, रितेश यादव, रजनी त्रिपाठी सोनू त्रिपाठी, मृत्युंजय शुक्ला, संदीप तिवारी, विनोद चौबे, मनोज चौबे, शिव कुमार त्रिपाठी, महबूब अली खान, संतोष ओझा, संजय शुक्ला, उत्कर्ष त्रिपाठी, रूचि मोदी, प्रभात शुक्ला, कृष्ण मुरारी, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, संजय तिवारी, देव पूजन मिश्रा सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एसडीएसवीएम इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव व विज्ञान मेला आयोजित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**






स्वामी दयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आर्यनगर में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। मेला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्राचार्य डॉ ओपी मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उपस्थित को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को उनके रुचि के अनुसार शिक्षा देनी चाहिए तथा विद्यालय में समय-समय पर प्रतियोगी परीक्षाएं ,विज्ञान प्रदर्शनी, प्रयोगात्मक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करना चाहिए। जिससे बच्चों को सीखने एवं आगे बढ़ाने का मौका मिलता है। जिससे विद्यालय क्षेत्र व परिवार के लोगों का हौसला बढ़ता है।इसके बाद अतिथियों ने विज्ञान मेला में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन कर तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी बनाने वाले छात्र छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इसी प्रकार पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, शिव बहादुर मिश्रा, देव प्रकाश पांडेय, पृथ्वीनाथ मंदिर के महंत राम मनोहर तिवारी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बच्चों को सीखने के अनेक टिप्स दिए। विद्यालय के छात्र अंशिका, नैंसी, मोहिनी, अनामिका, आयुष, सर्वेश, राधा, शशि, पलक, अंशिका, अरुणिमा, अथर्व, दिव्यांश पांडे, आकाश पांडे, सौम्या, शिल्पा गुप्ता, कुंवार मौर्या, चंदन, रितेश, शुभ शुक्ला, शामली, महक, अमर तिवारी, ललित, अर्चना, दिव्यांशी, सरस्वती वंदना स्वागत गीत राष्ट्रगीत नाटक एकांकी सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसे देख उपस्थित लोग भाव विभोर हो गए। बच्चों द्वारा विज्ञान मेले में लगाए गए प्रदर्शनी को सभी ने सारा और अच्छा प्रदर्शनी लगाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक सुधाकर पांडेय व संचालन रामकृष्ण पांडेय ने की।

इसमें विद्यालय के प्राचार्य पंकज पाठक, ओंकारनाथ, शिव बहादुर मिश्रा, राजकुमार तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, वासुदेव, हरिश्चंद्र शुक्ला, शिव प्रसाद शुक्ला, नंद प्रकाश मिश्रा, शुभम पांडे, इंद्रजीत जायसवाल, अजय शुक्ला, पवन चौबे, मनोहर लाल, नीति तिवारी, निशा सिंह, अनीता, वंदना, स्वामी, चांदनी, सलोनी, पूर्णिमा ,आंचल, मुस्कान ,खुशी दद्दू तिवारी रही।

## घर से मासूम को उठा ले गया तेंदुआ, मौत

▸ कुछ ही देर में मिली लाश, गांव में दहशत

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत सुजौली क्षेत्र के आजमगढ़ पुरवा गांव में शनिवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। घर में सो रहे एक मासूम को तेंदुआ मुंह में दबाकर उठा ले गया और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। इस भयावह घटना से पूरे गांव में चीख.पुकार और दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसारए आजमगढ़ पुरवा निवासी रामबिलास ;8 वर्षद्ध पुत्र रघुबीर शनिवार सुबह अपने घर में सो रहा था। तभी जंगल की ओर से आया एक खूंखार तेंदुआ अचानक घर के पास पहुंचा और मासूम को मुंह में दबाकर उठा ले गया। घटना इतनी तेजी से हुई कि घर में मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। बच्चे की चीख सुनकर परिजन और ग्रामीण दौड़ पड़े और शोर मचाते हुए तेंदुए का पीछा करने लगे। लेकिन तब तक तेंदुआ बच्चे को लेकर खेतों की ओर भाग चुका था। गांव में अफ्ऱा.तफ्ऱी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण खेतों की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों के जोरदार हांका लगाने और शोर मचाने पर तेंदुआ कुछ दूर जाकर बच्चे को मृत अवस्था में छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। जब ग्रामीणों ने बच्चे को देखा तो वहां दिल दहला देने वाला मंजर था। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में काफी समय से तेंदुए की गतिविधियां देखी जा रही थींए लेकिन वन विभाग की ओर से ठोस इंतजाम नहीं किए गए। अब इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में दहशत का माहौल है। गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए तुरंत पिंजरा लगाने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## प्रेमी ने जहर गटक कर चाकू से खुद को किया लहूलुहान

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



▸ बचाने आई महिला भी हुई घायल
▸ प्रेमिका का दूसरे से सम्बंध होने के शक में किया हमला

कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के ग्राम मधवापुर में शनिवार सुबह प्रेम प्रसंग ने ऐसा खौफनाक रूप ले लिया कि पूरे गांव में दहशत और सनसनी फैल गई। शक और जुनून में अंधे एक प्रेमी ने प्रेमिका के घर पहुंचकर पहले जहरीली दवा गटक ली और फिर सब्जी काटने वाले चाकू से खुद पर ताबड़तोड़ वार कर खुद को लहूलुहान कर लिया। इस दिल दहला देने वाली घटना में बीच-बचाव करने आई महिला भी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, छोटका भिऊरा दा0 मधवापुर निवासी जयराम राजभर (45 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय जगदीश राजभर का वसिरफार्म दा0 मधवापुर निवासी तारा देवी (28 वर्ष) पत्नी रिंकू के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि जयराम को शक हो गया था कि तारा देवी किसी और से भी बातचीत करती है। इसी शक ने उसके अंदर का गुस्सा और सनक भड़का दी। शनिवार 7 मार्च 2026 को सुबह करीब 5:30 बजे जयराम राजभर हाथ में सब्जी काटने वाला चाकू और कीटनाशक दवा लेकर सीधे तारा देवी के घर जा धमका। वहां पहुंचते ही उसने तारा देवी के सामने ही कीटनाशक दवा गटक ली और फिर चाकू से खुद पर वार करना शुरू कर दिया। कुछ ही पलों में वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। अचानक हुई इस सनसनीखेज घटना से घर और आसपास के लोग दहशत में आ गए। बीच.बचाव के दौरान तारा देवी को भी हल्की चोटें लग गई। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर दोनों को सीएचसी मिहीपुरवा पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने जयराम की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है और लोग इस खौफनाक घटनाक्रम की चर्चा कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## घर आए रिश्तेदार के साथ दबंगों ने की मारपीट



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** पयागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुनौरा में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार सुबह घर आए एक रिश्तेदार के साथ कुछ स्थानीय युवकों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूसों से जमकर मारपीट की। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है खुनौरा निवासी रेखा शुक्ला पुत्री जगप्रसाद शुक्ला ने थाना प्रभारी पयागपुर को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। रेखा के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 8 बजे रेखा के भाभी के बड़े भाई विष्णु पुत्र जयराम महतो, निवासी अमरोली, थाना सिवान, बिहार, जो रिश्तेदारी में उनके घर आए हुए थे, पकड़िया पेड़ के पास मौजूद थे उसी दौरान गांव के ही विपक्षी दुर्गेश पुत्र दीनानाथ, सर्वेश, अशोक पुत्रगण ब्रह्म प्रसाद और सिपाहीलाल पुत्र राम मनोहर निवासी दपौली ने उन्हें घेर लिया पीड़िता का आरोप है कि उक्त लोगों ने विष्णु को भद्दी-भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों तथा लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। इस हमले में विष्णु के बाएं हाथ, कोहनी और पीठ पर काफी गंभीर चोटें आई हैं घटना के बाद पीड़िता ने घायल विष्णु को अस्पताल भिजवाया और थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। रेखा शुक्ला ने पुलिस से मांग की है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश का मामला है उसी को लेकर मारपीट हुई है मुकदमा दर्ज आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## घर में घुसकर जानलेवा हमले में कई घायल

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के मोतीपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत दौलतपुर में शनिवार को दबंगों का खौफनाक तांडव देखने को मिला। जमीनी विवाद को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोप है कि ग्राम प्रधान के गुर्गों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे पूरा गांव दहशत में आ गया। हमले में वारिस अली पुत्र सिरदार, मदन लाल पुत्र बचनू, रसूल अहमद पुत्र हस्नू, इसरार, अहमद पुत्र रसूल, सिराज पुत्र रसूल और हफीज पुत्र मोहम्मद उमर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों ने किसी को नहीं बख्शा और बुरी तरह पीटकर अधमरा कर दिया। घटना के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत सभी घायलों को मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद को लेकर करीब एक दर्जन से अधिक दबंगों ने अचानक धावा बोल दिया और घर में घुसकर बेरहमी से हमला किया। इस खौफनाक घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कई आरोपियों को चिन्हित कर हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। अधिकारियों का कहना है कि घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस खूनी हमले से दौलतपुर गांव सहमा हुआ है और लोग दबंगों के आतंक से खौफ में हैं।

## महिला दिवस पर बच्चों ने बनाए जागरूकता पोस्टर शिवानी व रहनुमा अव्वल



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के पूर्व कंपोजिट विद्यालय बसावन बनकट में शनिवार को छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राथमिक वर्ग में कक्षा 5 की शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त कियाए जबकि रोशनी कक्षा 5 द्वितीय और प्रियांशी कक्षा 5 तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं जूनियर वर्ग में कक्षा 7 की रहनुमा और तबस्सुम ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। पिंका व अंशिका देवी कक्षा 7 को द्वितीय तथा खुशबू देवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बंसराज कनौजिया व अध्यापक सतीश सिंहए अमित सिंहए प्रीति सिंह, संतोष कुमार शुक्ला, सरिता वर्मा, मीरा वर्मा, राजेंद्र कुमार सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा महिला सम्मान और समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

## एनएमएमएसई परीक्षा में छात्र आकाश ने किया कमाल, जिले में 17वीं रैंक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (हस्र्स्स्श्व) में कंपोजिट विद्यालय बसावन बनकट के छात्र आकाश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद में 17वीं रैंक प्राप्त की है। आकाश ने परीक्षा में 118 अंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

छात्र की इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वंशराज कनौजिया सहित समस्त शिक्षकों ने छात्र आकाश को माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक सतीश सिंह, प्रीति सिंह, सरिता वर्मा, मीरा वर्मा, अमित सिंह, संतोष शुक्ल और राजेंद्र कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने कहा कि आकाश की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## निर्धारित मूल्य पर ही गैस सिलेंडर की बिक्री सुनिश्चित करें गैस एजेंसियां : डीएम

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में गैस एजेंसियों द्वारा रिफिल गैस सिलेंडर की आपूर्ति में अनियमितता तथा निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन ने कड़ा रुख अपनाया है।

जिलाधिकारी ने जनपद की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों एवं प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर निर्धारित दर पर ही उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की जमाखोरी अथवा कृत्रिम अभाव उत्पन्न न किया जाए।

जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जनपद में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है और किसी प्रकार की आपूर्ति बाधित नहीं है। पूर्व में 14 किलोग्राम रिफिल गैस सिलेंडर का मूल्य 924 रुपये था, जिसे दिनांक 07 मार्च 2026 से बढ़ाकर 984 रुपये प्रति सिलेंडर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 42 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनमें से आईओसीएल की 16, बीपीसीएल की 14 तथा एचपीसीएल की 12 एजेंसियां शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी गैस एजेंसी द्वारा सिलेंडरों की जमाखोरी कर कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री करने का प्रयास किया जाता है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि गैस वितरण व्यवस्था पर सतर्क निगरानी बनाए रखें, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके और किसी प्रकार की अनियमितता न होने पाए।

# जीबी पंत का दृष्टिकोण यूपी के विकास का मार्गदर्शन करता रहेगा : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि गोविंद बल्लभ पंत द्वारा पेश किये गये दृष्टिकोण और सुधारों ने इस राज्य के विकास की नींव रखी और आज भी इसकी प्रगति का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पंत की पुण्यतिथि पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने उन्हें भारत माता का एक महान सपूत, एक प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, प्रसिद्ध न्यायविद् और एक सक्षम प्रशासक बताया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और बाद में केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में कार्य किया।

पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जन्म वर्तमान उत्तराखंड में हुआ था, जो उस समय संयुक्त प्रांत का हिस्सा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के आह्वान से प्रेरित होकर उन्होंने अपनी वकालत छोड़ दी और स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गये। आदित्यनाथ ने कहा, पंडित गोविंद बल्लभ पंत द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान शुरू किए गए सुधार और दृष्टिकोण उत्तर प्रदेश के विकास को प्रेरित और निर्देशित करते रहेंगे। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में पंत के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि उन्होंने हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश के प्रति उनकी सेवाओं के सम्मान में पंत को 1957 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वरिष्ठ राजनेता एवं देश के पूर्व गृह मंत्री और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, हिंदी को राजभाषा के रूप में स्थापित करने में आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा, आपका राष्ट्रवादी चिंतन और राष्ट्र प्रथम की पावन भावना हम सभी के लिए पाथेय है।

# ईरान-इजरायल के युद्ध ने बिगाड़ा भारतीय रसोई का बजट

▸ ईरान-इजरायल युद्ध से एलपीजी हुयी मंहगी, अफवाहों से पेट्रोल पंपों पर लगी कतारें

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



दावे तो यही किये जा रहे है कि पश्चिम एशिया में ईरान-इजरायल युद्ध से भारत पर कोई प्रभाव नही पड़ेगा परंतु युद्ध की आँच भारत पर दिखायी पड़ने लगी है। ताजा हालात के अनुसार देश में सबसे पहले एलपीजी सिलिंडर के दाम बढ़ा दिये गये है। जिससे भारतीय महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ गया है। जिसका सीधा असर रसोई पर तो पड़ा ही है साथ ही आने वाले समय में बाजार पर भी दिखाई देगा। युद्ध के बीच अफवाहो। का बाजार भी काफी गर्म है। पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने तथा किल्लत या कमी की अफवाहों से पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ बढ़ गयी है। फिलहाल 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलिंडर पर 60 रूपये की बढ़ोत्तरी हो गसी है। पहले आठ सौ नब्बे में मिलने वाला सिलिंडर अब नौ सौ पचास का मिलेगा। चही 19 किलो का कामर्शियल सिलिंडर 115 रूपये मंहगा हो गया है। जिसका सीधा असर रसोई पर तो पड़ा ही है साथ ही कुछ समय में बाजार पर भी दिखायी देगा। वही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के चलते पेट्रोल, डीजल के साथ सीएनजी व पीएनजी की कीमतों में बढ़ोत्तरी की संभावना है। हालांकि इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के सूत्रों के अनुसार देश में ईंधन की सप्लाई पूरी तरह से सामान्य है तथा पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। तेल कंपनियों ने अपील की है कि पूर्व की घटनाओं की तरह किसी भी प्रकार की अफवाहों पर जनता ध्यान न दें। वही सूत्रों की माने तो भारत सरकार ने ईरान इजरायल युद्ध के चलते तेल कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिये है ताकि एलपीजी सप्लाई सामान्य बनी रहे। युद्ध के हालात कुछ भी हो फिलहाल भारतीय महिलाओं की रसोई का बजट तो युद्ध के चलते बिगड़ ही गया है।

## खबरें एक नजर में

### केजीएमयू में दरगाह के अतिक्रमण को हटाया, होली की छुट्टी के दौरान किया कब्जा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केजीएमयू में मजार के पास फिर से हुए अतिक्रमण को आज हटा दिया गया। इस दौरान काफी गहमा-गहमी रही। भारी पुलिस बल तैनात रही। केजीएमयू प्रशासन ने साफकर दिया कि परिसर में किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने देंगे। प्रॉक्टर डॉ. आरएस कुशवाहा भी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि होली के दौरान कुछ लोगों ने बांस बल्ली लगाकर अतिक्रमण कर लिया था। अतिक्रमण करने वालों की जानकारी नहीं मिली है। अतिक्रमण हटा दिया गया है। हरमैन शाह दरगाह पर ही आगे बांस-बल्ली लगाकर दरगाह के परिसर को बढ़ाने की कोशिश की गई थी। उन बांस-बल्लियों को भी हटाया गया। कार्रवाई करने पहुंची टीम ने बांस-बल्ली निकाली। उन्हें दरगाह के पास में ही रख दिया। कुछ देर बांस-बल्ली वहां से हटाई गई। परिसर में पुलिस बल तैनात है। दरगाह से अतिक्रमण हटाने के बाद कमेटी के लोग पैरामेडिकल साइंस के डीन डॉ. के.के. सिंह से मिलने के लिए पहुंचे। हालांकि, कमेटी के लोग इससे इनकार करते दिखे।

### जिओ स्टोर मैनेजर ने लगाई फांसी घर में लटका मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मड़ियांव इलाके में जिओ स्टोर मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में लटका मिला। पड़ोसी ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान रेहघटना सकरन सीतापुर निवासी पवन कुमार शुक्ला (30) पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में हुई। वह जिओ कंपनी में स्टोर मैनेजर थे। लखनऊ में मड़ियांव के प्रियदर्शनी कॉलोनी में रहते थे। इस वक्त नीलगिरी स्थित जिओ स्टोर पर कार्यरत थे। भाई भानु ने बताया कि शुक्रवार रात 9.30 बजे पुलिस से सूचना मिली कि पवन की तबीयत खराब है। इसके बाद परिवार के लोग लखनऊ पहुंचे तो मौत की जानकारी हुई। उनके कमरे में खून का थोड़ा सा निशान मिला है। परिवार में पत्नी सोनी और बेटा बल्ले मोहन (2) है। पवन पांच भाईयों में तीसरे नंबर पर थे। भाई ने बताया कि होली में घर आए थे। होली के अगले दिन ही लखनऊ आ गए। यहां पर गर्लफ्रेंड शालिनी वर्मा के साथ रहते थे। वो भी सीतापुर की रहने वाली है और किसी स्टोर पर काम करती है। वहीं मामले में पुलिस का कहना है कि फांसी लगाकर आत्महत्या की है। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। उस पर लिखा है, किसी का कोई दोष नहीं है, खुद से आत्महत्या कर रहा हूं। शनिवार शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया गया है। रिपोर्ट और शिकायत के आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

### जेवर कारीगर की जहर पीने से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सआदतगंज इलाके में पत्नी से विवाद के बाद जेवर कारीगर ने जहर पी लिया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। चौपटिया कटरा विजन रोड सआदतगंज शशांक प्रकाश वर्मा (36) ज्वैलरी मेकिंग का काम करते थे। भाई विशाल वर्मा ने बताया कि उनका पत्नी पूजा से काफी समय से विवाद चल रहा है। रोजाना दोनों के बीच झगड़ा होता था। शुक्रवार रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद कमरे में चले गए। रात करीब 10.30 बजे जहरीला पदार्थ पी लिया। जिससे उनकी तबियत बिगड़ने लगी। चीख पुकार सुनकर उनके कमरे में पहुंचे तो अचेत अवस्था में मिले। आनन फानन में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में तीन बच्चे हैं पीहू, बिट्टो और देवराज। मामले में पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्पोर्ट्स टीचर के घर 20 लाख की चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरानगर में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। घर की मालकिन हैदराबाद अपनी बहन के घर गई थी। अपनी दोस्त को पेड़ों में पानी और मछली को खाना देने के लिए चाभी देकर गई थी। इस दौरान चोरों ने मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। बाल विहार कॉलोनी, फरीदी नगर निवासी शिप्रा सिंह निजी स्कूल में स्पोर्ट्स टीचर थी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को वह अपने परिवार सहित हैदराबाद में रहने वाली बहन दीपांजलि सिंह के घर कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। उन्होंने घर में पली मछलियों को खाना देने और पेड़-पौधों में पानी डालने के लिए चाभी अपनी दोस्त शुभाश्री रमन को दी थी। शुभाश्री घर की देखरेख करती थी। शुक्रवार को शाम करीब 4 शुभाश्री पानी और खाना देने पहुंची तो घर के ताल टूटे मिले। उन्होंने घबराकर शिप्रा को कॉल किया और चोरी की जानकारी दी। इस पर उन्होंने वीडियो कॉल करके देखा तो घर के ताले टूटे थे। बेड रूम में रखा बॉक्स व अलमारी टूटी पड़ी थी। उसमें से कीमती सामान गायब था। घटना की जानकारी होते शिप्रा रात करीब 10.30 बजे घर पहुंची। इसके बाद पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के करने के बाद मुकदमा दर्ज किया। शिप्रा ने बताया कि चोरों ने घर में रखा एक लाख कैश और पुस्तैनी ज्वैलरी चुरा ली है। अलमारी में रखी हीरे की नाक की कील सहित कीमती सोने-चांदी के जेवर गायब मिले। इसके बाद चोरों को देखने के लिए डीवीआर देखने पहुंचे तो वो गायब मिला। चोर जाते समय डीवीआर भी उठा ले गए। मामले में इंस्पेक्टर इंदिरानगर अजय नारायण सिंह का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।

# उड़ान भरते ही बंद हुई डिस्प्ले व फैलने लगा धुआं, बाल-बाल बचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक बड़े हवाई हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद उनके सरकारी हेलीकॉप्टर में गंभीर तकनीकी खराबी आ गई।

आसमान में हेलीकॉप्टर के केबिन में अचानक धुआं भरने लगा और कंट्रोल पैनल की डिस्प्ले बंद हो गई, जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई। जानकारी के मुताबिक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को कौशांबी में एक कार्यक्रम में शामिल होना था। इसके लिए उन्होंने लखनऊ के ला मार्टिनियर मैदान स्थित हेलीपैड से उड़ान भरी थी। अभी हेलीकॉप्टर को उड़े कुछ ही मिनट हुए थे कि केबिन में धुआं फैलने लगा। साथ ही पायलट के सामने लगी डिजिटल डिस्प्ले अचानक ठप हो गई। हेलीकॉप्टर के भीतर अचानक पैदा हुए इस संकट से हड़कंप मच गया। पायलट ने बिना देरी किए तुरंत लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और तकनीकी खराबी की जानकारी देते हुए आपातकालीन लैंडिंग की मांग की। अमौसी एयरपोर्ट पर प्राथमिकता के आधार पर रनवे खाली कराया गया और एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया। जैसे ही हेलीकॉप्टर अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरा, सुरक्षा कर्मियों और तकनीकी टीमों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। उपमुख्यमंत्री को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में डिप्टी सीएम या उनके स्टाफ के किसी भी सदस्य को कोई चोट नहीं आई है। प्रारंभिक रिपोर्टों में इसे इलेक्ट्रिकल फॉल्ट माना जा रहा है। नागरिक उड्डयन विभाग की तकनीकी विशेषज्ञों की टीम हेलीकॉप्टर की गहन जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि धुएं और डिस्प्ले बंद होने की असली वजह क्या थी।

## मनरेगा कर्मियों को नहीं मिला मानदेय, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मनरेगा कर्मियों ने लंबे समय से लंबित मानदेय और ईपीएफ भुगतान को लेकर शनिवार को सरोजनीनगर ब्लॉक कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रोजगार सेवकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों, तकनीकी सहायकों और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी रीता सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को संबोधित था। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें जुलाई से अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जबकि ईपीएफ की देयता भी लंबे समय से लंबित है। मनरेगा कर्मियों ने जानकारी दी कि वे विभाग के निर्देशों के अनुसार लगातार लक्ष्यों की पूर्ति में योगदान दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, एसआईआर, क्रॉप सर्वे सहित अन्य विभागीय कार्यों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। इसके बावजूद, विभागीय शिथिलता के कारण उन्हें भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

## अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रही यातायात समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ द्वारा शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में सघन और बहुस्तरीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। जोन-7 के जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में 07 मार्च 2026, शनिवार को जोन-7 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नालियों, नालों तथा सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इस दौरान तकरोही मोड़ से अम्बेडकर चौराहा तथा मटियारी तिराहे से हिमसिटी मोड़ तक विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान टीम ने सड़कों और फुटपाथों पर लगाए गए अवैध ठेले और अन्य अस्थायी संरचनाओं को हटाया। कार्रवाई के दौरान 2 ठेलिया, 10 कैरेट, 5 कुर्सियां और 10 टीन जब्त किए गए, जबकि 3 ठेलिया, 4 काउंटर, 2 गुमटी और 4 अन्य ठेलों को मौके से हटाया गया। शहर में अवैध अस्थायी अतिक्रमण के साथ-साथ होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। जोन-8 में जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में 296 टीम की उपस्थिति में विशेष कार्रवाई की गई। जोन-8 के अंतर्गत खुर्दही बाजार तथा बिजनौर अंडरपास के आसपास अवैध रूप से लगाए गए ठेले और खोपचे हटवाए गए। अभियान के दौरान 1 बड़ा सिलेंडर, 1 छोटा सिलेंडर, 3 प्लास्टिक स्टूल, 2 लोहे के स्टूल, 1 तराजू तथा गन्ने की मशीन की 2 बेल्ट सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

## मध्य कमान में रणनीतिक संचार सम्मेलन आयोजित




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय सेना की मध्य कमान ने 7 मार्च को लखनऊ में अपना पहला स्ट्रेटिजिक कम्युनिकेशन कॉनक्लेव आयोजित किया, जिसमें लगभग 500 लोग शामिल हुए। लखनऊ कैंटोनमेंट के सूर्य ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे में रणनीतिक संचार पर विचार-विमर्श और पैनल चर्चाएँ हुईं। पैनलिस्टों और वक्ताओं में वरिष्ठ राजनयिक, सरकारी संचार विशेषज्ञ और मीडिया जगत से रक्षा और विदेश नीति के विशेषज्ञ शामिल हुए। उपस्थित लोगों में मध्य कमान, भारतीय सेना के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और सरकारी तथा निजी क्षेत्रों के संचार पेशेवर शामिल रहे। सम्मेलन में संस्थागत और राष्ट्रीय सुरक्षा आयामों पर एक विशेषज्ञ नीति-स्तरीय सत्र शामिल था। दो विषयगत मीडिया पैनल चर्चाओं में धारणा प्रबंधन और सूचना शक्ति पर बात की गई, जिसके बाद मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर एक विशेष संवाद सत्र हुआ, जिसमें नीति और परिचालन दृष्टिकोणों को एकीकृत किया गया।

अपने उद्घाटन भाषण में मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा कि संघर्षों की प्रकृति में एक मौलिक बदलाव आया है, क्योंकि अब युद्ध क्षेत्र में सूचना और संज्ञानात्मक क्षेत्र भी शामिल हैं। धारणा प्रबंधन की भूमिका के महत्वपूर्ण होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि धारणा ही वैधता को आकार देती है, वैधता प्रभाव को आकार देती है, और प्रभाव ही परिणामों को आकार देता है। सेना कमांडर ने आख्यानों के हथियार के रूप में इस्तेमाल और युद्ध की सीमा से नीचे के संघर्षों से उत्पन्न खतरे के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि रणनीतिक संचार केवल प्रतिक्रियात्मक, प्रासंगिक या किसी व्यक्ति विशेष पर आधारित नहीं हो सकता, बल्कि इसे संस्थागत बनाया जाना चाहिए, यह सिद्धांत-समर्थित और क्षमता-संचालित होना चाहिए। प्रसिद्ध रक्षा और रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ नितिन गोखले ने मुख्य भाषण दिया, जिसने सम्मेलन के मुख्य विषय उभरते सूचना क्षेत्र में रणनीतिक संचार पर आगे के विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार किया।

पहले सत्र का विषय उभरते सूचना क्षेत्र में भविष्य की तैयारी के लिए एक क्षमता के रूप में रणनीतिक संचार का संस्थागतकरण। इस सत्र का संचालन नितिन गोखले ने किया। राजदूत रुचिरा कंबोज (सेवानिवृत्त IFS - संयुक्त राष्ट्र में भारत की पहली महिला स्थायी प्रतिनिधि), राजदूत यशवर्धन सिन्हा (सेवानिवृत्त IFS) और लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला ने इस सत्र को संबोधित किया।

# भाजपा जाएगी तभी घटेगी महंगाई : अखिलेश यादव

▸ पूर्व डीआईजी राम शरत राम ने थामा सपा दामन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम सामने आया जब पूर्व डीआईजी राम शरत राम ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस मौके पर प्रगतिशील शिक्षक संघ के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी सपा में शामिल हुए।

कार्यक्रम में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर तीखा हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज आम जनता लगातार बढ़ती कीमतों से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुनाफाखोरी और भ्रष्टाचार के कारण महंगाई बढ़ रही है और सरकार इस पर नियंत्रण करने में विफल रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि सरकार वाहनों पर 60 से 70 प्रतिशत तक टैक्स वसूल रही है, जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में रहेगी, तब तक महंगाई से राहत मिलना मुश्किल है। उन्होंने नारा देते हुए कहा कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी घटेगी महंगाई। इस दौरान सपा नेता रवि राठौर ने टैक्सी यूनियन से जुड़े लोगों की समस्याएं भी मंच से रखीं। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा मजदूरों, कर्मचारियों और आम जनता के मुद्दों को उठाती रही है।

भाजपा के 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के मुद्दे पर तंज कसते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि होली के अवसर पर भाजपा ने वन हलवाई, वन मिठाई बांटने का काम किया है। उन्होंने इसे जनता के साथ मजाक बताते हुए कहा कि सरकार को महंगाई और बेरोजगारी जैसे असली मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

## रविवार को भी जमा होगा गृहकर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वर्तमान वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मात्र 24 दिन शेष रह जाने के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन ने गृहकर वसूली में तेजी लाने के निर्देश जारी किए हैं। रविवार के सार्वजनिक अवकाश के दिन, 08 मार्च 2026 में शहर के सभी जोनल कार्यालयों और कैश काउंटरों को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक खुला रखा जाएगा। इस दौरान अधिक से अधिक भवन स्वामियों का कर निर्धारण कराकर संबंधित डाटा की फीडिंग तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा कराया जाएगा, ताकि करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# राजधानी में महिला दिवस से पहले चली शक्ति मेट्रो

▸ मेट्रो के अंदर महिलाओं की गिनाई उपलब्धियां

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




राजधानी लखनऊ में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मेट्रो को एक हफ्ते तक शक्ति मेट्रो के रूप में चलाया जाएगा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने 7 मार्च को एग्जिबिशन ऑन व्हील्स की शुरुआत की। इसके तहत मेट्रो ट्रेन के अंदर इतिहास में महिलाओं की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। उनके बारे में पोस्टर के जरिये बताया गया है।

15 मार्च तक यात्रियों के ये पोस्टर दिखेंगे। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से शक्ति मेट्रो-पिंक मेट्रो का फीता काटकर यूपी मेट्रो के एमडी सुशील कुमार ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) के ÷शक्ति मेट्रो÷ का शुभारंभ हुआ है। इसके तहत एक सप्ताह तक मेट्रो में 'एक्जीबिशन' लगी रहेगी। सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से एमडी सुशील कुमार ने शक्ति मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद प्रबंध निदेशक यूपीएमआरसी के अधिकारियों के साथ विशेष रूप से डिजाइन की गई इस मेट्रो ट्रेन में सवार होकर 'एक्जीबिशन ऑन व्हील्स' का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में भारत की विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रमुख महिलाओं की प्रेरणादायक यात्राओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। यह प्रदर्शनी एक सप्ताह तक चलेगी और मेट्रो में सफर करने वाले यात्री अपने आवागमन के दौरान इसे देख सकेंगे। इसके अलावा 'शो योर टैलेंट' पहल के तहत हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर एक संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। यह सभी के लिए खुला कार्यक्रम रहा, जिसमें महिला यात्री अपने पसंदीदा गीत गाती नजर आई। इस दौरान मेट्रो स्टेशन पर बेहद उत्साह वाला माहौल देखा गया। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली महिलाओं को सम्मानित करके उनके हौसले को बढ़ाया गया।

**सराहनीय** | यूपी में नौ हजार से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप बना रहे नई पहचान

# महिला उद्यमिता में उछाल, उभर रहा नया नवाचार इकोसिस्टम

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता की बढ़ती ताकत साफदिखाई दे रही है। प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार के साथ महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप्स सक्रिय हैं और यह संख्या करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर और सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के साथ मजबूत उपस्थिति और पहचान बना रही हैं।

महिला संचालित स्टार्टअप्स की यह बढ़ती संख्या प्रदेश में बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है, जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को आगे बढ़ा रहा है।

प्रदेश में महिला उद्यमिता के इस विकास के पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों और प्रोत्साहन योजनाओं की अहम भूमिका मानी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू स्टार्टअप नीति और नवाचार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं ने महिलाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है। इन पहलों के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे अपने व्यावसायिक विचारों को वास्तविक उद्यम में बदल पा रही हैं।

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से शुरू किया गया निधि नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हर्नेसिंग इनोवेशन्स कार्यक्रम महिला स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 25 महिला स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस सहयोग से कई महिला उद्यमियों को अपने नवाचार को आगे बढ़ाने और व्यवसाय को विस्तार देने का अवसर मिला है।

स्टार्टअप विशेषज्ञ अजय चतुर्वेदी का कहना है कि शुरुआती दौर में मिलने वाली ऐसी वित्तीय सहायता स्टार्टअप्स के लिए बेहद अहम होती है और इससे नए उद्यमों को टिकाऊ बनने में सहायता मिलती है।वित्तीय समर्थन के मामले में यूपी स्टार्टअप फंड भी महिलाओं के लिए एक बड़ा सहारा बनकर उभरा है।

योगी सरकार द्वारा बनाए गए 1000 करोड़ रुपये के यूपी स्टार्टअप फंड में से अब तक लगभग 325 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। इनमें 900 से अधिक महिला स्टार्टअप्स को लाभ मिला है। यह वित्तीय सहयोग महिलाओं को अपने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने और बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता प्रदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों की महिलाएं भी इसमें सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। कई महिला उद्यमी टेक्नोलॉजी आधारित समाधान, एग्रीटेक प्लेटफॉर्म और सेवा क्षेत्र में नए मॉडल विकसित कर रही हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि नवाचार को भी नई दिशा मिल रही है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
जन शिक्षण संस्थान
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरका
दक्षता की ओर बढ़ते कदम
Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च 2026
नगला दीना रेलवे स्टेशन, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद
निदेशक-जन शिक्षण संस्थान

## खबरें एक नजर में

### पैदल जा रही वृद्ध महिला का पैर ट्रक ने कुचला, रेफर



**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** खुटार के तिकुनिया स्थित मैलानी रोड पर शनिवार दिन में करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क पर पैदल चल रही 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। सूत्रों के मुताबिक महिला दवा लेने के लिए जा रही थी तभी रास्ते में रोड के किनारे तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई जिससे महिला का पैर बुरी तरीके से कुचल गया। घायल महिला की नाम शांति देवी (65 वर्ष), पत्नी स्वर्गीय डोरेलाल, निवासी ग्राम निपनिया, थाना फरधान जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची खुटार पुलिस के द्वारा ट्रक को कब्जे में ले लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा वृद्ध महिला की हालत को गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में बच्चों ने मारी बाजी



**कॉट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पल्हौरा के आठ छात्रों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में बाजी मारी।जिसमें 146 अंक लाकर देवांश दीक्षित ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा स्वाती ने पांचवा स्थान, शिवम पाल ने नौवां,प्रियांशु शुक्ला, प्रियांजल शुक्ला, कौशिव, सरोज ने भी छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों की इस उपलब्धि के लिये अभिभावकों ने विद्यालय के समस्त स्टाफ की सराहना की।विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवनीश कांत पाण्डे ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### तिलहर में 23 शिकायतों में दो का निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** एसडीएम दयानंद सरोज की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आई 23 शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम ने सर्व प्रथम पुरानी शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। और संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए इस मौके पर गांव जन्यूरी निवासी राहुल ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से इस महीने का फरवरी महीने का बिल अधिक भेजा गया है। जिसे सही कराया जाए। अवैध कब्जों की शिकायतें अधिक आने पर एसडीएम ने राजस्व कर्मचारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ ज्योति यादव, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, कोतवाल जुगल किशोर पाल, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### राज्य महिला आयोग सदस्य 9 को करेगी जनसुनवाई

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** सदस्य राज्य महिला आयोग सुजीता कुमारी द्वारा दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेगी। वह 9 मार्च सोमवार को 11 बजे विकास भवन सभागार में जनसुनवाई एवं निगोही ब्लॉक में दोपहर 3 बजे से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होगी। राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के विकास भवन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई में आयोग की सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जानकारी डीपीओ गौरव मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला को कोई शिकायत दर्ज करानी हो तो वह अपने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हो सकती हैं। महिलाओं से अपील हैं कि वह अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई में भाग लें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।

### अवैध निर्माण का आरोप, बजरंग दल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

#### 10 दिन में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** कलान तहसील में भारतीय बजरंग दल ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण का आरोप लगाया है। यह ज्ञापन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुनिराज सिंह के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील कलान की ग्राम सभा मोहम्मदपुर गुलरिया में बिना अनुमति एक अवैध धार्मिक स्थल का निर्माण कराया जा रहा है। संगठन का आरोप है कि यह निर्माण सब्बीर अली द्वारा चोरी-छिपे कराया जा रहा है, जिसका स्थानीय हिंदू समाज विरोध कर रहा है। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि जिस स्थान पर निर्माण हो रहा है वह नदी की सरकारी जमीन है और राजस्व अभिलेखों में हिंदुओं के नाम दर्ज हैं।

# खुटार में निकली भव्य शोभा यात्रा, हजारों की संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद

- सुंदर झांकियों और जयकारों से भक्तिमय हुआ खुटार, 10 मार्च को होगा श्री बालाजी का भव्य जागरण

समृद्धि न्यूज



**खुटार, शाहजहांपुर।** विगत वर्षों की भांति इस बार भी खुटार में 10 मार्च को आयोजित होने वाले श्री बालाजी के भव्य जागरण के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के जयकारे लगाए और फूलों की वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। यह शोभा यात्रा मां पथवारी मंदिर से प्रारंभ होकर तुकनिया-मैलानी रोड होते हुए लंगोटी बाबा मंदिर तक पहुंची और वहां से आगे बढ़ते हुए जागरण स्थल मैदान पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। डीजे और भक्ति संगीत के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण धार्मिक रंग में रंग गया। यात्रा में कई सुंदर और आकर्षक झांकियां भी निकाली गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। झांकियों में , भगवान राम, माता सीता राधा कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां दिखाई गई। इन झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे खड़े होकर निहारते रहे और श्रद्धा भाव से दर्शन किए। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की। शोभा यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इसके अलावा क्षेत्र के कई थानों की पुलिस फोर्स भी तैनात रही, जिससे शोभा यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कुछ खामियां भी नजर आई भारी पुलिस बल मौजूद था, लेकिन इतनी बड़ी भीड़ के बावजूद फायर ब्रिगेड व मेडिकल टीम मौके पर दिखाई नहीं दी, जिसे लेकर कुछ लोगों में चर्चा भी होती रही। हालांकि पुलिस प्रशासन की निगरानी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि 10 मार्च को खालसा प्लाटिंग के मैदान में श्री बालाजी का भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से प्रसिद्ध भजन गायक और कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। जागरण में शाहजहांपुर से भजन गायक शुभम रंगीला, उत्तराखंड के रुद्रपुर से अमन सांवरिया, मुंबई (महाराष्ट्र) से सुमित सैनी और अंतर्राष्ट्रीय भजन गायिका अंजलि द्विवेदी (बरेली) अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगी। आयोजकों के अनुसार जागरण को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

## एडीएम ने सुनी जनता की समस्याएं, दिए समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज



**पुवायां, शाहजहांपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम एफआर अरविंद कुमार, एसडीएम चित्रा निर्वाल व सीओ प्रवीण मलिक ने जनता की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को जल्द से जल्द जनता की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए निर्देश किया। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 44 शिकायतें आई जिसमें 19 राजस्व, 6 विकास, 1 समाज कल्याण, 9 पुलिस 9 अन्य शिकायतें आई। जिसमे एडीएम एफआर अरविंद कुमार व एसडीएम चित्रा निर्वाल ने 4 शिकायतें का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इसी बीच आशीष कुमार निवासी करवालो नगर, कानपुर ने एडीएम को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें बताया की उसकी चौराहा बाजार में दुकान है जो दुकान वर्तमान में क्षतिग्रस्त पड़ी है। उसका दोबारा पुनर्निर्माण कराया जा रहा है लेकिन मेरी दुकान के आगे एक राजा के नाम से पत्थर लगा हुआ है जिस कारण राहगीरों के आवागमन में परेशानी होती है और जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। यह पत्थर मार्ग में आवागमन बाधित कर रहा है इसलिए इस पत्थर को हटबाया जाए।

## पूर्णागिरी दर्शन के लिए 20 लोगों का जत्था साइकिल से हुआ रवाना



**शाहजहांपुर।** कहते हैं दिल में जब अटूट विश्वास हो श्रद्धा हो तो प्रभु के दर्शन आवश्यक होते हैं यही दृढ़ विश्वास के साथ हरदोई जनपद के थाना टनियावा पोस्ट हरिहरपुर ग्राम सिहोना से 20 लोगों का जत्था उत्तराखंड के टनकपुर स्थित महा पूर्णागिरि के दरबार में माथा देखने के लिए चल दिया दिल में अटूट विश्वास और भक्ति को लेकर साइकिल से 20 लोगों का जाप था सुबह 5:00 बजे हरदोई जनपद के पोस्ट हरिहरपुर से निकला सड़क मार्ग से होते हुए दोपहर बाद यहां नहीं खेड़ा में सड़क के किनारे बाग में बैठकर सभी लोगों ने भोजन किया उसके बाद भक्तों की टोली आगे के लिए रवाना हो गई दोपहर बाद 3:00 बजे हथोड़ा बुजुर्ग गांव में एक पापड़ी के ठेले पर नाश्ता किया और कुछ देर छांव में विश्राम करने के लिए रुक गए आगे के लिए रवाना हुए भक्तों के मुखिया डॉक्टर शोभित सिंघानिया ने बताया प्रतिवर्ष साइकिल से यात्रा करते हैं और 6 दिन में वापसी आते हैं पांच बार पहले दर्शन कर चुके इस बार छठी बार जा रहे हैं सभी की साइकिल पर किसी की साइकिल पर पंप किसी की साइकिल पर सोलर लाइट किसी की साइकिल पर बर्तन बना खाना बनाने के बर्तन किसी की साइकिल पर राशन किसी की साइकिल पर बिस्तर हर कोई अपनी साइकिल पर जरूर का सामान बांधकर मां पूर्णागिरि के भजन बजाते हुए चले जा रहे थे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

- डीएम ने फरियादियों की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस सहित आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के साथ समस्या निस्तारण के समय जीपीएस लोकेशन सहित फोटो अवश्य लें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के दौरान मौके पर लिया गया फोटो भी अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड किया जाए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस शिकायतों को गलत तरीके से स्पेशल क्लोज किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि ऐसा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में आए लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलान में सीडीओ ने शिकायतों को सुना



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** शनिवार को तहसील कलान में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने इस दौरान विभिन्न विभागों से संबधित प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए तथा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही न बरतें और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। खेत, खलिहान, मेड़, साफ सफाई व आवास संबधित शिकायतों को ससमय निस्तारण के लिए अधीनस्थों को कहा।

# कार्यशील पूंजी ने छुआ 1000 करोड़ का ऐतिहासिक आंकड़ा : जितिन प्रसाद

- जिला सहकारी बैंक शाहजहांपुर की 87वीं वार्षिक बैठक संपन्न



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड शाहजहांपुर की 87वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारत सरकार के राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बैंक की शानदार वित्तीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए किसानों से कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री के 'सहकार से समृद्धि' विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार सहकारिता आंदोलन को पारदर्शी, जवाबदेह और जीवित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैंक के 87 वर्षों के लंबे और सफल सफर को जनता के प्रति अटूट निष्ठा का प्रमाण बताते हुए श्री प्रसाद ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के शानदार आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि यह बैंक और जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है कि बैंक की कार्यशील पूंजी ने पहली बार 1000 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है और यह 1004.36 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। किसानों और जमाकर्ताओं के बढ़ते विश्वास के चलते बैंक की अंशपूंजी 27.95 करोड़ रुपये से भारी उछाल के साथ 41.48 करोड़ रुपये हो गई है। लाभप्रदता के मोर्चे पर भी बैंक ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है; बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के 1.02 करोड़ रुपये से सीधे दोगुना होकर 2.07 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा, 75.03% के सुधरे हुए रिकवरी रेट और मात्र 0.84 प्रतिशत के नेट एनपीए के सुरक्षित स्तर के साथ बैंक ने अपना ;'' श्रेणी का ऑडिट वर्गीकरण बरकरार रखा है। वर्तमान में बैंक की 22 में से 20 शाखाएं मुनाफे में संचालित हो रही हैं। किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने खेती में आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृषि को केवल पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। तकनीक के माध्यम से मौसम का सटीक पूर्वानुमान, मिट्टी की गुणवत्ता का वैज्ञानिक विश्लेषण, सही समय पर बुवाई और फसल में लगने वाले रोगों की पहले से पहचान करना अब संभव हो गया है। उन्होंने अन्नदाताओं से अपील की कि वे उपज बढ़ाने, लागत कम करने और अपनी आय दोगुनी करने के लिए खेती में इन उन्नत तकनीकों और स्मार्ट समाधानों को तेजी से अपनाएं। उत्तर प्रदेश सहकारिता विभाग की अभिनव पहलों का जिक्र करते हुए राज्यमंत्री ने बताया कि राज्य में समितियों को बहुउद्देशीय बनाकर उन्हें 'कॉमन सर्विस सेंटर' के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक पूरे प्रदेश में 3000 से अधिक बी-पैक्स का कंप्यूटरीकरण किया जा चुका है।

# चंडीगढ़ में हार्ट अटैक से भारतीय सेना के जवान सत्यदेव का निधन

- मां ने समाधि स्थल के लिए की सरकारी जमीन की मांग की

समृद्धि न्यूज



**बंडा, शाहजहांपुर।** पंचकुला (चंडीगढ़) में तैनात भारतीय सेना के 38 वर्षीय जवान सत्यदेव का हृदयाघात से इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव बाबूपुर (बंडा) लाया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने अंतिम दर्शन किए। अंतिम संस्कार के दौरान सेना के जवानों ने उन्हें पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। सत्यदेव 906 एडी बटालियन में नायक के पद पर तैनात थे और उन्होंने भारतीय सेना में 19 वर्षों तक निष्ठापूर्वक सेवा दी थी। दो साल बाद उन्हें रिटायरमेंट मिलने वाला था। उनकी अकस्मात मौत से पूरा परिवार शोकाकुल है। मां रामकली, पिता रामकृष्ण, भाई प्रदीप, संदीप व पुष्पेंद्र, पत्नी गोदावरी तथा पुत्र अजीत उर्फ नीलेश, अर्पित उर्फ अंश और ऋषि उर्फ सुलक्ष्य का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों के अनुसार, 4 मार्च होली के दिन सुबह करीब 11 बजे सत्यदेव को उनके कमरे में ही तीन बार हार्ट अटैक आ गया। तत्काल उन्हें पंचकुला स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन रात करीब नौ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। शव को सेना की गाड़ी से बंडा के बाबूपुर गांव लाया गया। सरकारी विद्यालय में अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी। गांव में शोक की लहर दौड़ गई।अमर शहीद जवान सत्यदेव की मां रामकली ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि उनके पुत्र की समाधि स्थल के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराई जाए, ताकि एक समर्पित समाधि स्थल बनाया जा सके। उन्होंने कहा, 'मेरा लाल देश के लिए शहीद हुआ, अब सरकार उसकी स्मृति को अमर रखने में सहयोग करे।

## चित्रा टॉकीज शाहजहाँपुर में आज से आयोजित होगा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** परमपूज्य ब्रम्हलीन स्वामी श्री भागवतानंद सरस्वती जी की कृपा से विगत वर्षों से आयोजित होने वाले 'श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह' का आयोजन इस वर्ष भी होने जा रहा है। यह इस वर्ष का 28वां आयोजन है। जिसमें वृंदावन से पधारे कथाव्यास डॉ0 दामोदर दीक्षित (साहित्य, व्याकरण एवं संगीताचार्य) कथा श्रवण करायेंगे। साथ ही अनेक संत महापुरुष, हरिद्वार, ऋषिकेश, बिठूर, पटना, उरई आदि स्थानों से पधारेंगे, जिनके सानिध्य व आशीर्वचन का लाभ भी प्राप्त होगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन चित्रा टॉकीज में रविवार 08 मार्च 2026 से प्रारम्भ होकर रविवार 15 मार्च 2026 तक चलेगा। कथा का समय प्रातः 8:00 बजे से 10:30 बजे तक तथा सायंकालीन सत्र 03:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक रहेगा तथा रविवार 15 मार्च 2026 को दोपहर 12:30 बजे कथा विश्राम होगी, तदोपरांत भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। आयोजन में मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना सपरिवार रहेंगे । खन्ना परिवार ने सभी को सपरिवार पूज्य संतों की अमृत रूपी वाणी सुनने/कथा श्रवण हेतु सादर आमंत्रित किया है। एवं विशेष रूप से रविवार 15 मार्च 2026 को दोपहर 12:30 बजे से भंडारा प्रसाद ग्रहण करने हेतु सादर आमंत्रित किया है।

# कवि सम्मेलन व मुशायरे में शायरों ने समां बांधा

- .....प्यार के कटोरे में गंगा का पानी : मंजर भोपाली
- आईपीएस एसएम सहाय की ड्योढी पर 26 कवि सम्मेलन व मुशायरा



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** वरिष्ठ आईपीएस शिव मुरारी सहाय के निज निवास हिन्दुपट्टी ड्यूढी पर होली के उपलक्ष्य में हर साल की भांति 26 वाँ कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया । जिस में हिंदुस्तान के मशहूर शायरों व कवियों ने शिरकत कर कलाम पेश किए। मुशायरे में उत्तर प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना व मीरानपुर कटरा के विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस मौजूद रहे।

हिंदुस्तान के मशहूर शायर मंजर भोपाली ने अपनी गीत व ग़ज़लों से समा बांध दिया। उन्होंने सुनाया -

तुम भी पियो हम भी पीएं रब की मेहरबानी, प्यार के कटोरे में गंगा का पानी। दिल्ली से आए शायर इक़बाल अशर ने सुनाया - उर्दू है मेरा नाम मैं खुसरो की पहली, मैं मीर की हमराज़ हूं ग़ालिब की सहेली । हिमांशी बाबरा ने सुनाया - दिल ऐसे मुब्तिला हुआ तेरे मलाल में, जुल्फें सफेद हो गई उन्नीस साल में। चराग़ शर्मा ने सुनाया - तितली का शौक़ है न गुलाबों का शौक़ है, मेरी तरह उसे भी किताबों का शौक़ है। अफ़ज़ल इलाहाबादी ने कहा : मेरी तामीर मुकम्मल नहीं होने पाती, कोई बुनियाद हिलाता है चला जाता है। अनवर अमान ने सुनाया-ये काम कितने सलीके से कर गया कोई, नज़र के रास्ते दिल में उतर गया कोई। पंडित सुनील सौम्य ने सुनाया - भावनाओं से पतला तरल भी नहीं, वेदनाओं से बढ़कर गरल भी नहीं।

प्रीति पाण्डेय ने सुनाया - जब जी चाहे उठा करेंगे जब जी चाहे सोएं, आधे कपड़े तुम धो लेना आधे को हम धोएं। नदीम फर्रुख ने फरमाया - अगर ज़बान अता की है तो सदा भी दे, वगरना हरफे गलत की तरह मिटा भी दे। शाश्वत सिंह दर्पण ने सुनाया - प्यार में उसके सारी बातें खिलते फूल के जैसी हैं, और गुस्से में बोला जुमला बात नहीं है आरी है। गुलिस्तां खान ने सुनाया - दो साए कड़ी धूप में एक जान हुए है, इस बात से कुछ लोग परेशान हुए हैं।

## दहेज हत्या के आरोप में पति समेत 8 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के आरोप में पति समेत परिवार के सभी आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, मृतका के पिता ने आरोपियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार के गांव मऊ बासक निवासी नन्दराम ने अपनी पुत्री ऊषा देवी की शादी 6 वर्ष पूर्व पुवायां थाना के गांव रहदेवा में श्याम बाबू के पुत्र राजीव के साथ की थी। ऊषा देवी के दो बच्चे पुत्री चांदनी(5) तथा पुत्र रितिक(3) है। नन्दराम ने आरोप लगाते हुए बताया कि बेटी ऊषा के ससुराल बाले आय दिन अतिरिक्त दान दहेज की मांग करते थे, 3 वर्ष पूर्व दामाद राजीव को मकान बनाने के लिए एक लाख पचास हजार रुपए दिए थे जिसके बाद बेटी ऊषा जब मायके आई तो उसने बताया कि ससुराल वाले उसको दहेज के लिए बहुत परेशान करते है तथा पति राजीव की शादी अन्य किसी के साथ करना चाहते है जिसके वह संपर्क में रहता है। इसी बीच 5 मार्च को ऊषा के ससुराल बालों पति राजीव, ससुर श्याम बाबू, संजू, गुड्डू, नेत्रपाल, सास रामश्री, तथा ननद रिंकी और सुनीता ने मिलकर ऊषा को मारा पीटा और फांसी के फंदे पर लटका कर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतका ऊषा देवी के पिता नन्दराम की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल रवि करन सिंह ने बताया कि महिला की मौत के बाद पीएम कराया गया था घटना संदिग्ध लग रही थी, रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### 9 मार्च से पुलिसकर्मी पहनेंगे ग्रीष्मकालीन वर्दी

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के अनुसार 9 मार्च से पुलिस कर्मचारी दिन में ग्रीष्मकालीन वर्दी पहनेंगी और रात्रि में मौसम के अनुसार अथवा अपनी इच्छा के अनुसार ग्राम वर्दी पहनेंगी और 22 मार्च से दिन और रात दोनों समय ग्रीष्मकालीन वर्दी पहने जाएगी। वैसे नहीं मानसर वर्दी 15 अप्रैल और 15 अक्टूबर से बदलती है, लेकिन इस बार पहले मौसम बदलने के कारण तापमान में बढ़ोतरी होने के कारण 9 मार्च से ग्रीस कालीन वर्दी दिन में पहन सकेंगे और रात में अपनी इच्छा अनुसार और मौसम के अनुसार लेकिन 22 मार्च से दिन और रात 24 घंटे ग्रीष्मकालीन वर्दी पहनी जाएगी।

### 800 घरों में नहीं आया पानी, परेशान हुए लोग

**शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी के लगभग 800 घरों में दोपहर में पानी नहीं आया, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी रमजान के माह में पानी न आने से काफी लोगों को दिक्कत थी वहीं दूसरी और बिना सूचना दिए पानी की सप्लाई बंद कर दी गई जिस कारण लोगों ने पानी का स्टॉक नहीं कर पाया पानी का स्टाफ न होने से रेल कर्मचारी और रेल कर्मचारी के परिवार वालों को गर्मी शुरू होते ही पानी की काफी दिक्कत हुई इस संबंध में सीनियर सेक्शन इंजीनियर कौशल स्वास्थ्य से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया दो पानी के टैंक की सफाई की गई थी जिस कारण दोपहर का पानी की सप्लाई बंद करनी पड़ी देर शाम 6:30 बजे पानी की सप्लाई चालू हो जाएगी।

### विधायक सलोना कुशवाहा ने केक काटकर मनाया जन्मदिन



**तिलहर - शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि के बहादुरगंज स्थित निवास पर तिलहर विधान सभा क्षेत्र की भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। शनिवार अपरान्ह करीब चार बजे सौरभ गुप्ता रवि के आमंत्रण पर विधायक सलोना कुशवाहा उनके निज निवास पर पहुंचीं । इस दौरान उन्होंने समर्थकों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया । इस मौके पर हरि मोहन गुप्ता , रवि कुमार मार्य, शशांक गुप्ता के अलावा रवि के परिवारी सदस्य भी मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से महिला गंभीर घायल, चालक भी चोटिल

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन कस्बे में शनिवार दोपहर सड़क पार कर रही एक महिला बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में बाइक चालक को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार टाटराबाद निवासी संदीप ( 25 ) पुत्र रामभरोसे शनिवार को करीब 12:03 बजे बाइक से गढ़िया रंगीन की ओर जा रहा था। इसी दौरान कस्बे की निवासी शोभा देवी पत्नी धीरेन्द्र सड़क पार कर रही थीं। तभी अचानक बाइक की टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में शोभा देवी के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि बाइक चालक संदीप की आंख के ऊपर भी चोट लगने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 और गढ़िया रंगीन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल महिला को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़िया रंगीन भिजवाया, लेकिन वहां डॉक्टर के मौजूद न होने के कारण परिजन उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैतीपुर ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। गढ़िया रंगीन थाना पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

### वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक

**समृद्धि न्यूज। रौजा, शाहजहांपुर।** नगर विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नगर निगम के जोनल कार्यालय रौजा क्षेत्र के अंतर्गत गांव बल्लिया स्थित पंचायत घर तथा नोटीफाइड एरिया स्कूल में बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने बीएलओ को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से जुड़े कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था की



महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में पार्षद अरविंद राजपाल, अजय कुमार गुप्ता, अनिल सिंह, अरविंद सक्सेना, विनीत शुक्ला,अजय कुमार वर्मा उर्फ छर्र गोलू ,गुल मोहम्मद समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने को लेकर भी चर्चा की गई। मंत्री ने सभी से समन्वय बनाकर कार्य करने और जनता के हितों को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

### डीएम ने सुपरवाइजर का स्पष्टीकरण व बीएलओ को नोटिस जारी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा पुवायां के ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजरों एवं संबंधित कार्मिकों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत नो-मैपिंग वाले एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी



मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई एवं प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रगति के संबंध में एईआरओ एवं सुपरवाइजरों से नो-मैपिंग वाले एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की जानकारी प्राप्त की। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रगति खराब होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि अगले दो दिवसों में नो-मैपिंग वाले एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की प्रगति का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने सुपरवाइजर राघवेंद्र की प्रगति ठीक न होने पर स्पष्टीकरण तथा बीएलओ अंजू देवी, रजनीश शुक्ला, मंजू शुक्ला, गरिमा, दिग्विजय देवी एवं कल्पना के विरुद्ध नोटिस जारी तथा बीएलओ मोहम्मद जाहिद को सस्पेंड तथा ओंकार की सेवा समाप्ति करने के निर्देश दिए। रविवार को सभी लोग क्षेत्र में भ्रमण करके लोगों से मिलकर के लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी और नो मैपिंग के जितने भी लंबित प्रकरण हैं, सभी में हेयरिंग शत प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित करें। नो-मैपिंग वाले एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए तथा संबंधित कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फाल्गुन महोत्सव में खिले फूलों के रंग वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बढ़ाया उत्साह

- चित्रा टॉकीज परिसर में वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड का भव्य आयोजन, फूलों की होली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

समृद्धि न्यूज




**शाहजहांपुर।** वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड की ओर से चित्रा टॉकीज परिसर में विगत वर्षों की भांति 'फाल्गुन महोत्सव 2026' का बीती रात्रि भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर फूलों की होली खेली और उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियों के साथ स्कूली बच्चों के नृत्य और फूलों की होली ने समां बांध दिया। सुप्रीत मौर्य और सोनम मिश्रा सहित कलाकारों ने भजन व होली गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का कार्यक्रम अध्यक्ष नीतू गुप्ता, डॉ. दीपा दीक्षित, वर्षा गोस्वामी, रिद्धि बहल, रंजना तिवारी व स्वाति सिंह आदि ने बुके भेंट कर स्वागत किया। वहीं महासचिव सतीश सक्सेना, ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, अनुजदेव गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, संजय अग्रवाल और कौशलेंद्र मिश्रा आदि ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। अपने संबोधन में मंत्री खन्ना ने कहा कि भारत के त्योहार हमें हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ते हैं। ऐसे आयोजन समाज में आपसी मेल-मिलाप और खुशियां बांटने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में हास्य कवि अजीत शुक्ला (हरदोई) और दिनेश रस्तोगी ने अपने काव्य पाठ से लोगों को खूब गुदगुदाया, जबकि फैसल फैज(शाहजहांपुर) ने भी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव तथा स्वच्छता अभियान प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा उद्योगपति अशोक अग्रवाल, अनुज देव गुप्ता, पार्षद प्रदीप सक्सेना, हेमा अग्रवाल, रवि मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, शासकीय अधिवक्ता विशंभर दास गुप्ता, शिवम, अनुपम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में वीआईपी ग्रुप की ओर से कूपन के माध्यम से लकी ड्रा निकालकर लोगों को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम अध्यक्ष नीतू गुप्ता की ओर से अतिथियों को गमले सहित पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा ने किया।

## तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क पार कर रहे साइकिल चालक को मारी टक्कर

- तीन लोग हुए घायल दो की हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर



**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के नौगामा गांव के सामने सड़क पार करने के दौरान जरियांपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सड़क पार कर रहे साइकिल में टक्कर मार दी मोटरसाइकिल सहित तीन लोग घायल हुए। जलालाबाद थाना क्षेत्र के नौगामा गांव के सामने बाइक ने मारी टक्कर मंजेश पुत्र रामदास निवासी नौगामा रौली बौरी साइकिल से घर पर जा रहे थे। जिसमे बाइक चालक विक्की कटेरिया पुत्र सीताराम और पीछे बैठा युवक रोहित पुत्र बेदराम निवासी गांव नगरा थाना कटरा, रहने वाले लोग जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव रैपुरा में बहन के यहां होली मिलने आए थे और होली मिलने के वाद बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। मौजूद लोगों ने बताया जलालाबाद से गांव जा रहा था और रोड पर कर रहा था तभी उधर से आई तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल द्वारा सड़क पार कर रहे युवक के टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक थी कि सड़क कर रहा साइकिल सभा उछलकर दूसरी साइड जाकर गिराया और वही बाइक चालक रोड पर घसीटें हुए काफी दूर तक चले गए. मौजूद लोग भाग कर घायलों के पास पहुंचे और उन्हें सड़क से उठाकर साइड से किया और पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया यहां पर दो की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## कोयला ज्ञानपुर के विकलांग बच्चे का नहीं बन रहा प्रमाण पत्र

पिता दो माह से काट रहे चक्कर, डीएम से की शिकायत



**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के गांव कोयला ज्ञानपुर निवासी सत्य पाल पुत्र बहोरन दो माह से अपने विकलांग पुत्र के लिए प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला मुख्यालय व तहसील के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों के बहाने उन्हें निराश ही मिल रही हैं। शनिवार को जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में सतपाल ने बताया कि उनका गांव जिला व तहसील मुख्यालय से काफी दूर है। फिर भी, सीएमओ कार्यालय व पुराना जिला अस्पताल पहुंचने पर हर बार कोई न कोई बहाना बना दिया जाता है। 'मेरा बेटा विकलांग है, लेकिन प्रमाण पत्र न होने से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा,' सत्य पाल ने दर्द भरे लहजे में कहा।उन्होंने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप कर पुत्र का विकलांग प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है। अब सवाल यह है कि क्या डीएम इस मामले में कार्रवाई करेंगे या सतपाल को और इंतजार करना पड़ेगा।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान ने किया होली मिलन समारोह

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** शनिवार को वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के तत्वावधान में लोक पर्व होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार के पेंशनर्स कक्ष में संपादित किया गया, जिसमें संगठन के सभी सदस्य एवं पदाधिकारीगण ने एक दूसरे से गले मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा सभी ने होली का सूक्ष्म जलपान ग्रहण किया एवं सरकार से आठवीं वेतन आयोग को यथाशीघ्र लागू करने के संबंध में आपसी चर्चा कर मांग की।



अंत में ऋषीकांत त्रिपाठी द्वारा प्रदत्त गोविंद दर्शन पुस्तक का जिला अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह द्वारा विमोचन किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को पुस्तक का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने तथा अध्यक्षता प्रेमपाल सिंह ने की। होली मिलन कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष रवि शर्मा जिला अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी मंत्री ज्ञानेश तिवारी शुक्ला संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश मिश्रा कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र शुक्ला उमेश चंद्र पाठक हर प्रसाद पांडे ऋषिकांत त्रिपाठी बाल गोविंद दीक्षित विजय शंकर पांडे महेश चंद्र वर्मा अशोक मिश्रा रामेंद्र मिश्रा गजेंद्र प्रसाद शर्मा कृपा शंकर अग्निहोत्री विमलेश बाजपेई सूर्यकांत शुक्ला दिनेश चंद्र शुक्ला सर्वेश गुप्ता हरि नंदन शर्मा मीना कुमारी संजय सक्सेना सत्यदेव कश्यप शशि शेखर दीक्षित चंद्रप्रकाश दीक्षित सरोज श्रीवास्तव भूपेंद्र निगम सुशील प्रकाश शर्मा रुकुम नारायण मिश्र आनंद गुप्ता मुन्नालाल शर्मा देवेश शुक्ला सुशील कुमार आदि ने प्रतिभा किया।

# राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सप्त दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद के प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आज सप्त दिवसीय विशेष शिविर शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित, दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कृष्णा सिंह ने स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व निर्माण हेतु सर्वोच्च मंच प्रदान करता है। इस मंच के माध्यम



से स्वयंसेवकों में समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराता है, उन्होंने स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, कौशल विकास में युवा जैसे मुद्दों से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ यादेंद्र कुमार आर्य ने किया उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में जन जागरूकता अभियान चलाकर स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं को व्यक्तित्व निर्माण हेतु एक अवसर प्रदान करता है। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर मुद्दों पर नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति, पवन कुमार यादव, सत्य प्रकाश, उज्जवल, मोनी सिंह, काशिफा बानो, हिमांशु वर्मा, शिवांगी, सिंटू माथुर, अमित कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## 'एआई से बदलेगी देश की तस्वीर' : जितिन प्रसाद



**शाहजहांपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज अपने आवास प्रसाद भवन से मोहल्ला आनंदपुरम कॉलोनी स्थित परिहार कॉटेज पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट के आवास पर पहुंचे और होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परिहार बंधु हमारे पारिवारिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने आगे एआई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई से देश की तस्वीर बदलेगी और यह देश के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए वरदान साबित होगी। आने वाले समय में एआई के उपयोग से अधिकांश समस्याओं का सरलीकरण होगा। इस मौके पर कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने जितिन प्रसाद और ददरौल के विधायक अरविंद सिंह को पटका पहनाकर स्मृति चिह्न दिया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भन्नू, कैंट के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित, मोती मिश्रा, आलोक प्रताप सिंह, भोला, आर्यन सिंह परिहार, पार्षद अनूप मौर्य, शैलेंद्र प्रताप सिंह मौर्य, रणजीत सिंह चौहान, शशि मोहन अग्निहोत्री, और जलालवाद से चेयरमैन प्रत्याशी रहे गोपाल मोहन द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम के जयकारों से गूंजा फरेंदा कस्बा, भव्य कलश एवं निशान यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** फरेंदा कस्बे में शुक्रवार को आस्था और भक्ति का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। श्री श्याम शक्ति धाम मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय मूर्ति पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में राजस्थान आदर्श सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य कलश एवं निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। श्रद्धालु हाथों में निशान और ध्वज लिए, ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते और 'खाटू श्याम की जय' के जयकारे लगाते हुए पूरे कस्बे में भक्ति का माहौल बना रहे थे। निशान यात्रा की शुरुआत कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर से हुई, जो आंबेडकर तिराहा, बस स्टैंड, विष्णु मंदिर, मिल गेट और धानी ढाला होते हुए श्री श्याम शक्ति धाम मंदिर पहुंची।

## आठ माह से वेतन न मिलने से रोजगार सेवक भूखमरी के कागार पर

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** विकास खंड फरेंदा में तैनात रोजगार सेवकों को आठ माह से वेतन न मिलने से भूखमरी के कागार पर पहुंच गये है। जिंससे उनकी घर गृहस्थी बाधित हो गई।आलम यह रहा कि 52 रोजगार सेवकों को आठ माह से वेतन न मिलने से उनके बच्चे अबीर गुलाल व पिचकारी के लिए तरह गये।वह अपनी होली की खुशी सम्बन्धित अधिकारियों को कोसते हुए नहीं मनाएं। आज आलम यह हो गया है कि उनका परिवार शिक्षा स्वास्थ्य, एवं विकास से वंचित हो गया है। रोजगार सेवकों ने बताया कि हम लोगों से रोज मर्रा की चीजें कोसों दूर हो गई है।

# पिता पुत्र सहित तीन पर रिपोर्ट दर्ज

गुरूवार को युवक ने की थी आत्महत्या, तीनों पर आत्महत्या के उकसाने का मामला दर्ज

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा के गांव रामापुर पींग में गुरूवार की देर रात एक युवक ने पिता की डांट से क्षुब्ध होकर अपने ही खेत में आम के पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के संबंध में मृतक के पिता ने गांव के ही पिता पुत्र सहित तीन लोगों के विरूद्ध आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। ज्ञात रहे कि गुरूवार की देर रोजा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर पींग निवासी महेश का 18 वर्षीय पुत्र गौरव होलिका दहन के लिए बाल्मिक समाज के यहां लगे कुछ पेड़ काट लाया था। जिसको लेकर वाल्मीक समाज के लोगों ने विरोध किया था और देख लेने की धमकी दी थी। जब इस बात की जानकारी गौरव के पिता महेश को लगी तो उन्होंने गौरव को डाट दिया था। बताते हैं कि गौरव रात को खाना खाकर सो गया था। रात ग्यारह बजे करीब वह उठा और अपने खेत में रस्सी लेकर गया। जहां उसने पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार की देर शाम मृतक के पिता महेश ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसके पुत्र गौरव 3 मार्च को देर शाम अपने भाई व अन्य मित्रों के साथ होली की लकड़ी काटने जंगल मे गया था। लकड़ी काटने को लेकर गाँव के ही वाल्मिकी जाति के लोगों बालकिशन पुत्र हरिचरन, साजन पुत्र ओमकार व राहुल पुत्र बालकिशन से विवाद हो गया था। गौरव बहुत सीधा साधा है। इस घटना के बाद से इन लोग बार-वार धमकी दे रहे थे कि हम तुम पर एससी एक्ट का झूठा मुकदमा लिखवायेगे और हर हाल में तुम्हें जेल से भिजवाएगें। उनकी इस धमकी से उसी दिन से गौरव बहुत डरा सहमा हुआ था। गुरूवार की शाम को इन लोगों ने गौरव को रास्ते मे घेरा और गालियाँ देते हुए धमकी दी कि हमने तेरा इन्तजाम कर दिया हैं। कल शाम तक तू जेल में होगा। इन लोगों ने उसे बार-बार प्रताड़ित किया। इनकी घमकी और जेल जाने की बात से गौरव इतना डर गया कि उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता पुत्र सहित तीन लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।

# ग्राम बड़हरा में लगी जन चौपाल, सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

- प्रशासन चला गांव की ओर अभियान में उमड़ा जनसैलाब

समृद्धि न्यूज़

**महराजगंज।** तहसील नौतनवा के ग्राम बड़हरा में 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं को सीधे गांव तक पहुंचाना और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। आयोजित चौपाल में उपस्थित अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा पात्र




लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया। ग्रामीणों को बताया गया कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए समय पर आवेदन करना और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिए और नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान फॉर्मर रजिस्ट्री, ई-केवाईसी, टीकाकरण, पेंशन आवेदन, वरासत से जुड़े कार्यों को भी मौके पर संपन्न कराया गया, जिससे ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। ग्राम पंचायत बड़हरा में विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। यहां 569 लोगों को आयुष्मान कार्ड, 644 किसानों को किसान सम्मान निधि, 450 लोगों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड, 33 परिवारों को अंत्योदय कार्ड, 94 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन, 21 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन तथा 10 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा है।

चौपाल के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल सके और प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हो सके।

## प्रताड़ना से तंग होकर युवक ने की आत्महत्या, रिपोर्ट दर्ज

**सिधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना सिंधौली के गांव बाजपुर जटपुरा निवासी मुकेश उर्फ डाल चंद्र मिश्रा पुत्र रामसनेही ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते 4 मार्च 2026 को गांव जटपुरा थाना सिधौली के नेतराम पुत्र प्रेम शंकर उसके भाई गोपाल उर्फ शेख उम्र लगभग 21 को पुरानी रंजिश के चलते घर से बुलाकर गांव के संजीब के ट्यूब बेल पर ले गया।

**सूचना**

मेरा नाम मुशाहिद गलत है, जबकि सही नाम मुशाहिद अंसारी है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मुशाहिद अंसारी**
**पुत्र हैदर अली**
**मोहल्ला नई बस्ती तिलहर,**
**शाहजहांपुर।**

## युद्ध में फंसे ट्रंप

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अमरीका पर हमला करने वाला था, लिहाजा हमने ही आक्रमण कर उसे कुचल दिया। ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग नष्ट कर दी गई हैं। दूसरी तरफ अमरीकी युद्ध विभाग 'पेंटागन' ने वहां की संसदीय समिति को ब्रीफ किया है कि उसे ऐसी खुफिया लीड की जानकारी नहीं है कि ईरान की अमरीका पर हमले की कोई योजना थी। दरअसल यह कोई सामान्य विरोधाभास नहीं है। एक पक्ष सफेद झूठ बोल रहा है और ट्रंप झूठ बोलने के आदी हैं। यह 'टाइम' पत्रिका की कवर स्टोरी से भी स्पष्ट है। बहरहाल अब अमरीकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने तो यहां तक खुलासा किया है कि ईरान राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या कराना चाहता था, लेकिन हमने ही उनके क्रूर, तानाशाह नेता खामेनेई को मार दिया। रक्षा मंत्री का यह भी दावा है कि एक सप्ताह में ईरान के आसमान पर अमरीका का कब्जा होगा। लेकिन रक्षा विशेषज्ञों और विख्यात राजनयिकों के आकलन हैं कि ऐसा नहीं होगा। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ईरान युद्ध में, इजरायल के उकसावे में आकर, फंस गए हैं। अब वह चाह कर भी युद्ध से अलग नहीं हो सकते। इसकी बुनियादी दलील यह है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की हत्या के बावजूद ईरान अब भी जम कर लड़ रहा है। वह खामेनेई की हत्या का बदला लेने पर आमादा है। ईरान में फिलहाल कोई विद्रोह नहीं है। अलबत्ता अमरीका और इजरायल को सबक सिखाने के 'हुंकारी आग्रह' जरूर गूंज रहे हैं। बेशक ईरान में मरने वालों का आंकड़ा 1145 तक पहुंच चुका है। यह भयावह और खौफनाक आंकड़ा है, जो लगातार बढ़ रहा है। ईरान के शीर्ष 48 नेता और सैन्य कमांडर मारे जा चुके हैं। उसके 24 प्रांतों पर 1200 से अधिक मिसाइल हमले किए गए हैं। ईरान के 153 शहरों की 504 जगहों पर बमबारी की गई है। उसके कमोबेश 20 युद्धपोत और 14 लड़ाकू विमान नष्ट किए जा चुके हैं। ईरान के चारों ओर खंडहरी इमारतें, मिट्टी-मलबा देखे जा सकते हैं, लेकिन ईरान की मिसाइलों और ड्रोनों ने अरब देशों के 27 अमरीकी बेस पर तबाही मचा रखी है। आग के गोले और धुएं के गहरे-काले गुब्बार दुनिया के सामने हैं। इजरायल में येरुशलम और राजधानी तेल अवीव जैसे शहरों में पचासियों इमारतें ध्वस्त कर दी गई हैं। रिहायशी इलाकों पर भी मिसाइलें दागी जा रही हैं। चीख-पुकार सुनी जा सकती है। सऊदी अरब की दुनिया की सबसे बड़ी 'अरामको' रिफाइनरी पर दो बार हमले कर ईरान ने उसे पंगु बना दिया है। यहां 30 लाख बैरल तेल हर रोज रिफाइन किया जाता रहा है, लेकिन अब उत्पादन बंद करना पड़ा है। ईरान ने साइप्रस और तुर्किए में भी मिसाइल-ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की हजारों बैलेस्टिक, क्रूज मिसाइलें अब भी बंकरों के नीचे मौजूद हैं। अब भी 6-7 यूनिट्स उत्पादन कर रही हैं। ईरान 20 फीसदी संवर्द्धित यूरेनियम से ही परमाणु बम बना सकता है, जबकि उसके पास करीब 469 किग्रा संवर्द्धित यूरेनियम है। बेशक वह 10-12 परमाणु बम बनाने की स्थिति में है। रूसी विदेश मंत्री के बयान से भी संकेत मिले हैं कि ईरान को परमाणु बम बनाने को बाध्य किया जा रहा है। एक आकलन सामने आया है कि अमरीका पर इस युद्ध से 19 लाख करोड़ रुपए तक का बोझ पड़ सकता है। कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुकी हैं। 100 डॉलर तक पहुंचने में देर नहीं लगेगी, नतीजतन 50-210 अरब डॉलर की चोट तय मानी जा रही है। हालांकि तेल 147 डॉलर तक पहुंचने में देर लगेगी। जब ईरान ने जुलाई, 2008 में 'शाहाब-3' मिसाइल का परीक्षण किया था, जिसकी रेंज 2000 किमी बताई गई थी, तब तेल 147 डॉलर तक उछला था। बहरहाल भारत को बेचैन नहीं होना चाहिए, क्योंकि हम 41 देशों से तेल आयात करते हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के अलावा भी कई रास्ते हैं, जिनके जरिए भारत तेल मंगवा सकता है।

# भारत में महिलाओं के प्रति बदलने लगा है नजरिया

रमेश सर्राफ धमोरा




**2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए। 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। आज भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनायें सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तीकरण के अभियान को धक्का लगता हैं। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है।**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए मनाया जाता है। यह जागरूकता बढ़ाने, बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए समान अवसरों को बढ़ावा देने का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज और राष्ट्र मजबूत होते है। यह समानता और अधिकारों के लिए एक वैश्विक आंदोलन है, जो महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष का प्रतीक है। यह एक ऐसा दिन है जो महिलाओं को सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस साल 1911 से हर साल 8 मार्च पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम है दान से लाभ है, जो उदारता, सहयोग और सामूहिक प्रगति के मूल्यों को बढ़ावा देता है। यह अभियान इस बात पर प्रकाश डालता है कि महिलाओं का समर्थन करना और लैंगिक समानता को आगे बढ़ाना सभी के लिए व्यापक सामाजिक और आर्थिक लाभ ला सकता है। इस अभियान का मूल विचार यह है कि जब महिलाएं शिक्षा, नेतृत्व, उद्यमिता, विज्ञान, कला और राजनीति जैसे क्षेत्रों में सशक्त होती हैं, तो इससे मजबूत समुदाय और साझा समृद्धि का निर्माण होता है। सहयोग और समान अवसरों को प्रोत्साहित करके, यह अभियान समाज में समावेशी विकास और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देना चाहता है।

भारत में महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिये लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। उससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदो पर तैनात किया जाने लगा है। जो महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है।

भारत में वर्षो से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बने है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक साल 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4,05,861 अपराध दर्ज किए गए। इन अपराधों में बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, और अपहरण जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न के सामने आए हैं, जो समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति हमारी उदासीनता को दर्शाते हैं। इससे पहले 2022 में 4,45,256 मामले, 2021 में 4,28,278 मामले, 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे।

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए हैं। आंकड़े हैरान कर देने वाली हैं। क्योंकि आयोग में ये शिकायत गरिमा के अधिकार कैटेगरी के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं।

2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए।

2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। आज भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है।

हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनायें सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तीकरण के अभियान को धक्का लगता हैं। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा। तभी समाज में उनके प्रति सोच बदल पायेगी।

विचार

# क्यों हो रही है योगी की छवि धूमिल करने की राजनीति



अजय कुमार

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव इन दिनों मोदी-योगी और बीजेपी के तमाम नेताओं के खिलाफ अपनी तीखी भाषा और तंज भरी शैली के चलते राजनीतिक हलकों में छाए हुए हैं। वे लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते रहते हैं, ठीक वैसे ही जैसे कांग्रेस के राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हैं। अखिलेश, सीएम योगी की छवि को धूमिल करने के लिए हर मौके को हथियार बनाते हैं। योगी की वेशभूषा पर सवाल उठाते हैं तो उनकी क्षमता पर भी चोट करते हैं। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की तारीफ देश-दुनिया कर रही हो, अखिलेश उसी पर तंज कसते हैं। भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं, निवेश प्रयासों का मजाक उड़ाते हैं। यहां तक कि योगी के विदेश दौरों को भी निशाने पर लेते हैं। वे उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के बीच कलह की अफवाहें फैलाते हैं। उन्हें सौ विधायक लाने और मुख्यमंत्री बनने का प्रस्ताव देते रहते हैं। अब तो यह भी कह रहे हैं कि 2027 का विधानसभा चुनाव नहीं होगा, बल्कि 2029 का लोकसभा चुनाव ही होगा। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बहाने भी योगी पर प्रहार कर रहे हैं। ये सारी बातें अखिलेश की रणनीति का हिस्सा लगती हैं, जो योगी सरकार को कमजोर दिखाने पर तुली हुई हैं।

खैर, राजनीति में बयानबाजी का यह खेल पुराना है, लेकिन अखिलेश इसे एक कला बना चुके हैं। वे हर सार्वजनिक मंच पर योगी को निशाना बनाते हैं। योगी जब भी कोई नया कदम उठाते हैं, अखिलेश तुरंत उस पर सवाल खड़े कर देते हैं। मसलन, योगी के विदेश भ्रमणों को वे व्यर्थ बताते हैं। कहते हैं कि ये दौरें केवल दिखावा हैं, असल में प्रदेश का विकास रुका हुआ है। निवेश सम्मेलनों का भी वे मजाक उड़ाते हैं। दावा करते हैं कि ये सब आंकड़े काल्पनिक हैं, जमीन पर कुछ नहीं हो रहा। कानून व्यवस्था पर तो उनकी बोलचाल में सबसे ज्यादा तीखापन आता है। योगी सरकार जब अपराध पर सख्ती की बात करती है, अखिलेश पुराने आंकड़े निकालकर हमला बोलते हैं। कहते हैं कि अपराधी अभी भी खुले घूम रहे हैं, पुलिस की कार्रवाई केवल नाम की है। भ्रष्टाचार के आरोप तो वे रोजमर्रा की बात की तरह लगाते हैं। विभागों पर भ्रष्टाचार का ठप्पा लगाते हैं,अधिकारियों को निशाना बनाते हैं। योगी की वेशभूषा पर तंज कसना उनका पुराना शगल है। भगवा वस्त्रों को लेकर व्यंग्य करते हैं, कहते हैं कि यह आडंबर है, असली सेवा जमीन पर दिखानी चाहिए। इन तमाम हमलों से योगी की साफ-सुथरी छवि पर ग्रहण लगाने की कोशिश साफ झलकती है।

अखिलेश की रणनीति में उपमुख्यमंत्रियों को शामिल करना नई चाल है। वे केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के बीच दरार की कहानियां गढ़ते हैं। कहते हैं कि योगी के नेतृत्व में ये दोनों असहज हैं। उन्हें बार-बार ललकारते हैं सौ विधायक लाओ, मुख्यमंत्री बन जाओ। यह बयान भाजपा के अंदर कलह फैलाने का प्रयास है। अखिलेश जानते हैं कि भाजपा की एकजुटता ही उसकी ताकत है। इसलिए वे छोटे-छोटे बीज बोकर दरार पैदा करने की कोशिश करते हैं। मौर्य और पाठक को निशाना बनाना इसलिए आसान है क्योंकि वे पिछड़े वर्ग और अन्य समुदायों के प्रतिनिधि हैं। अखिलेश इनके माध्यम से समाजवादी समर्थकों को लुभाने का प्रयास करते हैं। योगी पर सीधा हमला न हो सके तो अप्रत्यक्ष रूप से सरकार को कमजोर दिखाते हैं। यह चाल चाणक्य नीति जैसी लगती है, जहां शत्रु को अंदर से तोड़ा जाता है। भाजपा कार्यकर्ता इन बयानों से भड़कते हैं, लेकिन अखिलेश को इससे सुर्खियां मिलती हैं। मीडिया इन बयानों को प्रमुखता से दिखाता है, जिससे अखिलेश का संदेश दूर-दूर तक फैलता है।

सबसे चौंकाने वाला बयान तो 2027 के विधानसभा चुनाव न होने का है। अखिलेश कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में अब विधानसभा चुनाव नहीं होगा, 2029 का लोकसभा चुनाव ही मुख्य होगा। यह बयान केंद्र और राज्य की सत्ता पर सवाल उठाता है। विपक्षी नेता इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हैं, लेकिन अखिलेश इसे हथियार बनाते हैं। वे कहते हैं कि भाजपा चुनाव से डर रही है, इसलिए इसे टालने की साजिश रच रही है। यह दावा आधारहीन लगता है, लेकिन अखिलेश के समर्थकों में उत्साह भर देता है। वे इसे योगी सरकार की नाकामी का प्रमाण बताते हैं। वास्तव में यह बयान भविष्य की राजनीति को प्रभावित करने का प्रयास है। 2027 का चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि योगी की लोकप्रियता परखी जाएगी। अखिलेश पहले से ही प्रचार शुरू कर चुके हैं। समाजवादी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए यह बयान हवा में आग लगाने जैसा है। विपक्षी दल इसे दोहराते हैं, जिससे माहौल गरमाता जाता है। अखिलेश की यह शैली उन्हें युवा वोटरों का चहेता बनाती है। उनकी भाषा सरल, तीखी और याद रखने लायक होती है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का मुद्दा उठाकर अखिलेश ने धार्मिक भावनाओं को भी छुआ है। शंकराचार्य ने योगी सरकार पर आलोचना की, तो अखिलेश ने इसे पकड़ लिया। वे कहते हैं कि धार्मिक नेता भी योगी से नाराज हैं। यह बयान हिंदू वोट बैंक को भेदने की कोशिश है। योगी की हिंदुत्व छवि मजबूत है, लेकिन अखिलेश इसे कमजोर करने पर तुले हैं। शंकराचार्य के बहाने वे कहते हैं कि योगी धार्मिक मामलों में भेदभाव करते हैं। यह प्रहार सीधा सीने पर है। उत्तर प्रदेश में धर्म का महत्व बहुत है, इसलिए अखिलेश इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। वे हर धार्मिक आयोजन पर योगी को घेरते हैं। राम मंदिर निर्माण हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, इनका श्रेय योगी को देते हुए भी कमियां निकालते हैं।

अखिलेश की यह रणनीति लंबे समय से चल रही है। मुलायम सिंह यादव के जमाने से समाजवादी पार्टी विपक्ष की भूमिका निभाती रही है। लेकिन अखिलेश ने इसमें आधुनिकता जोड़ी है। सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं, छोटे वीडियो बनवाते हैं। उनके बयान वायरल होते हैं, लाखों लोग देखते हैं। दरअसल, योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता अखिलेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। योगी ने पांच साल में विकास के कई काम किए हैं। सड़कें बनीं, बिजली पहुंची, अपराध पर नियंत्रण हुआ। निवेश सम्मेलनों से अरबों के प्रस्ताव आए। लेकिन अखिलेश इन सबको नकारते हैं। वे कहते हैं कि ये सब कागजी हैं, किसानों की हालत खराब है। बेरोजगारी बढ़ रही है, युवा परेशान हैं। महंगाई पर भी तंज कसते हैं। योगी के बुलडोजर अभियान को अन्याय बताते हैं। कहते हैं कि निर्दोषों के घर तोड़े जा रहे हैं। यह मुद्दा पिछड़े इलाकों में गूंजता है। इन्हीं बयानों के सहारे अखिलेश समाजवादी पार्टी को पुनर्जनन देने के लिए संघर्षरत हैं। 2017 में हार के बाद 2022 में फिर हार मिली। अब 2027 की तैयारी में जुटे हैं। उनकी तंज शैली वोटरों को जोड़ती है। खासकर यादव और मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करती है। वे योगी को चुनौती देते हैं बहस हो तो आओ। लेकिन बहस से बचते हैं। अखिलेश की भाषा में व्यंग्य का पुट ऐसा है कि सुनने वाले हंसते भी हैं और सोचने पर मजबूर हो जाते हैं। वे योगी को महंत कहकर चिढ़ाते हैं। कहते हैं कि महंत साधु हैं, राजनीति में क्या करेंगे। वेशभूषा पर तंज मारते हुए कहते हैं कि भगवा पहनकर विकास नहीं होता। केशव प्रसाद मौर्य को ललकारते हुए कहते हैं कि साहब, साहब कहना बंद करो, सत्ता संभालो। ब्रजेश पाठक को चेतावनी देते हैं कि योगी के डर से मत डरो। ये बयान भाजपा के अंदर खलबली मचा देते हैं। योगी शांत रहते हैं, लेकिन उनके समर्थक जवाब देते हैं। राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। अखिलेश को इससे फायदा होता है। वे विपक्ष के चेहरा बन चुके हैं। अन्य दल उनके पीछे आते हैं।

यह सारी रणनीति 2027 के चुनाव के लिए है। अखिलेश जानते हैं कि योगी मजबूत हैं, लेकिन कमजोरियां ढूंढनी हैं। कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी ये मुद्दे उठाकर वे वोटरों को लुभाते हैं। शंकराचार्य का मुद्दा धार्मिक वोट प्रभावित करेगा। उपमुख्यमंत्रियों पर हमला भाजपा को बांटेगा। चुनाव न होने का दावा भय पैदा करेगा। अखिलेश की तंज शैली उन्हें अलग बनाती है। वे भाषणों में कविताएं सुनाते हैं, मुहावरों का इस्तेमाल करते हैं। युवा उन्हें पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर उनके क्लिप्स ट्रेंड करते हैं। समाजवादी पार्टी को नई ऊर्जा मिल रही है। योगी सरकार को सतर्क रहना होगा। अखिलेश के हमले तेज होंगे। राजनीति का यह युद्ध जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश की सियासत में रोमांच बना रहेगा। अखिलेश यादव सुर्खियों के सितारे बने रहेंगे।

*लेखकर वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

साहित्य

## संदेशों के रिश्ते...!



संजय एम तराणेकर

इस मोबाइल की छोटी स्क्रीन में,
अब रिश्तों की दुनिया फिसल गई।
यूं एक हैप्पी होली के मैसेज में,
दिल की गर्मी कहीं से सिमट गई।

ऐसे पहले मिलना, हँसना-बोलना,
घर आकर शुभकामनाएँ देना था।
अब एक संदेश-इमोजी भेजकर,
सिर्फ़ एक फर्ज़ निभाते रहना था।

न आवाज़ की वह मिठास रही,
ना किसी आँख का अपनापन है।
बदलते डिजिटल दौर के रिश्तों में,
बस, कुछ शब्दों का ही बंधन है।

कोई भी तकनीक बुरी नहीं होती,
बस, दिल का रिश्ता खो न जाए।
संदेशों से परे हो इंसान ख़ुद आए,
एक-दूजे पे प्रेम-स्नेह बरसा जाए।

इन त्योहारों की असली खुशियाँ,
सबके ही चेहरों की मुस्कान में हैं।
यूं सच्चे रिश्ते वहीं मिला करते हैं,
जहाँ दिलों की पहचान क़ायम हैं।



## राशिफल

**मेषः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं।

**वृषभः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनाएं। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**मकरः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# आवश्यक आपूर्ति की कमी होने से रूस को बड़ा फायदा

दशकों में होने वाले सबसे बड़े अमरीकी सैन्य टकराव के शुरुआती दिनों में रूस सबसे बड़े विजेताओं में से एक है, क्योंकि ईरानी मिसाइलों ने यूक्रेन के पैट्रियट इंटरसैप्टर के भंडार को कम कर दिया है, जिनकी यूक्रेन को अपनी रक्षा के लिए आवश्यकता है। ईरान अभियान से पहले भी, अमरीका में निर्मित पैट्रियट प्रणाली के उत्पादन में आई बाधाओं ने यूक्रेन के भंडार को खत्म कर दिया था और यूरोपीय सहयोगियों को वर्षों तक प्रतीक्षा सूची में डाल दिया था।

इन कमियों ने रूस को यूक्रेन की हवाई सुरक्षा में सेंध लगाने का मौका दिया, जिससे उसकी बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई और यूक्रेनी शहरों में बिजली गुल हो गई। ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम करने के लिए अमरीका और खाड़ी देशों ने युद्ध के शुरुआती दिनों में सैंकड़ों इंटरसैप्टर मिसाइलें दागी हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि लगातार हमले की स्थिति में खाड़ी देशों के पास केवल कुछ दिनों तक चलने लायक इंटरसैप्टर मिसाइलें बची हैं, जिससे वाशिंगटन को इंक्षहद-प्रशांत और अन्य क्षेत्रीय भंडारों से मिसाइलें मंगवानी पड़ सकती हैं, जिससे उनकी क्षमता कमजोर हो जाएगी। इंटरसैप्टर, पी.ए.सी.-3 का 2025 तक अमरीका में कुल उत्पादन मात्र 600 से थोड़ा अधिक था। एक बैलिस्टिक मिसाइल को नष्ट करने के लिए आमतौर पर कम से कम 2 पैट्रियट इंटरसैप्टर की आवश्यकता होती है और यदि पहला जोड़ा विफल हो जाता है, तो अक्सर तीसरे या अधिक इंटरसैप्टर का उपयोग किया जाता है। एक बहु-मिलियन डॉलर के इंटरसैप्टर का उत्पादन सीमित है और इसमें महीनों लग सकते हैं, जिसके पुर्जे पूरे अमरीका से और स्पेन जैसे दूर-दराज के देशों से आते हैं।

''हमारे लिए यह जीवन का सवाल है।'' व्लोदिमीर जेलेंस्की ने मध्यस्थों के बारे में कहा। उन्होंने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि उन्होंने यूक्रेन को हथियार आपूर्ति करने वाले यूरोपीय सांझेदारों से संपर्क किया था, ताकि यह पूछा जा सके कि क्या ईरान संघर्ष से आपूर्त्ति में और बाधा आएगी। यूक्रेन के लिए सबसे बड़ा खतरा रूस के बैलिस्टिक मिसाइल हमले हैं और इसका एकमात्र समाधान पैट्रियट प्रणाली है, यह बात यूक्रेन की वायु सेना के उप प्रमुख कर्नल पावलो येलीजारोव ने कही। यूक्रेनी और पश्चिमी खुफिया एजैंसियों के अनुसार, रूस अब प्रति माह लगभग 80 बैलिस्टिक मिसाइलों का उत्पादन करने में सक्षम है। यूक्रेन की वायु सेना का अनुमान है कि उसे कम से कम 60 पी.ए.सी.-3 मिसाइलों की आवश्यकता है। रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमलों का मुकाबला करने के लिए हर महीने इंटरसैप्टर मिसाइलों की आवश्यकता होती है। फरवरी में, जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने अपने यूक्रेनी समकक्ष फेडोरोव की भावुक अपील के बाद, यूरोपीय नाटो सांझेदारों से इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए मिसाइलें दान करने का आग्रह किया।

नाटो के भंडार कितने कम हो गए हैं, इसका संकेत यह है कि इनमें से केवल 5 मिसाइलों का ही जर्मनी द्वारा निश्चित रूप से वादा किया गया है। रूस द्वारा प्रतिदिन सैंकड़ों शाहेद-प्रकार के किलर ड्रोन भी दागे जा रहे हैं, जिन्हें सर्वप्रथम ईरान में विकसित किया गया था और मॉस्को तेहरान के साथ 2023 के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते के बाद इनका बड़े पैमाने पर उत्पादन करने में सक्षम है।पैट्रियट मिसाइल पश्चिमी वायु रक्षा प्रणालियों का स्वर्णिम मानक साबित हुई। यह परिष्कृत प्रणाली एक विशाल क्षेत्र में फैली होने के कारण शत्रुओं के लिए नष्ट करनी कठिन है। यूक्रेनी ऑप्रेटरों ने रूसी हाइपरसोनिक मिसाइलों को मार गिराने के लिए पैट्रियट मिसाइलों का उपयोग किया है, विशेष रूप से जब वे नीचे उतरते समय धीमी हो जाती हैं। इससे रक्षा विश्लेषक आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि उन्हें नहीं लगता था कि पैट्रियट मिसाइल ऐसी मिसाइलों को रोक पाएगी। पैट्रियट की भारी मांग के बावजूद, उत्पादन में मामूली वृद्धि हुई है।

इस प्रणाली का उत्पादन रे थियोन द्वारा किया जाता है, जबकि इंटरसैप्टर लॉकहीड माध्टन द्वारा निर्मित किए जाते हैं, जिससे कंपनी का उत्पादन बढ़कर सालाना लगभग 600 मिसाइलों तक पहुंच गया है। लॉकहीड ने कहा कि वह 2030 के अंत तक इन इंटरसैप्टर मिसाइलों का वाष्षक उत्पादन बढ़ाकर 2,000 तक करने के लिए काम कर रही है। कंपनी ने कहा कि वह कुछ कमजोर प्रदर्शन करने वाले आपूर्तिकर्त्ताओं से पुर्जे मंगवाना बंद कर सकती है या वैकल्पिक कंपनियों की तलाश कर सकती है, जो मिसाइल बनाने के लिए आवश्यक जटिल मशीनरी का उत्पादन कर सकें। यह मिसाइल सैंकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से आने वाले प्रक्षेपास्त्र का पीछा करके उसे निष्क्रिय कर सकती है। रक्षा विश्लेषक इस तकनीकी उपलब्धि की तुलना गोली दागने से करते हैं। जर्मनी, जो यूक्रेन का सबसे बड़ा यूरोपीय समर्थक है, ने 2024 में लगभग 2 बिलियन यूरो प्रति सिस्टम (2.33 बिलियन डॉलर के बराबर) की लागत से 8 नए पैट्रियट सिस्टम का ऑर्डर दिया था लेकिन जर्मन अधिकारियों का कहना है कि उसे अभी तक डिलीवरी की अस्थायी तारीख भी नहीं मिली है। अब तक यूक्रेन ने रूसी खतरे को बेअसर किए बिना अपने रक्षात्मक शस्त्रागार का लगभग पूरा उपयोग कर लिया है।

## नारी शक्ति का सम्मान और समानता का संकल्प



हर वर्ष 8 मार्च को विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनकी उपलब्धियां और समाज में उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। आज के समय में महिलाएं केवल घर की जिम्मेदारी ही नहीं संभाल रही हैं, बल्कि समाज में हर समाज के हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। हालांकि भारतीय समाज में महिला का जीवन बलिदान का प्रतीक है। महिला अपना पूरा जीवन बलिदान करके व्यतीत करती है। किशोरावस्था में वह अपने भाई-बहिन और माता-पिता के लिए समर्पित रहती है। विवाह के पश्चात् पति व बच्चों के लिए अपना जीवन समर्पित करती है।

हमारे समाज में महिलाओं को देवी के रूप में माना जाता है और सबसे अधिक शोषण का शिकार भी उसे ही होना पड़ता है। हालांकि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने से समाज में परिवर्तन आ रहा है। इस परिवर्तन की एक झलक के रूप में एक शख्सियत के बारे में हम आपको बताना चाह रहे हैं, जिन्होंने एक नई सोच और साहसिक पहल के साथ महिलाओं के लिए फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए एक नई राह बनाई हैं। ये सम्मानित महिला हैं, निधि रस्तोगी जी, जो वर्ष 2012 में महिलाओं के लिए एक विशेष लेडीज जिम की शुरुआत की। उसे समय उनका यह विचार अपने आप में काफी नया और साहसिक था। उनका मानना था कि महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों के कारण अपने स्वास्थ्य और फिटनेस को नजर अंदाज कर देती हैं। इसलिए उन्होंने एक ऐसा सुरक्षित और सहज वातावरण देने की ठानी, जहां महिलाएं बिना झिझक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दे सकें। निधि रस्तोगी का यह प्रयास हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकीं हैं। निधि का यह प्रयास अन्य महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। निधि ने पहले लेडीज जिम खोलकर स्वास्थ्य एवं फिटनेस को एक सामाजिक आंदोलन की तरह आगे बढ़ाया। उनके इस प्रयास से कई महिलाओं ने न केवल अपनी सेहत सुधारी है बल्कि आत्मविश्वास की भी हासिल किया। उनकी यह पल आज अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### झलोखर गांव से बीती रात अज्ञात चोरों ने चार पहिया वाहन पार किया

**पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की**

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव से बीत रात घर के बाहर खड़ी ईको स्पोर्ट चार पहिया वाहन अज्ञात चोर चोरी करकर ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाने में दी है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र शिवदास ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को रात में मेरी गाड़ी ईको स्पोर्ट को जिसका पंजीयन संख्या यूपी 77 ए डी 7357 है। इसको अज्ञात चोर चोरी करके ले गए है। इसकी खोजबीन की है। लेकिन कहीं इसका पता नहीं चल पा रहा है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### ग्राम पंचायत सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**भरूआ सुमेरपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत ब्लाक सभागार में पंचायत सदस्यों को एक दिवसीय प्रशिक्षण देकर पंचायती राज व्यवस्था एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। ग्राम पंचायत विकास योजना एवं पंचायती राज व्यवस्था विषय पर सदस्यों को जानकारी देते हुए प्रशिक्षक देवेंद्र अरजरिया ने कहा कि पंचायतों के विकास के लिए 6 स्थाई समितियां गठित होती है। इन समितियों की पंचायत के विकास में अहम भूमिका होती है। उन्होंने समितियों की महत्ता पर विस्तार से सदस्यों को अवगत कराया। प्रशिक्षक संतोषी शर्मा ने मातृभूमि योजना, आईजीआरएस की जानकारी दी। पंचायत रिसोर्स सेंटर के इरफान, आकाश ने भी ग्राम पंचायत सदस्यों को उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में आधा सैकड़ा से अधिक पंचायत सदस्य शामिल रहे।

### पुरानी रंजिश के चलते महिला के साथ की गाली-गलौज

**भरूआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम सौंखर में पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन लोगों ने घर के दरवाजे पर चढ़कर जमकर गाली गलौज की महिला ने दरवाजा बंद करके जान बचाई सौंखर निवासी शिवदेवी का आरोप है कि उसकी गांव के लोगों से पुरानी रंजिश है। इसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। रंजिश को लेकर 5 मार्च की शाम आधा दर्जन लोगों ने उसके दरवाजे पर चढ़ाई कर दी और जमकर गाली गलौज की। उसने दरवाजा बंद करके जान बचाई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### टोडरपुर ब्लॉक प्रमुख ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** टोडरपुर राजकीय इंटर कालेज के निकट ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि टोडरपुर श्याम मोहन त्रिवेदी श्यामू ने शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसकी बहुत अतिथि प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रहीं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्रीमती तिवारी ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा होली का त्यौहार आपसी प्रेम और गिले शिकवे मिटाने का बहुत सुंदर अवसर होता है। इस त्यौहार में लोगों को पुराने आपसी भेदभाव मिटाकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सभी को समान रूप से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा कि सरकार ने किसानों के हित के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई हैं। गरीब वर्ग को मुफ्त राशन, महिलाओं को स्वाबलंबित करने के लिए मिशन शक्ति जैसी ऐतिहासिक योजनाओं का संचालन किया है। इस अवसर पर क्रेन ग्रोवर्स सोसायटी के चेयरमैन रंजीत सिंह,समस्त ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### दो दिन से लापता युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लमौरा बछेछर रोड पर सड़क किनारे स्थित खेत में दो दिन से लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेजकर हर पहलू की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान धीरज सोनी बजरिया जैतपुर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के बजरिया जैतपुर का धीरज सोनी दो दिन पूर्व रहस्यमय ढंग से घर से गायब हो गया था जिसके बाद परिजन उसकी तलाश करते रहे और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। लेकिन शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के लमौरा बछेछर खुर्द गांव के बीच खेत में युवक का शव पड़ा मिला और शव के पास ही मोटरसाइकिल भी पड़ी मिली। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।युवक की मौत की खबर से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### संदिग्ध हालत में वृद्ध की मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

**समृद्धि न्यूज,कुलपहाड़/महोबा।** बीते दिन रात्रि को एक वृद्ध की संदिग्ध अवस्था में छत से गिरकर मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया है। कोतवाली के सोनकपुरा मोहाल निवासी धर्मदास पुत्र फेरू काछी उम्र लगभग 90 वर्ष बीते दिन रात्रि को वह अपने मकान की छत पर कमरे में सो रहा था। सुबह जब देखा तो वह संदिग्ध अवस्था में छत के नीचे मृत हालात में पड़ा पाया गया। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।

## जनसुनवाई के दौरान 90 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का मौके पर निस्तारण किया गया



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## अलग अलग आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान

**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर चौबिस घंटा के अंदर हुई आग लगी की घटना में एक भैस की आग से जलकर झुलस गई, एक अन्य घटना में अज्ञात करणो से दो घरों में लगी आग में घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गये शुक्रवार की शाम करीब 6बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। लपटों और धूंआ को देख आसपास के लोगों को जानकारी हुई तो उन्होंने शोर मचाया।

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान दिवस

**मौदहा हमीरपुर।** उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता कस्बे के तहसील सभागार में समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें फरियादी ने मामलों में मात्र मामलों का निस्तारण हो सका कस्बे के तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह ने की। इस मौके पर कुल फरियादी मामले आए जिसमें मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका। सबसे अधिक समस्याएं राशनकार्ड, पुलिस व पानी,राजस्व से संबंधित रहे। ग्राम मांचा के जीशान अली ने शिकायती पत्र देते हुए बताया एसडीओ मौदहा बांध द्वारा पक्षपात करवाया अपनाया जा रहा है और किसानो की फसल सूखने के कगार पर लेकिन नहर में पानी नहीं छोड़ा जा रहा जिससे किसान बेहद परेशान दर-दर भटक रहे हैं।कस्बे के मराठीपुरा मुहल्ले निवासी बच्चा लाल उर्फ कांमता प्रसाद ने बताया कि वार्ड नंबर 4 में सार्वजनिक भूमि पर शीशम का 30 वर्षीय पुराना पेड़ खड़ा था जिसको दबंगों ने बिना अनुमति के शीशम के पेड़ को धराशाई कर दिया और उस सार्वजनिक भूमि पर कब्जा कर कर रहे हैं विवांर मुस्करा निवासी जमीलि पत्नी बबलू व राम मनोहर अपनी अपनी राशन संबंधी शिकायतें दर्ज कराते हुए बताया कि परिवार के भरण पोषण के लिए खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड बनाया गया था लेकिन बिना किसी कारण के राशन कार्ड पिछले माह में काट दिया गया जिससे पीड़ित बेहद परेशान दर्द भटक रहा है इसी प्रकार शिवकांति भरखरी विवांर निवासी जमीनी पैमाइश के लिए कई बार राजस्व अधिकारी को प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से अभी तक पैमाइश नहीं हो पाई जल्दी पैमाइश कराए जाने का आग्रह किया।इसी प्रकार अन्य फर्यादियों ने भी अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रख उनके निदान की गुहार लगाई। इस मौके पर तहसीलदार शेखर मिश्रा क्षेत्राधिकार राजकुमार पांडे नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता समाधान दिवस में मौजूद रहे।

## जुआ खेलते आधा दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम इचौली में जुआ खेल रहे आधा दर्जन से अधिक युवकों को हजारों रुपया व ताश की गड्डी समेत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हालांकि पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उन्हें मुचलके पर छोड़ दिया कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम इचौली में शुक्रवार की शाम गांव के बाहर मडियादाई के मंदिर के समीप मैदान में गांव के आधा दर्जन से अधिक युवक जुआ खेल रहे थे इस घटना की जानकारी होते ही कोतवाली में तैनात एस आई मनोज पांडेय ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच जुआ खेल रहे युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उनकी जामा तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 2900 व फड़ से 4300 रूपये समेत एक ताश की गाड़ी भी बरामद की है पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम अनिल पुत्र महेश, पुजारी पुत्र बदना,ओम नारायण पुत्र बाबूलाल, संतोष पुत्र गणपत, छोटेलाल पुत्र रघुनाथ, मुरलीधर पुत्र श्यामलाल निवासीगण नायकपुरवा व उत्तम पुत्र देवी दीन निवासी ईचौली बताया है।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**कुरारा, हमीरपुर।** मार्च थाना क्षेत्र के बिलौटा ग्राम पंचायत के मजरा धनीराम का डेरा निवासी युवक ने अज्ञात कारण के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर गए। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है क्षेत्र के धनीराम का डेरा गांव निवासी युवक हुकुम सिंह 25 वर्ष पुत्र हनुमान ने शुक्रवार को शाम पांच बजे खेतो की तरफ जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता के साथ मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर कर रहा था। अचानक हुई इस घटना से कोहराम मच गया। तथा मृतक दो भाइयों में छोटा था तथा अविवाहित था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

## दो दिवसीय वितित्य साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**समृद्धि न्यूज़, मौदहा (हमीरपुर)।**

विकास खंड सभागार में दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और सचिवों को ई-ग्राम स्वराज, जेम पोर्टल, पीएफएमएस व एसएनए-स्पर्श पोर्टल के संचालन एवं उपयोग की जानकारी दी गई उपनिदेशक मंडल परवेज आलम खान के दिशा-निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पंचायतों में वित्तीय पारदर्शिता,



ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के लिए संदर्भ सामग्री जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (पीआरसी) चित्रकूट और महोबा के माध्यम से उपलब्ध कराई गई।

सीनियर रिसोर्स सेंटर प्राची गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 80 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया द्य ग्रामों के प्रधान ,पंचायत सहायक और संबंधित सचिवों ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत अमर सिंह यादव ने किया अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायतों में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को और मजबूत बनाना है।

## रेलवे ट्रैक पार करते समय शिक्षक मालगाड़ी की चपेट में आया, हुई मौत

**सुबह स्कूल जाते समय हुआ हादसा**

**भरूआ सुमेरपुर।** सुबह विद्यालय जा रहा प्राइमरी का सहायक अध्यापक भमौरा, गहतौली के मध्य गेट संख्या 39 को पार करते समय मालगाड़ी के चपेट में आकर जान से हाथ धो बैठा। मृतक अध्यापक की एक माह पूर्व ही गहतौली में तैनाती हुई थी। मृतक अपने पीछे वृद्ध माता-पिता, पत्नी, तीन पुत्री एंव एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृत अपने मां-बाप की इकलौती संतान था।



मूल रूप से सिडरा गांव निवासी हाल मुकाम रमेडी हमीरपुर सुरेंद्र यादव 42 वर्ष की तैनाती हेलापुर के प्राथमिक विद्यालय में थी। शिक्षकों से विवाद करने पर इसको निलंबित कर दिया गया था। एक माह पूर्व इसको बहाल करके प्राथमिक विद्यालय गहतौली में तैनात किया गया था। शनिवार को सुबह करीब 10:00 बजे यह बाइक से भमौरा एवं गहतौली के मध्य बने रेलवे गेट संख्या 39 में पहुंचा उस समय गेट बंद था। यह बाइक को खड़ी करके गेट के नीचे से घुसकर रेलवे ट्रैक में पहुंच गया। ट्रैक को पार करते समय यह गुजर रही मालगाड़ी से टकरा गया। इसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे-पिता कालका प्रसाद, मां, पत्नी गीता देवी, पुत्री दिव्यांशी, तेजस्विनी, मानसी तथा पुत्र आर्यन को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक शिक्षक अपने मां-बाप की इकलौती संतान था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिक्षक की लापरवाही के चलते हादसे का शिकार हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने बताया कि हेलापुर में तैनाती के दौरान अभिभावकों की शिकायत पर जांच के बाद नवंबर माह में निलंबित किया गया था। एक माह पूर्व बहाल करके नई तैनाती गहतौली में की गई थी। इस हादसे के बाद शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी विधवा महिला ने खेत से लाही की फसल काट लेने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग थाना पुलिस से की है क्षेत्र के बेरी गांव निवासी विधवा महिला सरोज पत्नी स्व लक्ष्मी नारायण सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरी कृषि भूमि बेतवा नदी के किनारे स्थित है। जिसका गाटा संख्या 747 है। इसमें लाही की फसल बो रखी है। पांच मार्च को गांव के ही आपराधिक किस्म के व्यक्ति राजेश सिंह व इसके पुत्रों कुलदीप सिंह ,नीरज ने मेरे खेत से लाही की हरी फसल काटकर हार्वेस्टर निकलने के लिए रास्ता बना ली है। जब इसकी जानकारी हमे हुई तो मेरा पुत्र पवन व नाती बद्री सिंह मौके पर गए।

## विदोखर में युवक ने पेट्रोल डाल कर खुद को फूंका, मौत

**मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा युवक**

**भरुआ सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के विदोखर मेदनी गांव में एक युवक ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर परिजनों सौंप दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच है।

विदोखर मेदनी निवासी मुन्नीलाल प्रजापति ने बताया कि उसका पुत्र राहुल प्रजापति (28) मानसिक रूप से कमजोर था। इसी को लेकर वह आए दिन घर में झगड़ा करता था। बताया कि शनिवार को सुबह करीब 8:00 बजे वह घर से खेतों की तरफ निकल गया और नहर पटरी के किनारे जाकर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। खेतों में काम कर रहे लोगों ने उन्हें सूचना दी। जिस पर वह मौके पर पहुंच



कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर परिजनों को सौंप दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पिता ने बताया कि अभी दो वर्ष पूर्व के इसके बड़े भाई पवनेश की दुर्घटना में मौत हो गई थी। चार बेटों में दो बेटे प्रवीण एवं गोविंद बचे हैं। मृतक अविवाहित था। उन्होंने बताया कि राहुल को डेढ़ वर्ष पूर्व सर्प ने कांटा था। देशी उपचार के बाद इसकी जान तो बच गई थी।

## न्यायपूर्ण ढंग से करें समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तारण : सीडीओ

**55 शिकायतों में 7 शिकायतों का निस्तारण किया गया**

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सीडीओ सान्या छाबड़ा ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 55 शिकायतें आई जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। सीडीओ सान्या छाबड़ा ने कहां संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली



शिकायतों का समय के अंदर न्यायपूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए। संबंधित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौके पर जाकर मौका मुआयना करें उसके बाद ही शिकायत का निस्तारण करें। अगर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने बिना मौके पर जाए शिकायत का निस्तारण कर दिया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, तहसीलदार संध्या यादव, प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय सहित समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनसमुदाय के सहयोग से शत प्रतिशन बच्चों का स्कूल में कराया जाए नामांकन : रजनी तिवारी

**टोडरपुर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** टोडरपुर के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समग्र शिक्षा अभियान के तहत ग्राम प्रधान,ग्राम सचिव,नोडल शिक्षकों कि एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शनिवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्याम मोहन त्रिवेदी कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री श्री मती तिवारी ने कहा प्राथमिक विद्यालयों के नोडल



शिक्षक ग्राम प्रधान और जन समुदाय के सहयोग से बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करवाएं और बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति भी सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार इन नौनिहालों की शिक्षा के प्रति पूरी तरह सजग और क्रियाशील है। सभी विद्यालयों में बच्चों को निशुल्क भोजन, यूनिफार्म दी जा रही हैं ताकि बच्चे पढ़ सकें।आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। आज हमारा देश पूरे विश्व में अग्रणी होने की कगार पर है। सभी ग्रामवासी अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन जरूर करवाएं। क्यों कि शिक्षा ही एक मात्र विकास का मार्ग है।

## तेज रफ्तार बाइक सवार बेकाबू होकर ट्रैक्टर की ट्रॉली में घुसा

**जालौन (उरई)।** बंगरा रोड पर गल्ला मंडी के सामने तेज रफ्तार बाइक सवार बेकाबू होकर आगे चल रहे ट्रैक्टर की ट्रॉली में घुस गया। हादसे में बाइक सवार बाल बाल बच गया। जबकि बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा निवासी शिवम राजावत शनिवार की सुबह किसी काम के चलते जालौन आया था। दोपहर करीब तीन बजे काम निपटाकर वह वह बाइक से वापस अपने गांव कुठौंदा जा रहा था। जब वह बाइक लेकर नवीन गल्ला मंडी के सामने पहुंचा तो उसके आग एक ट्रैक्टर, ट्रॉली समेत जा रहा था।

## जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया 6.78 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** शनिवार को प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद में सिंचाई एवं जल संसाधन से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की शुरूआत कर क्षेत्र के विकास को नई गति देने का संदेश दिया। जल शक्ति मंत्री ने बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम के अंतर्गत जिलेदारी कार्यालय (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ) के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी कुल परियोजना लागत 349.19 लाख रुपये है। इसके साथ ही उरई स्थित निरीक्षण भवन के नव निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन कर



निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिसकी परियोजना लागत 329.53 लाख रुपये है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 678.72 लाख रुपये है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सिंचाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने तथा विभागीय व्यवस्थाओं को आधुनिक एवं सुसज्जित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बेतवा नहर प्रखण्ड से जुड़े इन भवनों के निर्माण से विभागीय कार्यों के संचालन में सुविधा होगी तथा किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि इनका लाभ शीघ्र ही आमजन और किसानों को मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान आदि सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी धर्म घोष अधिशासी अभियंता, वसीम राजा सहायक अभियंता, अंकित कुमार सिंह सहायक अभियंता तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इनकमर केबिल में हुआ फाल्ट, दो घंटे विद्युतापूर्ति रही बाधित

**जालौन (उरई)।** इनकमर केबिल में फॉल्ट आने के चलते नगर में दो घंटे बिजली की सप्लाई बाधित रही। बिजली कर्मचारियों द्वारा सही कराए जाने के बाद बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी। 33/11 केवी सब स्टेशन जालौन में बैठगंज व बालाजी फीडर की इनकमर केबिल में अचानक फॉल्ट आ गया। यह खराबी दोपहर लगभग दो बजे के आसपास आई, जिसके चलते इन दोनों फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली जाने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी। बिजली आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी तुरंत मरम्मत के कार्य में जुट गए।

## यूपीएससी में 95वीं रैंक हासिल कर हसन खान ने बढ़ाया जिले का मान



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** मेहनत, लगन और सपनों की उड़ान जब एक साथ मिलती है तो इतिहास बनता है। ऐसा ही कर दिखाया है उरई के आजाद नगर बजरिया निवासी हसन खान पुत्र उमर खान ने देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 95वीं रैंक हासिल कर पूरे जालौन जिले को गौरवान्वित कर दिया है। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, परिवार और पूरे मोहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया और लोगों ने मिठाइयां बांटकर इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया। हर कोई हसन की मेहनत और उपलब्धि की सराहना करता नजर आया। हसन खान शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहे हैं। उनकी शुरुआती शिक्षा एफएम मेमोरियल स्कूल और एसआर इंटर कॉलेज से हुई। लगातार मेहनत, अनुशासन और परिवार के सहयोग ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। हसन की इस सफलता ने जिले के युवाओं में नई उम्मीद और प्रेरणा जगाई है।

# जमीनी विवाद में अधिवक्ता को मारी गोली, घायल

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार की देर नगर कोतवाली क्षेत्र के शुक्लाई महुयारी गाँव के निकट पारिवारिक जमीनी विवाद को लेकर हमलावारों ने अधिवक्ता को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है घायल अधिवक्ता चंद्रेश पटेल सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बीरबलपुरवा गांव के निवासी है। घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बीरबलपुरवा अधिवक्ता चंद्रेश पटेल का अपने परिवारी जनो से जमीनी विवाद काफी समय से चल रहा था। शुक्रवार को इसी रंजिश को लेकर अधिवक्ता चंद्रेश पटेल कचहरी से वापस आने के बाद अपने शुक्लाई महुयारी आवास से शौच के लिए जा रहे थे तभी हमलावारो ने गोली मार दी अधिवक्ता के गोली लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों और ग्रामीणों ने घायल अधिवक्ता को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना और घटना की जानकारी ली। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शुक्लाई आवास सहित बीरबलपुरवा गांव अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि गाँव मे पुलिसबल तैनात किया गया है तथा हमलावारों की तलाश की जा रही है।



### 4 वर्ष पूर्व अधिवक्ता की हत्या मे जेल गये थे चंद्रेश पटेल

शुक्रवार की देर रात्रि गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए अधिवक्ता चंद्रेश पटेल सिरौलीगौसपुर तहसील के अधिवक्ता त्रिपुरारी नाथ मिश्रा की हत्या मे जेल जा चुके है 21 दिसंबर 2022 को दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरा निवासी अधिवक्ता त्रिपुरारी नाथ मिश्रा तहसील सिरौलीगौसपुर से अपने घर वापस जा रहे थे कि बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरिहा के निकट बाईक सवार लोगो ने पीट पीट कर अधमरा कर दिया जिनकी 10 दिन बाद इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी जिसमे घायल अधिवक्ता चंद्रेश पटेल उसके भाई देशराज, धरज टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चिर्रा निवासी संदीप कुमार व फतेहपुर थाना क्षेत्र के मैदासपुर निवासी ललित कुमार जेल गये थे जिसमे जमीनी विवाद बताया जा रहा है।

### क्या कहते है पुलिस के अधिकारी

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि यूपी–112 पर एक व्यक्ति को गोली लगने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि घायल अधिवक्ता से बातचीत में ज़मीनी विवाद के चलते अपने चाचा के बेटों और अन्य पट्टीदारों पर गोली मारने का आरोप लगाया गया है।

# रामसनेही घाट में एक मकान से ट्रैक्टर बैटरी सहित हजारों का सामान चोरी

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के छोटा सुरजवापुर मजरे लालूपुर राजापुर के पास स्थित एक नव निर्मित मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर ट्रैक्टर की बैटरी सहित अन्य सामान उठा ले गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम व पोस्ट हंसेपुर निवासी वेद प्रकाश पुत्र रामस्वरूप ने कोतवाली रामसनेहीघाट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के किनारे छोटा सुरजवापुर के पास उनका नया मकान बना हुआ है। बीती 6 मार्च 2026 की रात अज्ञात चोर मकान में घुस गए और वहां रखी ट्रैक्टर की बैटरी, प्लेट टर्मिनल, सीलिंग फैन, डोर हैंडल और सरिया सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

पीड़ित ने बताया कि घटना के समय वह त्योहार के कारण घर पर मौजूद नहीं था। घटना की जानकारी मिलने पर उसने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। चोरी की घटना से उसे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है और परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# खरही लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

पांच माह पूर्व पुस्तैनी भूमि पर खरही लगाने को लेकर दो पक्षों मे हुई जमकर मारपीट के एक मामले मे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नम्बर 38 के आदेश पर एक दर्जन से अधिक लोगो पर अपराधिक मुकदमा थाना मसौली मे दर्ज किया गया है। बताते चले कि मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम देवकलिया मे गत 10 अक्टूबर को गाटा संख्या 602 रकबा 9 एअर जो राजस्व अभिलेखो मे इदरीश पुत्र अमीरे के नाम दर्ज है उक्त भूमि के बगल मे ही स्थित रामक्रेश की गाटा संख्या 600 भूमि है रामक्रेस इदरीश की उस भूमि को कब्जाने को लेकर कई बार पूर्व विवाद हो चुका था जिसको लेकर थाने पर कई बार समझौता होने के बाद भी रामक्रेस पक्ष के लोगो कब्जा नही छोड़ रहे है। इदरीश द्वारा मामला न्यायालय मे पेश करने पर कोर्ट नंबर 13 ने आदेश जारी कर स्थगन आदेश दिया था लेकिन गत 8 अक्टूबर को रामक्रेस ने पुआल की खरही लगा दी जिसकी शिकायत इदरीश ने थाना मसौली मे की परन्तु पुलिस ने कोई ध्यान नही दिया। 10 अक्टूबर की सुबह इदरीश ने भी उसी जमीन पर खरही लगाने लगे तभी रामक्रेस , विकास, रामहेत पुत्रगण रामसेवक, अमर यादव पुत्र संतराम,रमई पुत्र अरविन्द, राकेश, रामकिशुन लाठी डंडो से हमला कर दिया और देखते ही देखते दोनो पक्षों से लाठी डंडा चलने लगे और मारपीट मे मो. सलीम, मो. सिद्दीक पुत्रगण मैकु घायल हो गये थे।

# भगवत् प्रेम का आधार शुद्ध मन है : प्रह्लाद मिश्र

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



भगवत् प्रेम का आधार शुद्ध मन है। जीवन में कोई भी कार्य करने से पहले उसका विचार मन में ही आता है। जब मन पवित्र और रचनात्मक चिन्तन करता है तभी जनहितकारी शुभ कार्यों में प्रवृत्ति होती है। ये विचार बहुता धाम मानस सम्मेलन के छठे दिन रामकथा के सुप्रतिष्पित व्याख्याता पण्डित प्रहलाद मिश्र ने व्यक्त किए भारतीय संतो तथा वेद-पुराण आदि शास्त्रों ने मन की चंचलता, अस्थिरता का भलीभाँति विचार करके सबसे पहले उसे नियंत्रित करने का उपदेश दिया और भगवान से प्रार्थना की कि हमारा मन राग-द्वेष से रहित हो जाय। उसमे सुन्दर भाव उत्पन्न हों। मन की पवित्रता ही रामत्व है और दूषित मन ही रामत्व की पहचान है। राम ही अनुकरणीय आदर्श है। अतः अपने मन और चित्त से रावणत्व को दूर भगाना है। यही मानवता और मानव धर्म है। रायबरेली से आये पं0 कविताकान्त बाजपेयी ने कहा कि मानस महाकाव्य में तुलसी का मंगलाचरण समाज को सुदृढ़ आस्तिकता तथा सत्य, सदाचार जैसे नैतिक मूल्यों के प्रति श्रद्धा-विश्वास की प्रेरणा देता है। रामनगर के कुरुक्षेत्र से समागत तुलसी साहित्य के गम्भीर चिन्तक पं. रामकिंकर मिश्र जी ने गीता के निष्काम कर्म सिद्धान्त की व्याख्या करते हुए बताया कि जब जीव को अपने कर्तापन पर अभिमान हो जाता है तभी वह भगवान की भक्ति से दूर होने लगता है। निष्काम भक्त तो अपने द्वारा होने वाले सभी शुभ कर्मों के फल भगवान को अर्पित कर देता है।

पंडित कृष्ण कुमार मिश्र ने कहा, शारत्रों के अध्ययन का उद्देश्य पवित्र विचारों एवं सिद्धांतों का व्यवहारिक जीवन में प्रयोग है। अयोध्या से आये महन्त सुकृपा दास ने कहा कि जीव ब्रह्म का ही अभिन्न अंश है। अन्तर यह है कि वह ब्रम्ह से विलग होकर माया में फसकर अपने स्वरूप को भूल गया है। जीव को आत्मस्वरूप में ले जाने के लिए ही तरह-तरह की कथाये कही जाती है। रामकथा के मधुर गायक व्याख्याता पं. अजय शास्त्री बिन्दु ने कहा कि वेदान्त दर्शन में आनन्द को ब्रह्म कहा गया है। प्रेमदास कुटी हैदरगढ़ के महन्त लालतादास जी ने कहा कि जो सुख-दुःख, हानि-लाभ तथा मान-अपमान इन इन्द्रों से दूर है, वही सच्चा संत है, संन्यासी और विरक्त है।

# महापुरुषों के नाम से पार्क का हो नामकरण-भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



**ज़ैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के थाना चौराहा पर बनाए जा रहे पार्क के नामकरण को लेकर अन्नदाता भारतीय किसान यूनियन ने विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपते हुए कहाकि महापुरुषों के नाम से पार्क का नाम होना चाहिए ।जानकारी के अनुसार शहर के गन्ना संस्थान मे अन्नदाता भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव मनीराम गौतम के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को शनिवार सौंपा गया ।ज्ञापन में दर्शाया गया कि जैदपुर थाना चौराहा के ठीक सामने एक पार्क का निर्माण सरकार द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहाकि उक्त पार्क का नामकरण जैदपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद कुछ सभासदों के साथ मीटिंग करके अपने स्वर्गीय पिता अलीम के नाम से रखे जाने का प्रयास किया जा रहा है ।जिसकी वह निंदा करते है। उन्होंने कहाकि हमारे देश के महापुरुष जो गुमनामी मे चले गए है उक्त पार्क का नाम महापुरुषो के नाम से रखा जाए ताकि एक अच्छा संदेश दिया जाए। उन्होने कहाकि यदि बदलाव नहीं हुआ तो संगठन इसका पूरी तरह से विरोध करेगा।

## लेखपाल पर फर्जी आख्या लगाने का आरोप, और कार्रवाई की मांग

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** तहसील रामसनेहीघाट में आयोजित समाधान दिवस में भारतीय किसान यूनियन (धर्मेंद्र) के प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव ने शिकायती पत्र देकर हल्का लेखपाल पर ऑनलाइन शिकायतों में फर्जी व मनगढ़ंत आख्या लगाकर अधिकारियों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत पत्र में मायाराम यादव ने बताया कि ग्राम दिलौना, परगना सूरजपुर, तहसील रामसनेहीघाट में तैनात हल्का लेखपाल द्वारा कई मामलों में बिना स्थलीय व अभिलेखीय जांच के ही ऑनलाइन शिकायतों पर आख्या लगाकर उनका निस्तारण कर दिया जाता है। इससे शिकायतकर्ताओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम दिलौना में गाटा संख्या 365 खलिहान के संबंध मे न्यायालय तहसीलदार रामसनेही घाट में हुए बेदखली व जुर्माने के आदेश का अनुपालन की शिकायत की गई।

## किड्स गैलेक्सी स्कूल को सीबीएसई ने दी इंटरमीडिएट की मान्यता

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे नवीन मंडी स्थल के निकट संचालित किड्स गैलेक्सी स्कूल को सीबीएसई बोर्ड द्वारा नर्सरी से लेकर इंटर तक की कक्षाएं संचालित करने की अनुमति मिल गई है। जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रिंसिपल अंजुलिका वर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन के तमाम प्रयासों के बाद विद्यालय को यह मान्यता प्राप्त हुई हैं। बताया कि अभी तक यह विद्यालय कक्षा 8 तक यूपी बोर्ड की इंग्लिश मीडियम मान्यता से संचालित हो रहा था, लेकिन अब 1 अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षिक सत्र में विद्यार्थियों को नवीन पाठ्यक्रम से शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं प्रबंधक अमन वर्मा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए योग्य शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी संपन्न

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू सीआरएम योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों के चयन हेतु ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। यह प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में संपन्न हुई। उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए किसानों द्वारा आवेदन किए गए थे। इनमें लेजर लैंड लेवलर के एक लक्ष्य के सापेक्ष 13, पावर ऑपरेटेड चाफ कटर के 3 लक्ष्य के सापेक्ष 5, रोटावेटर के एक लक्ष्य के सापेक्ष 3 किसानों तथा बेलिंग मशीन (180 से 200 किग्रा.) के एक लक्ष्य के सापेक्ष 3 किसानों द्वारा आवेदन किया गया था। निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप लाभार्थियों के चयन के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई। ई-लॉटरी में चयनित एवं प्रतीक्षारत किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि की सूचना पोर्टल द्वारा भेज दी गई है। यदि निर्धारित समयावधि में चयनित लाभार्थी कृषि यंत्र नहीं खरीदते हैं।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराएं अधिकारी: सीडीओ

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 50, पुलिस 10 एवं अन्य 15 कुल 75 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 04 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# फंदे से लटकी मिली विवाहिता परिजनों ने अस्पताल में काटा हंगामा

लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के सैमसी गांव में शुक्रवार देर शाम एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। परिजन उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के घर वालों ने बताया कि गांव निवासी रिचा शर्मा (24) पत्नी अंकित शर्मा ने घर के कमरे में छत के पंखे के हुक से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। उस समय उसका पति अंकित खेत में पानी लगाने गया था। ससुर अवधेश शर्मा मवेशियों की देखरेख कर रहे थे। शाम को जब अंकित खेत से घर लौटा तो रिचा फंदे से झूलती मिली। आनन फानन में फंदा काटकर उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिवारिजनों ने बताया कि रिचा का विवाह वर्ष 2020 में अंकित शर्मा के साथ हुआ था। वह अपने पीछे पांच वर्षीय बेटे शिवांश को छोड़ गई है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा किया और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने समझा बुझाकर स्थिति को शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## बछरावां सीएचसी में डॉक्टरों को गालियां देने का चल गया है चलन

**बछरावां रायबरेली।** स्थानीय कस्बे में संचालित उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर बीते कुछ वर्षों के दौरान डॉक्टरों तथा स्टाफ को गालियां देने का प्रचलन प्रारंभ हो गया है। प्राइवेट अस्पतालों में जब लोग अपना मरीज ले जाते हैं तो पैसा भी खर्च करते हैं और डॉक्टर के हाथ पैर भी जोड़ते हैं। परंतु सरकारी अस्पताल के अंदर भगवान का दूसरा स्वरूप जो डॉक्टर के रूप में होता है, उसे गालियां देना अपनी शान समझते हैं। यह लोग तो गालियां देकर चले जाते हैं, परंतु जब वही अच्छा डॉक्टर अपना स्थानांतरण करा लेता है तो तकलीफ क्षेत्र के लोगों को होती है। कुछ डॉक्टर तो राजनीति का शिकार करके यहां से हटा दिए गए, जैसे महिला डॉक्टर हुमा कौसर, पुरुष डॉक्टर गणनायक पांडे! इन डॉक्टरों के जाने का खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है।

# जनप्रतिनिधियों व ग्रपं में तैनात कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार योजनान्तर्गत जनप्रतिनिधियों पंचायत सहायक व ग्राम विकास अधिकारी क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों को एकदिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण महराजगंज ब्लाक सभागार में दिया गया। ट्रेनर संजीव मिश्रा व अस्मिता सिंह के द्वारा आए हुए लोगों को प्रशिक्षित किया गया।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना अभी तक ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी मिलकर बनाते थे उसी योजना में महिलाएं एवं बाल सभा क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्रामीण स्तर पर सरकारी चिकित्सकों अध्यापकों एवं ग्राम पंचायत के सम्मानित लोगों की बैठक करके योजना बनाई जाएगी और सभी के विचार लिए जाएंगे। इसी का प्रशिक्षण आज ब्लॉक सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत में कार्य कर रहे कर्मचारियों को दिया गया है। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी सर्वोत्तम सिंह अरुण कुमार मनोज यादव वीरेंद्र पाल यादव अमरेंद्र चौधरी महेंद्र शुक्ला ग्राम प्रधान संतलाल लोधी रमेश मौर्य प्रधान दयाशंकर भगवानदीन फौजी गंगासागर पांडे गुड्डू सिंह बेलवा मोन प्रधान अमरेश कुमार बबलू शुक्ला डोमापुर प्रधान राजकुमार जिह्वा प्रधान जंग बहादुर यादव सत्रोहन लोधी सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

**ट्रेनर संजीव मिश्रा व अस्मिता सिंह के द्वारा आए हुए लोगों को किया प्रशिक्षित**

# मनरेगा कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश शाखा महराजगंज के कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारियों से संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जनपद में कार्यरत मनरेगा कर्मियों द्वारा आपके तथा विभाग के निर्दोषों के क्रम में जनपद के लक्ष्य की पूर्ति में पूर्ण योगदान देते हुए लक्ष्य पूर्ति की गई। तथा विभागीय कार्यों के अतिरिक्त एस आई आर सर्वे सहित अन्य कार्यों में भी अपना पूर्ण योगदान दिया गया है। किंतु विभागीय शिथिलता के कारण हम कर्मियों को विगत जुलाई 2025 से मानदेय नहीं मिला है। तथा ईपीएफ की देयता भी काफी समय से लंबित है ।विगत दीपावली में वेतन नहीं मिल पाया तथा वर्तमान होली में भी वेतन नहीं मिल पाया जिस कारण हम कर्मियों की पारिवारिक जिम्मेदारियां वृहद स्तर पर प्रभावित हो गई।

गंभीर आर्थिक संकट के कारण हम कार्मिक विभागीय दायित्व तथा पारिवारिक जिम्मेदारियां में संतुलन नहीं बना पा रहे हैं। मानदेय न प्राप्त होने के कारण उत्तर प्रदेश के मनरेगा कार्मिकों द्वारा आत्महत्या किए जाने जैसी घटनाएं घटित हो रही है यह स्थिति अत्यंत अति संवेदनशील तथा संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित जीवन के अधिकार के पूर्णता विपरीत है इस संबंध में संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिनांक 23 2.2026 को आयुक्त रोजगार गारंटी आयुक्त महोदय ग्राम विकास उत्तर प्रदेश को व्यक्तिगत मिलकर स्थितियों की गंभीरता से अवगत कराया गया तथा सूचित किया गया की समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा 12 राज्यों में उत्तर प्रदेश द्वारा सर्वाधिक मानव दिवस सृजित करने पर प्रशंसा की गई स्पष्ट है की सर्वाधिक मानव दिवस सृजित करने पर प्रशासनिक मद का सृजन भी अधिक हुआ है किंतु अधिक प्रशासनिक सृजित होने के बाद भी कर्मचारियों को मानदेय तथा ईपीएफ की देयता का भुगतान न होना वित्तीय अनियमितता को इंगित कर रहा है। इस मौके पर एपीओ राजीव त्यागी शोभित प्रकाश सिन्हा अविनाश चंद्र मिश्र सुरेश कुमार पूनम यादव नन्हेंलाल सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत मल्लापुर में फर्जी भुगतान का आरोप, सचिव पर उठे सवाल

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

रेउसा विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्लापुर में इन दिनों ग्राम पंचायत के वित्तीय कार्यों को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में दो अलग-अलग नामों से मानदेय और भुगतान किए जा रहे हैं, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में लिखित अभिलेखों में ग्राम प्रधान के रूप में कमल कांत का नाम दर्ज है और ऑनलाइन पोर्टल पर भी उन्हीं का डोंगल शो कर रहा है। लेकिन आरोप है कि सचिव संतराम पटेल द्वारा भुगतान प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है। बताया जा रहा है कि भुगतान कमल कांत के डोंगल से किया जा रहा है, जबकि मानदेय पिछले लगभग पाँच वर्षों से लगातार बृजेश कुमार के खाते में डाला जा रहा है। सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 और 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से फर्जी भुगतान और बिना बिल-वाउचर अपलोड के आरोप ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पंचायत आईडी 111613300 पर प्रशासनिक मद में भुगतान लगाया गया, लेकिन संबंधित बिल-वाउचर अपलोड नहीं किए गए और उनकी जगह कथित रूप से फर्जी फोटो अपलोड कर दी गईं।

इसी प्रकार आईडी 48771372 पर स्ट्रीट लाइट के नाम पर भी बिना बिल-वाउचर के भुगतान दर्शाया गया है, जिसमें फर्जी फोटो अपलोड करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विकासखंड स्तर के अधिकारी निष्पक्ष जांच करें तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। आरोप है कि सचिव की मनमानी इस हद तक बढ़ गई है कि वह प्रशासन और शासन की पारदर्शिता व्यवस्था को खुली चुनौती दे रहे हैं।

**निष्पक्ष जांच की मांग:** मल्लापुर के ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित सचिव और जिम्मेदार प्रधान के खिलाफ कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि केवल औपचारिक नोटिस देकर मामले को ठंडे बस्ते में डालना भ्रष्टाचार को संरक्षण देने जैसा होगा।

## डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रसव कक्ष पहुंचकर अव्यवस्थाओं को देखते हुये कड़ी नाराजगी व्यक्त की। स्टॉफ नर्स अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन काटनें, चिकित्सक अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन, फार्मासिस्ट द्वारा दवाएं सही दिखाये जाने एवं दवाओं का रख–रखाव सही ढंग से न होने पर फार्मासिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के साथ ही एक दिन का वेतन काटनें के निर्देश दिये। कमियां जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बिसवां का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जायें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी0.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 76 शिकायतों में से 12 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

# पड़ोसी देशों में संघर्ष, महंगाई की मार झेलेगा मध्यम वर्ग

**▸ गैस सिलेंडरों में मूल्य बढ़ोत्तरी को लेकर आम और खास जनमानस में मीठी तीखी प्रतिक्रिया शुरू**



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अमेरिका/इजरायल और ईरान जंग के चलते जहां देश में गैस किल्लत की आशंका के चलते जहां गैस सिलेंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई, वहीं अन्य पेट्रो पदार्थों (सीएनजी/पेट्रोल, डीजल) में भी बढ़ोत्तरी के संकेत साफ नजर आने लगे हैं।

घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों में हुई वृद्धि को लेकर जहां गैर राजनैतिक दलों के लोगों की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है,वहीं मध्यम वर्गीय परिवार भी अपने मासिक बजट को प्रभावित होने की बात कहते हुए तीखी मीठी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। बताते चलें कि, ईरान के ड्रोन हमले के बाद भारत को गैस सप्लाई करने वाले सबसे बड़े देश कतर ने अपने स्त्रत्त प्लांट का प्रोडक्शन रोक दिया है, इससे भारत में गैस सप्लाई घट गई है। जबकि सरकार ने बीती 5 मार्च को इमरजेंसी पवार इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफायनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था। फिलहाल की स्थित की बात करें तो, अमेरिका/इजरायल और ईरान की जंग के चलते देश में महंगाई का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ेगा। शनिवार से जहां गैस सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि के चलते माध्यम वर्गीय परिवारों में महंगाई को लेकर तीखी मीठी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं वहीं राजनैतिक दलों के लोगों ने भी सरकार पर इस महंगाई के मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

आपको बता दें कि, जहां गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों में अब घरेलू गैस के लिए 60 रुपए जनमानस को अपनी रोजमर्रा की जरूरत को लेकर अतरिक्त देने पड़ेंगे वहीं कमर्शियल सिलेंडर में भी 115 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। उपरोक्त देशों में युद्ध के हालातों पर गौर करें तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि, जल्द ही सीएनजी, डीजल, पेट्रोल सहित अन्य पेट्रो पदार्थों में भी किसी भी समय बढ़ोत्तरी हो सकती है।

फिलहाल गैस सिलेंडरों में हुई बढ़ोत्तरी को लेकर सामान्य वर्ग के माध्यम क्लास वर्ग के लोगों पर बोझ बढ़ा है। इसको लेकर राजनैतिक दलों की बात करें तो सपा नेता इंद्रेश यादव, अंशू पाल, अनिल पाल, दिलशाद हुसैन, अन्नपूर्णा राजपूत, अंगूरी दहाड़िया, अंशुल गुप्ता, दिनेश बॉथम, सहित घरेलू महिलाएं भी गैस के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर सरकार के प्रति अपना गुस्सा दिखा रहे हैं। राजनैतिक दलों के लोगों को कहना है, कि देश में किसी भी आपदा को लेकर पहले ही सरकार को अपनी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे जनता को इसका खामियाजा ना भुगतना पड़े। व्यापारी ब्रजेश गुप्ता, कल्लू गुप्ता, सोनू राजपूत, आशू गुप्ता, आदि के अलावा घरेलू महिलाओं में रानी वर्मा, शीतल, दिव्या, सोनी, अर्पिता, आदि का कहना है कि, देश की सरकार को हालातों को देखते हुए महंगाई के मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आम जनमानस और मध्यमवर्गीय परिवारों को इसका खामियाजा ना भुगतना पड़े। कई अन्य लोगों ने भी गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

# तहसील मार्ग पर उठी जलभराव से निजात दिलाने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एवं वार्ड 17 गोविंद नगर के सभासद सुशील पांडेय एडवोकेट ने तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर तहसील व सिविल न्यायालय आने वाले रास्ते पर जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील व सिविल न्यायालय के पश्चिमी गेट से आने वाले रास्ते पर जलभराव के कारण मार्ग अवरुद्ध है। यहाँ पर बस्ती से बहने वाले गन्दे पानी के कारण जलभराव है, जिससे अधिवक्ताओं, वादकारियों व आम जनमानस को आने जाने में भयंकर परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। प्राचीन गंगेश्वरनाथ मन्दिर व प्राइमरी एवं मान्टेसरी स्कूलों को आने जाने का एक मात्र रास्ता यही है और इसी रास्ते से प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों व तहसील के सभी कर्मचारियों के वाहन नालियों के गन्दे पानी में घुसकर आते जाते हैं। इस कारण कई बार वाहनों से दुर्घटनाएं भी हो गयी हैं और लोग गिरकर चुटहिल हो गये हैं। इस भरे हुऐ गंदे पानी के कारण बीमारियों के बढ़ने का खतरा बना रहता है। अतः इस समस्या का निराकरण अविलंब कराने की कृपा करें। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने उपरोक्त पत्र जिला पंचायत अध्यक्ष के व्हाट्सएप्प पर तुरन्त भेज दिया और सड़क को शीघ्र बनवाए जाने हेतु फोन भी किया।

## जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने किया जान देने का प्रयास



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के मोहल्ला ऊंचा बिरतिया में एक युवक का किसी बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया। गालीगलौज के साथ मारपीट हुई थी। पुलिस से शिकायत के भी हमलावरों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे आहत होकर पीड़ित युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजन उसे इलाज को फरूखाबाद ले गए। मोहल्ला ऊंचा बिरतिया निवासी छुन्नू उर्फ मोहित पुत्र राजू का किसी बात को लेकर मोहल्ले के कुछ लोगों से विवाद हो गया था। गालीगलौज के साथ हमलावरों ने उसके साथ मारपीट भी की थी। इस मामले में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की थी। इस पर पुलिस ने हमलावरों पर शांतिभंग की कार्रवाई की थी, लेकिन पीड़ित इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हुआ। उसका आरोप है कि पुलिस से छूटने के बाद आरोपियों ने पुनः उसे जानमाल की धमकी दी, जिससे आहत होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए सौ शैया अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे इलाज को फर्रुखाबाद ले गए। युवक की हालत चिंता-जनक बनी हुई है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण पर जोर

**▸ आरबी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से हुआ आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




मोहल्ला इंदिरा नगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम में कई विख्यात महिलाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापिका सरोजनी देवी यादव ने कहा महिला सशक्तिकरण समाज की नींव है। आज की लड़कियां कल की मजबूत मां, कुशल शिक्षिका, सफल उद्यमी और प्रेरणादायक नेता बन रही हैं। हमें उन्हें शिक्षा, सम्मान और समान अवसर देने चाहिए ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। विशिष्ट अतिथि बीके शिवानी ने कहा कि महिलाएं अपनी क्षमता से हर चुनौती को पार कर सकती हैं। समाजसेविका एवं प्रातः प्रभातफेरी की मधु शुक्ला ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और प्रभात फेरी जैसी गतिविधियां महिलाओं को सामाजिक जागरूकता के लिए प्रेरित करती हैं। बार एसोसिएशन की प्रशासनिक सदस्य वेदमती एडवोकेट ने कहा कि कानूनी अधिकारों की जानकारी महिलाओं को सशक्त बनाती है, जिससे वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। समाजसेविका रमन चौहान ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण परिवार और समाज दोनों को मजबूत करता है, हमें उनकी सुरक्षा और सम्मान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। विद्यालय परिवार की सदस्य खुशबू शुक्ला ने सभी को बधाई दी और महिला दिवस की थीम %सशक्त नारी, समृद्ध समाज% पर जोर दिया। विद्यालय की संचालिका रजनेश शुक्ला एवं खुशबू शुक्ला ने शॉल एवं माला पहनाकर सभी अतिथियों का सम्मान किया। प्रिंसिपल माधवी सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में बार एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष अंजू पटेल, सुभि मिश्र, सीता गुप्ता, श्रीमती गीता, गुंजन श्रीवास्तव, साथमा, सुषमा पाल, सुनीता पाल, भावना मिश्रा, सपना पाल, सुदर्शना वर्मा, नीलम, निवेदिता, सविता, अनुसा शुक्ला, आस्था शुक्ला सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# शराब के नशे में की मारपीट पिता-पुत्र समेत छह घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर की कांशीराम कालोनी में शराब के नशे में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। गालीगलौज के साथ जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। कांशीराम कालोनी निवासी विधवा किरन पत्नी सुनील कुमार ने कालोनी के निवासी ईशू, उसके पिता दाताराम और उसकी मां लक्ष्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उक्त लोग कालोनी की दूसरी मंजिल पर रहते हैं। आये दिन शराब पीकर गालीगलौज करते हैं। उसके साथ अभद्रता करते रहते हैं। उसके विरोध करने पर पांच मार्च की दोपहर करीब ढाई बजे उपरोक्त तीनों ने गालीगलौज कर मारपीट की। जिसमें उसके पुत्र राजन और भाई आशीष को चोटें आईं। लक्ष्मी उसे घसीट कर ले गई। उन लोगों ने जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर घायलों को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। उधर, दूसरे पक्ष से लक्ष्मी पत्नी दाताराम ने किरन बाथम, राजा व आशीष शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी उपरोक्त लोग आए और गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गई। जब उसका पुत्र और पति बचाने आए, तो उनके साथ भी मारपीट की। मोहल्ले के लोगों के आ जाने पर वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

## खबरें एक नजर में

### संपूर्ण समाधान दिवस में 134 शिकायतों में 20 का निस्तारण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 134 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने की। शिकायतों में राजस्व विभाग से 75, पुलिस से 31, विकास से 11, पूर्ति विभाग की 4 सहित 13 अन्य शिकायत प्राप्त हुई। निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिन्हें मौके पर भेजा गया। इस दौरान राजस्व विभाग की 20 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही, अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए। इस आयोजन का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके।

### बाइक से परीक्षार्थी का मोबाइल चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के बहवलपुर गांव निवासी अभिषेक शाक्य पुत्र राजेश शाक्य कुंवर योगेंद्र सिंह इंटर कालेज अंबेडकरनगर सिकंदरपुर का छात्र है। 27 फरवरी को वह हाईस्कूल की परीक्षा देने गया था। उसने अपना मोबाइल बाइक की डिग्गी में रख दिया। दोपहर करीब 12 बजे पेपर देने के बाद जब वह वापस आया, तो देखा बाइक की डिग्गी में मोबाइल नहीं है। मोबाइल की कीमत लगभग 20 हजार रूपये है। तलाश के बाद भी जब मोबाइल कहीं नहीं मिला, तब उसने कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### गिहार कालोनी से अवैध शराब समेत गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली की नवीन मंडी चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार चतुर्वेदी ने नगर के मोहल्ला रामनगर गिहार कालोनी में मोहल्ला रामनगर निवासी सनी पुत्र दिलीप को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से प्लास्टिक की कट्टी में अवैध देशी शराब बरामद हुई है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

### सपा कार्यालय पर होली मिलन समारोह आयोजित

**कन्नौज।** नगर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में शनिवार को सपा नेत्री शशिमा सिंह दोहरे के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष कलीम खान ने किया, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष कन्नौज पी.पी. सिंह वघेल ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कलीम खान ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर अपने स्नेह और अपनत्व का इजहार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व इस बात का भी संदेश देता है कि भारत की एकता और अखंडता को नफरत फैलाने वाले कभी खत्म नहीं कर सकते। समारोह में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन, प्रदेश उपाध्यक्ष सयुस हसीब हसन, राष्ट्रीय सचिव राम शंकर लोधी, प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, राजेश यादव, बबली दोहरे, विवेक पाल, मुकुट सिंह, अजय कश्यप, शकील अहमद, हुकुम सिंह, आशीष यादव, सोनम सिंह, राजेश पाल, विशाखा यादव, कौशर खान, मुस्ते हसन, अंगूरी दहाड़िया, कुसुम यादव, वीरेंद्र कटियार, कमलेश कटियार, ब्रजभान सिंह, शाहिद वारसी, इरफान खान (प्रधान) और मुन्ने खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम ने कराया रोज़ा इफ्तार

**▸ अध्यक्ष प्रतिनिधि व पुत्र अयान हुसैन बोलें यह नेक काम**

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



समधन नगर में शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम ने अपने आवास पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया इस अवसर पर उनके पुत्र व प्रतिनिधि अयान हुसैन सिद्दीकी ने रोजा इफ्तार कराने को एक बड़ा नेक काम बताया। अयान हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि रोज़ा रखना फर्ज है और इससे शरीर व आत्मिक शांति मिलती है, उन्होंने बताया कि रोजा इफ्तार जैसे कार्यक्रम अल्लाह को बहुत पसंद है। और लोगों में आपकी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने आगे कहा कि रोज़ा गुनाहों से बचने का मार्ग दिखाता है। और भूख प्यास का महत्व समझाता है। रमजान का महीना बरकत वाला होता है। जिसमें अल्लाह नेकियों का सबाब 70 गुना अधिक बड़ा देता है। अयान हुसैन ने इस महीने में गरीब और परेशान लोगों की मदद करने और गुनाहों से बचने की सलाह दी इस अवसर आफाक हुसैन, आकिल हुसैन, नोमान, अताउल्ला अली, मतलूब हुसैन, रियाज अहमद, मुजम्मिल हुसैन, मानू खान, राजा, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद नईम आदि अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का सामान राख

**▸ पूर्व ब्लाक प्रमुख ने मुआवजे की उठाई मांग**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विद्युत शॉर्ट सर्किट से अचानक घर में आग लग गई जिससे घर में रखा गेहूं चावल सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलते ही परिजनों एवं ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख ने जिला प्रशासन से गरीब ग्रामीण को मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमबरपूर्वा निवासी पंकज यादव पुत्र देवेश यादव के घर में लाइट की केवल स्पार्किंग करने लगी जिससे घर में अचानक आग लग गई आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका पंकज यादव पुत्र देवेश यादव के मुताबिक घरेलू गृहस्ती का सामान तथा 20 कुंटल अनाज भूसा लकड़ी की चारपाई तथा नगद रुपया के अलावा अन्य कीमती सामान भी जलकर राख हो गया आग की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने पंकज यादव के आवास पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग का विकराल होने के चलते घरेलू सामान को नहीं बचा पाए घटना की जानकारी मिलते ही विकास खंड तालग्राम के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेंद्र यादव उर्फ मोटे पीड़ित पंकज यादव के घर पहुंचे और उन्होंने आग लगने के संबंध में पूरी जानकारी हासिल की। और पीड़ित पंकज यादव को सांत्वना दी।

उन्होंने मौके पर लेखपाल को फोन करके बुलाया और आग की क्षति का आकलन करने के लिए कहा इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से पंकज यादव पीड़ित को आर्थिक सहायता दिल जाने की भी मांग उठाई है घटना स्थल पर ग्राम प्रधान विनय कुमार यादव भी पहुंचे और उन्होंने पीड़ित ग्रामीण पंकज यादव से आग लगने का कारण पूछा और हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

# उमर्दा में 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के तहत दिया प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' (माइक्रो इरिगेशन) योजना 2025-26 के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल, उमर्दा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दो बैचों में कुल 100 किसानों को सूक्ष्म सिंचाई तकनीक की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक शिवसेवक पाण्डेय ने किया। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई पद्धति अपनाकर किसान कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं और खेती की लागत भी घटा सकते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी के उद्यान वैज्ञानिक अमर सिंह ने पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की कमियों पर प्रकाश डालते हुए ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से पानी, श्रम और ऊर्जा की बचत होती है तथा फसलों के उत्पादन में वृद्धि होती है।

वैज्ञानिक डॉ. अमरेन्द्र सिंह ने सब्जियों की खेती में ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई की तकनीक समझाई। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र गुवारी, औरैया के डॉ. इन्द्रपाल सिंह ने पॉलीहाउस में सब्जियों की उन्नत खेती की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का लाइव प्रदर्शन भी दिखाया।

# कार चालक ने दो बाइक सवारों को रौंदा, बिजली पोल क्षतिग्रस्त

**▸ मौके पर मौजूद ग्रामीण बोले नशे में था कार चालक, मैनेजर बोले आरोप गलत**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सड़क दुर्घटना का आलम देख आसपास से गुजर रहे ग्रामीण और राहगीर उस समय दंग रह गये जब एक तेज रफ्तार कार के चालक ने सामने से आ रहे एक बाइक पर सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, इतना ही नहीं इसके बाद कार की टक्कर से सड़क किनारे लगा बिजली पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। मामला कन्नौज जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के तिर्वा कन्नौज अगौस गांव के सामने हुआ। जानकारी के मुताबिक सायं एक कार इंदरगढ़ की ओर से तिर्वा की ओर आने के लिए रवाना हुई। जैसे ही कार अगौस गांव के निकट पहुंची तभी सामने से आ रहे दो बाइक सवार लोगों को कार के चालक ने अनियंत्रण के करना जोरदार टक्कर मार दी। कार की स्पीड इतनी तेज थी कि, बाइक को टक्कर मारने के बाद कार सड़क के निकट स्थित बिजली पोल से जा टकराई।

घटनाक्रम के दौरान आसपास से गुजर रहे ग्रामीण भी दुर्घटना का मंजर देख दंग रह गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ भी पहुंच गई। मामले की सूचना थाना पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया।

दुर्घटना में बिजली पोल के अलावा जहां बाइक और कार क्षतिग्रस्त हुईं वहीं दुर्घटना में घायल सड़क पर पड़े दोनों बाइक सवार घायलों दुर्गेश कुमार और सत्यवीर को पुलिस ने उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भिजवाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि कार की स्पीड बहुत तेज थी और कार चालक नशे में था। वहीं पुलिस की शुरुआती जांच पड़ताल में सामने आया है कि, स्थानीय आर्यावर्त बैंक के मैनेजर राजेंद्र सिंह की कार दुर्घटना में शामिल बताई गई है। बैंज मैनेजर के मुताबिक कार को बैंक में कार्यरत कर्मी वलजीत सिंह बैंक ड्यूटी करके तिर्वा गया था।

घटना के दौरान वह कार में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कार चालक के नशे में होने की बात से भी इंकार किया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल फिलहाल थाना पुलिस कर रही है। पता चला है कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से सुलह समझौते के प्रयास जारी थे।

# 22 मई से 20 जून तक जनगणना का होगा प्रथम चरण

**▸ 7 मई से शुरू होगा सेल्फ एन्यूमरेशन का नगर में कार्य**

**▸ नगर पालिका परिषद उपलब्ध कराएगा पोर्टल**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आगामी 22 मई से 20 जून 26 तक नगर में जनगणना का कार्य शुरू होगा प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग का कार्य किया जाएगा इससे पहले 7 मई से 21 मई 2026 तक स्वयं गणना सेल्फ एन्यूमरेशन का कार्य नगर के लोग करेंगे। इसके लिए नगर पालिका परिषद पोर्टल क्रिएट कर रही है। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने दी उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के महा रजिस्टर कार्यालय अधिसूचना नई दिल्ली के अनुपालन में जनगणना 2027 के संबंध में मकान सूचीकरण तथा मकान की गणना अनुसूचियो के माध्यम से जानकारी एकत्रित करने के लिए प्रगणित मदों के संबंध में व्यक्तियों से इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे ।उन्होंने बताया जिसमें प्रमुख रूप से भवन नंबर नगर या स्थानीय अथवा जनगणना नंबर जनगणना मकान नंबर जनगणना मकान से फर्श में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री जनगणना मकान के दीवार में प्रयुक्त सामग्री जनगणना मकान के छत में प्रयुक्त सामग्री मकान के उपयोग मकान की हालत परिवार क्रमांक परिवार में सामान्य रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या परिवार के मुखिया का नाम परिवार के मुखिया का लिंग परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति जनजाति अन्य से संबंधित है मकान में स्वामित्व की स्थिति परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या परिवार में ÷रहने वाले विवाहित दंपतियों की संख्या पेयजल का मुख्य स्रोत पेयजल की उपलब्धता प्रकाश का मुख्य स्रोत शौचालय की सुलभता शौचालय का प्रकार गंदे पानी की निकासी स्नान करके उपलब्धता रसोई घर और एलपीजी पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईंधन रेडियो ट्रांजिस्टर टेलीविजन इंटरनेट सुविधा लैपटॉप कंप्यूटर टेलीफोन मोबाइल स्मार्टफोन साइकिल स्कूटर मोटरसाइकिल मोपेड कर जी बंद परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य अनाज मोबाइल नंबर केवल जनगणना संबंधित ससूचना के लिए नागरिकों को उपलब्ध करना पड़ेगा उन्होंने बताया कि 7 मई 2026 स्वयं जनगणना का कार्य 21 में 2026 तक चलेगा जिसमें प्रत्येक नागरिक ऊपर दिए गए बिंदुओं को स्वयं अपने मोबाइल पर अपलोड करेगा उन्होंने बताया कि मोबाइल का एप नगर पालिका परिषद द्वारा लोकेशन के हिसाब से उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें प्रत्येक नागरिक अपनी स्वयं सही सूचना फिलप कर सके उसके बाद 22 मई से 20 जून तक जनगणना का प्रथम चरण होगा जिसमें हाउस लिस्टिंग का कार्य प्रग्रणक द्वारा किया जाएगा उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य पूर्ण रूप से डिजिटल फॉर्म में किया जाएगा यह कार्य पेपर लेस होगा उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य इस बार आसानी से किया जा सकेगा इसका प्रचार प्रसार भी करना शुरू कर दिया गया है।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान की अध्यक्षता में शनिवार को तिर्वा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बताते चलें कि, शनिवार को तिर्वा तहसील मुख्यालय पर आयोजित समाधान दिवस में महिला पुरुष फरियादियों की भीड़ नजर आई।

पीड़ित फरियादियों ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार से समक्ष अपनी अपनी शिकायतें रखीं। फरियादियों की इन समस्याओं में अधिकतर जमीनी विवाद, घरेलू मामले, पुलिस संबंधी,पट्टे आदि की समस्याएं रहीं। मौके पर 115 महिला पुरुष फरियादियों ने अधिकारियों से अपनी अपनी समस्याओं के निदान को लेकर गुहार लगाई। मौके पर आई शिकायतों में 18 शिकायतों को अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मियों के अलावा लेखपाल, पुलिस आदि को निर्देशित कर हल करवाया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारी और विभागीय कर्मियों को निर्देशित कर जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। डीएम और एसपी ने यह भी निर्देश दिया कि, किसी भी पीड़ित फरियादी की समस्या अगली बार उनके सामने ना आए, इसलिए समस्याओं का त्वरित रूप से निदान कर दिया जाये।

# नम आंखों से शहीद कुलदीप यादव को पूरे सम्मान के साथ दी गई अन्तिम विदाई

**डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने पुष्पांजलि अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज के कलौली मेहबुल्लापुर निवासी कुलदीप यादव सेना में वर्तमान में लेह-लद्दाख में तैनात थे। बर्फस्खलन के कारण उनका देहांत हो गया था। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर उनके निज निवास पहुंचा। जहां जिले भर से संभ्रांत व्यक्तियों एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने नम आँखों से उन्हें अन्तिम विदाई दी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने गांव कलौली मेहबुल्लापुर पहुंचकर पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देकर नम आँखों से अन्तिम विदाई दी। उन्होंने कहा कि कुलदीप यादव की शहादत इस देश की धरोहर है, हम सब लोग उनके ऊपर गर्व महशूस कर रहे हैं। वो लोग बड़े भाग्यशाली होते हैं जिनका जीवन इस देश के काम आता है। वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।


दुखी परिजनों को सांत्वना देते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव


पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव व सपा जिलाध्यक्ष


शहीद सैनिक के मुखाग्नि के दौरान श्रद्धांजलि देते सेना के जवान

शहीद हवलदार कुलदीप यादव पुत्र महेंद्र सिंह वर्ष 2011 में फतेहगढ़ से रेजीमेंट ऑफआर्टिलरी में जवान के पद पर भर्ती हुए थे। वर्ष 2025 से वह लेह स्थित सियाचिन ग्लेशियर के बेस कैंप में (34) यूनिट के 872 लाइट रेजिमेंट तोपखाना में तैनात थे। उनकी यूनिट इन दिनों लेह के ग्लेशियर पर पाकिस्तान बॉर्डर जाने के लिए पत्तापुर (लेह) में ट्रेनिंग कर रहे थे। ड्यूटी के दौरान करीब एक सप्ताह पहले अचानक हुए हिमस्खलन में उनकी बटालियन के लगभग सात जवान बर्फ में दब गए थे। जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाकर उन्हें निकाल लिया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया। स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद वह गुरुवार को यूनिट ट्रेनिंग एरिया पहुंचे। तो वहां बेहोश होकर गिर पड़े, सेना ने उन्हें सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया। वहां रात 10:30 बजे अंतिम सांस ली। रात 11 बजे के करीब परिजन को सूचना दी गई। इससे परिजन में चीख पुकार मच गई। घर में पिता महेंद्र सिंह यादव, माता गेंदा देवी, पत्नी प्रियंका यादव और पुत्री उम्र 6 मन्नत व पुत्र 4 उम्र राम आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गयी।

कुलदीप सात भाइयों में चौथे नंबर के थे। बड़े शिवराम सिंह, रामजीत, सुरजीत और छोटे अतुल, आलोक, अवनीश हैं। अंतिम यात्रा के दौरान माहौल गम और गर्व का अद्भुत मिश्रण था। हाथों में तिरंगा लहराते लोग भारत माता की जय और शहीद कुलदीप यादव अमर रहें के नारे लगाते चल रहे थे। हर चेहरे पर दर्द था, लेकिन आंखों में गर्व की भी चमक थी। लोगों ने पुष्पचक्रअर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सेना के आये अधिकारियों की निगरानी में सेना की टुकड़ी द्वारा हवा में फायर कर शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र शाक्य, जिला उपाध्यक्ष डॉ.नवरंग सिंह यादव, साजिद अली, अश्विनी यादव, अरविंद यादव, अजीत यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव आदि लोग साथ रहे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, एसडीएम सदर रजनीकांत, थाना नवाबगंज पुलिस, फतेहगढ़ कैंप से आए लगभग 20 आर्मी जवान मौके पर मौजूद रहे। पूर्व सैनिकों ने भी शहीद को सलामी देकर श्रद्धांजलि दी।

# एसपी ने थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

**लंबित मामलों को निस्तारण करने का दिये निर्देश**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने थाने में खड़े एमवी एक्ट के वाहनों को जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसपी ने शस्त्र रजिस्टर, क्राइम व विवेचनाओं के निस्तारण अभिलेखों का रख-रखाव को और बेहतर करने तथा लंबित मामलों को निस्तारण का निर्देश दिया।

शनिवार दोपहर एसपी आरती सिंह ने कंपिल थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाएं एवं बांछित अपराधी की गिरफ्तारी करने के साथ ही हिस्ट्रीशीटरों की चैकिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही हिस्ट्रीशीटरों के आपराधिक इतिहास के साथ उनके स्वजनो व रिश्तेदारों के भी इतिहास को खोलने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारी नितिन कुमार से थाने में खड़े लावारिस व एमवी एक्ट के वाहनों को जल्द हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने थाने में खड़े वाहन, शस्त्र, कार सहित मालों का जल्द निस्तारण करने का आदेश दिया। वहीं वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के आदेश दिए। इसके बाद माल खाना, बीटबुक ,सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क व नए मिशन शक्ति केंद्र के ऑफिस का निरीक्षण किया।

उन्होंने लंबित पडी विवेचना एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर थाने में आए प्रार्थना पत्रों पर जल्द ही कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।


थाने का निरीक्षण करती एसपी

## 17 तीर्थ यात्रियों का जत्था रामेश्वरम यात्रा के लिए रवाना

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** प्राचीन नगरी कंपिल से 17 तीर्थ यात्रियों का जत्था रामेश्वरम यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा में शामिल भक्तगणों को समाजसेवी किशनू चतुर्वेदी ने व उनके सहयोगियों ने सभी का तिलक कर व वस्त्र भेंट कर रवाना किया। इस दौरान भक्तों में काफी उल्लास देखने को मिला। प्राचीन तीर्थ नगरी कंपिल से 17 तीर्थयात्री समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता किशनू चतुर्वेदी द्वारा पीला पीताम्बर भेंट कर विधिवत रवाना किए गए। इस अवसर पर नगर के समाजसेवी किशनू चतुर्वेदी एवं लालन मिश्रा ने सभी तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के लिए विदा किया। तीर्थयात्रियों का कायमगंज रेलवे स्टेशन पहुंचने पर वहां उपस्थित लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्री कुलदीप सैनी, सुभाष सुनार सहित राजेश शर्मा, ने बताया मथुरा स्टेशन से तिरुवनंतपुरम जाएंगे। बहाँ से भगवान भोलेनाथ रामेश्वर भगवान के दर्शन करेंगे। श्री राम के धनुष कोड़ी आदि का भी दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया है कि भगवान श्री राम ने श्रीलंका में समुद्र के का पुल बनाने से पहले रामेश्वरम की शिव लिंग की स्थापना की थी। इस दौरान अमन सैनी, वंशी पाण्डेय, आशीष वघेल, राजा सैनी सहित लोगो ने सभी तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया एवं वस्त्र भेट किये। तीर्थयात्रा पर रवाना होने वालों में कुलदीप सैनी, सुभाष सुनार, दिलीप कुमार राजपूत, धर्मेन्द्र कुमार, धर्मवीर राजपूत, सुखराम, शिवम चौहान, अवधेश कुमार, ओम शक्ति सैनी, राजेश शर्मा उर्फटीटू शर्मा, शिवम गुप्ता, रजत गुप्ता, सुरजीत शाक्य, ग्रीश शाक्य, राजू राजपूत, मगली सहित अन्य यात्री शामिल रहे।


रवाना होते श्रद्धालु

# जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद का किया निरीक्षण, नागरिक सुविधाओं का लिया जायजा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा नगर पालिका परिषद कायमगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने नगर पालिका कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन करते हुए कर वसूली, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गमन, सफाई व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति से संबंधित अभिलेखों की समीक्षा की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई कराई जाए तथा नालियों की समय-समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए जिससे जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए तथा खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के सभागार में सीपेज पाया गया इस पर जिलाधिकारी ने इसे तत्काल सही कराने के निर्देश दिये साफ-सफाई औसत पाई गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कायमगंज, नगर पालिका अध्यक्ष कायमगंज तहसीलदार कायमगंज व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### एचटी लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कलश यात्रा निकाल रहे युवक का बांस एचटी लाइन में टच होने से युवक की मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी मनोज मेडिकल वालों के यहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। महिलायें- पुरुष ग्रामीणों के द्वारा कलश यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें महिलाएं पुरुष डीजे की धुन पर नाच रहे थे, तभी मनोज के छोटे भाई मुकेश का 17 वर्षीय पुत्र अखिलेश भी हरे बांस में अपना झंडा लगाए लहराता हुआ नाचते-गाते कलश यात्रा में जा रहा था, तभी अचानक उनका झंडा एचटी लाइन में टकरा गया और अचानक भीषण करंट लगा। वहीं लोगों के मुताबिक लोग समझ रहे थे कि एक महिला पर देवी आ गई थी तो अन्य लोग इस युवक पर भी यही समझाने लगे की देवी आ गई, लेकिन किसी ने यही नहीं देखा कि उसका झंडा जो है, एचटी लाइन से टकरा गया। जिसके कारण वह छोटा नहीं पा रहा था और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला से मारपीट

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लखरुआ में गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम लखरुआ निवासी सूरज पाल की पत्नी देवकी ने पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि 6 मार्च 2026 की रात्रि लगभग 9:30 बजे उसके घर के दरवाजे पर गांव के ही गौरव पुत्र राधेश्याम, कारेलाल पुत्र कन्हैयालाल कठेरिया, पंडा व देवा पुत्र रमेश निवासीगढ़ पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोप है कि उक्त लोगों ने लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे महिला के पेट व शरीर में चोटें आई हैं। पीड़िता के अनुसार इसी दौरान प्रेमपाल की पत्नी सोनी ने भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों ने लाइनमैन को पीटा


थाने में बैठा घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर लाइनमैन के साथ दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी लाइनमैन कमलेंद्र पुत्र अवधेश सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीते रात अपने घर के दरवाजे पर बैठा था तभी गांव के ही आरोपी आए और आकर के गाली गलौज करने लगे पीडि़त के बताए अनुसार जब पीड़ित ने गाली गलौज का विरोध किया तो उक्त दबंगों ने पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की मारपीट के दौरान पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया तब आज पीडि़त ने थाना पुलिस को तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीडि़त को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

## खेत जाने के बाद किशोर लापता, परिजनों ने दी पुलिस को तहरीर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिरिया मुकंद से एक किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर पुत्र की तलाश कराने की मांग की है। ग्राम खिरिया मुकंद निवासी ओम प्रकाश कठेरिया की पत्नी प्रभा देवी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र कृष्णा 6 मार्च की शाम लगभग 6:30 बजे खेतों की ओर शौच के लिए गया था। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने किशोर के लापता होने की सूचना पुलिस को देते हुए उसकी तलाश कराने की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनीं समस्यायें, योजनाओं की दी जानकारी



शिकायतें सुनते डीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत चिलौली विकास खंड कायमगंज में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस ग्राम चौपाल में ग्राम वासियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे विधवाए दिव्यांगए वृद्धावस्था पेंशन योजनाएं एमुख्यमंत्री सहभागिता योजना, समूह गठन एबैंक से संबंधित योजनाएं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना आदि के साथ में सभी ग्राम वासियों को पंचायत चुनाव एवं यस आई आरए फॅार्मर रजिस्ट्री आदि की के बारे में भी जानकारी दी गई। ग्राम चौपाल में उपजिलाधिकारी कायमगंज, जिला विकास अधिकारी, तहसीलदार कायमगंज, सभी विभागों के अधिकारी, प्रधान सचिव एवं तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम वासियो बताया गया कि वे सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर देश के विकास में भागीदार बने।

## जिलाधिकारी ने विकास खण्ड कायमगंज का किया निरीक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने विकासखंड कायमगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकासखंड कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई, जनसुनवाई व्यवस्था तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की जांच की तथा अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए आई.जी.आर.एस. में प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण किया जाये व शिकायतकर्ता से बात की जाये राज्य वित्त से हो रहे कार्यो का समय से भुगतान करे आर.आर.सी. को क्रियाशील करे। जिलाधिकारी ने विकासखंड में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा अन्य विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विकासखंड परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने तथा अभिलेखों के डिजिटलीकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एसआईआर के कार्य की समीक्षा भी की गई व मॉडल प्रधानमंत्री आवास का लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक कैम्पस में स्थित प्रेरणा कैंटीन व समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कायमगंज, जिला विकास अधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी

# सलमान खुर्शीद ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर किया तीखा हमला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शीतगृह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की पारंपरिक विदेश नीति पूरी तरह नष्ट हो चुकी है और वर्तमान सरकार सामरिक स्वतंत्रता खो चुकी है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के संदर्भ में खुर्शीद ने कहा कि भारत अपनी शर्तों पर नहीं, बल्कि दूसरों के आदेश पर चल रहा है। उन्होंने रूस से तेल खरीद का उदाहरण देते हुए कहा हमसे कहा जा रहा है कि अमेरिका ने 30 दिन की अनुमति दी है। इसका सीधा मतलब है कि हम स्वतः निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम अपनी शर्तो पर काम कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि सामने वाला जो कह रहा है, उसे मान लेना शर्त नहीं समर्पण है।

गाजा में हो रही मौतों पर सरकार के रुख की आलोचना करते हुए खुर्शीद ने कहा कि कांग्रेस हमास के हमले का समर्थन नहीं करती, लेकिन मासूम बच्चों की जान जाने का विरोध करने का साहस भारत को दिखाना चाहिए। उन्होंने पीएम मोदी की इजराइल यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा जब हमला होने वाला था, तब प्रधानमंत्री इजराइल में थे। इजराइल ने भारत को किस बात का धन्यवाद दिया क्या हमने उन्हें खुली छूट का संकेत दिया था एक सच्चे मित्र का कर्तव्य है कि वह गलत को गलत कहे, लेकिन इस सरकार में वह साहस नहीं बचा। खुर्शीद ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण देते हुए याद दिलाया कि जब चीन ने वियतनाम पर हमला किया था, तब अटल जी अपनी चीन यात्रा बीच में छोड़कर विरोध स्वरूप वापस लौट आए थे। गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई खुद को मारकर गठबंधन नहीं करता, आगामी चुनावों और मायावती के अकेले लड़ने के फैसले पर खुर्शीद ने सधा हुआ रुख अपनाया। उन्होंने कहा आज की राजनीतिक वास्तविकता यही है कि बड़ी पार्टियां भी गठबंधन के बिना प्रभाव नहीं बना पातीं। यूपीए सरकार भी गठबंधन की ही सफलता थी। उन्होंने कहा कि गठबंधन में कुछ पाना और कुछ खोना पता है। कोई भी पार्टी खुद को खत्म करके गठबंधन नहीं करती, बल्कि अवाम के फायदे के लिए हाथ मिलाती है। उन्होंने मायावती पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले अनुभवों को देखना चाहिए कि अकेले लड़ने पर क्या परिणाम रहे और गठबंधन के साथ क्या। उन्होंने स्वीकार किया कि गठबंधन में सीटें जाने से कार्यकर्ता निराश होते हैं, लेकिन अंतिम फैसला नेतृत्व को लेना है। इस दौरान पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शकुन्तला देवी, जुनैद उर्फमम्मा, अनिल मिश्रा, मृत्यंजय शुक्ला, उजैर अली खान, जुबैर खान आदि मौजूद रहे।


वार्ता करते सलमान खुर्शीद

## कोर्ट के आदेश पर हटायी गई अवैध दुकानें

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के मुख्य तिराहे पर शनिवार को प्रशासन ने न्यायालय के आदेश पर वर्षों पुरानी बांस बल्ली की दुकान हटा दी। यह दुकान मुन्ना लाल द्वारा लगाई गई थी। न्यायालय के आदेश पर दुकानें हटायी गई। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सदर सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे ने बताया कि मुन्ना लाल द्वारा मुख्य तिराहे के पास लंबे समय से बांसबल्ली की दुकान लगाई जा रही थी। इस मामले को लेकर न्यायालय में सुनवाई चल रही थी। न्यायालय के आदेश के बाद ही शनिवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान को हटवाया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे, अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार, कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे और फतेहगढ़ महिला थाना पुलिस सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। प्रशासन की देखरेख में दुकान को हटाकर तिराहे को खाली कराया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी अतिक्रमण के खिलाफअभियान जारी रहेगा।


मौके पर मौजूद पुलिस बल

# पति ने पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर उतारा मौत के घाट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव प्रेम नगर निवासी शिवानी उम्र 25 वर्षीय का पति विजय कोरी से विवाद हो गया। बात बढ़ी तो पति विजय कोरी ने टकोरे से पत्नी शिवानी के सिर पर प्रहार कर दिया, इससे वह लहू लुहान होकर गिर गयी। घटना के वाद विजय कोरी मौके से भाग गया। विजय कोरी के बड़े भाई विकास कोरी बेहोशी की हालत मे शिवानी को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहा ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर शिवानी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल मे डॉ. प्रदीप राजपूत ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। परिजनो मे कोहराम मच गया। शिवानी की एक वर्ष की बेटी काव्या है। पुलिस ने पति को हिरासत मे लेकर कास्टेबल विनीत कुमार ने जिठानी से टकोरा बरामद किया। वही मृतका की साँस पुष्पा ने बताया कि उसकी बहू और बेटे मे किसी बात को लेकर विवाद होगया। झीना छपटी मे टकरो बहू की कटपटी पर लग गया और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं मृतका के पिता चन्द्र किशोर ने बताया की मैने अपनी बेटी शिवानी का विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व विजय के साथ किया था विवाह के वाद से ही ससुराली जन मेरी बेटी को प्रताड़ित करते थे। विजय ने कहा अपने पिता से रुपये लेकर हमारा मकान बनवा दो नही तो तेरे साथ हम मारापीटी करते रहेंगे। शिवानी ने अपने पिता से कहा पिता ने दामाद क घर बनवाने के लिए एक हजार ईट भेजी थी। दामाद विजय बेटी शिवानी को साथ लेकर आये और एक दिन के लिए मयके छोड़कर चले गये। शुक्रवार को फ़िर से दामाद विजय बेटी को बुलाकर अपने साथ घर ले गये और उसकी हत्या कर दी। हमे कोई जानकारी नही दी दामाद के पड़ोसन धनदेवी ने फोन कर हमे बताया कि जल्दी से आप लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चली जाओ आपकी वेटी को दामाद ने टकोरे हमला कर घायल कर दिया।

जब हम स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचे वहाँ कोई नहीं था। उसके वाद हम लोहिया अस्पताल मे पहुँचे हमारी बेटी लहुलुहान मृत अवस्था मे पड़ी थी हमने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने बेटी के साथ आये जेठ विकास, देवर राघव को पुलिस ने पकड़ लिया उधर मौत की सूचना पर कास्टेबल विनीत कुमार ने परिजनो को हड़का कर हत्यारे पति विजय को हिरासत मे लेकर कड़ी पूछताछ की।


मृतका का फाइल फोटो


रोते बिलखते मृतका के परिजन

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 93 शिकायतों में 8 का मौके पर निस्तारण


शिकायतें सुनते डीएम, एसपी, विधायक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि की गरिमामयी उपस्थिति में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील दिवस में राजस्व विभाग की 27, पुलिस विभाग की 21, विद्युत विभाग की 15, विकास विभाग की 13, आपूर्ति विभाग की 02, नगर पालिका/नगर पंचायत की 04 व अन्य विभागों की 12 कुल 93 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमे से 08 का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये। इसके बाद जिलाधिकारी व विधायक कायमगंज द्वारा सी.एच.सी. पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक,मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द्र कुमार गौड, उप जिलाधिकारी, सीएमओ डॉ. अमनेन्द्र कुमार कायमगंज उपजिलाधिकारी अतुल कुमार क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी तहसीलदार विक्रम सिह, नायव तहसीलदार अनवर हुसैन, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाशपाल, रजिस्टार प्रीतम सिह, खण्ड विकास अधिकारी, मण्डी सचिव शैलेन्द्र कुमार वर्मा, राजेंद्र सिह, चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार ,कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्थ वेंदी, कम्पिल थाना प्रभारी नितिन चौधरी, शमसाबाद थाना प्रभारी, नवावगंज प्रभारी, मेरापुर थाना प्रभारी सहित अन्य विभागो के लोग मौजूद रहे।

# महिला दिवसः हर जुल्म सह कर भी न घबरायी तू, हौसलों से भरी उड़ान है तू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद की महिलाओं ने अपने विचार रखे और कहा कि आज की महिलायें किसी से कम नहीं है। महिलाओं के सम्मान में हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। साल 1909 में पहली बार अमेरिकी सोशलिस्ट पार्टी ने राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का फैसला किया था। इस दिन दुनिया भर में लोग बिना जाति-पांति, भाषा, सांस्कृतिक और राजनीतिक भेदभाव की परवाह किये सब एकजुट होकर महिलाओं की बेहतरी के लिए कदम उठाते हैं व इस बारे में चर्चा करते हैं।

इस दिन को हर जगह अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। कहीं महिलाओं को उपहार दिया जाता है, तो कहीं फूल और चॉकलेट। अपना वजूद भुलाकर हर किरदार निभाती है, यह वह देवी है जो घर को स्वर्ग बनाती है। दिलों में बस जाये वो मोहब्बत हूं, कभी बहन, कभी ममता की मूरत हूं, मेरे आंचल में है चांद सितारे, मां के कदमों में बसी एक जन्नत हूं।

मां-बाप की आन है तूं, हर घर की शान है तूं, बेमानी से भरी इस दुनियां में ना डगमगाये वो ईमान है तूं, हर जुल्म सहकर भी न घबरायी तू, हौसलों से भरी उड़ान है तूं। आज की बेटियां व महिलायें दुर्गा व लक्ष्मी से कम नहीं। हर क्षेत्र में अपना मुकाम बनाने वाली महिलाओं ने अपना आयाम स्थापित कर बुलंदियों को छुआ है।

लता मंगेशकर, पीटी ऊषा, मैरीकॉम, साइना नेहवाल, कल्पना चावला, बैंकिंग में चन्द्रा कोचर, महादेवी वर्मा आदि महिलायें किसी परिचय का मोहताज नहीं। अपने मूल्यों व परम्पराओं को निभाकर अपना नाम स्थापित किया है।

### महिला वह देवी है जो घर को स्वर्ग बनाती हैः डॉ. कल्पना सिंह


डॉ. कल्पना सिंह

प्राचार्या डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि पुरुष प्रधान देश में अपने अधिकारों को पाने के लिए लड़ने की भी आवश्यकता है। जरुरत पड़े तो मां की तरह दुलार करो, जब बात अधिकार की हो तो काली और दुर्गा बनकर संघर्ष करो, तभी आपको पहचान मिलेगी।

### महिलाओं को सशक्त बनायेंः सुमन त्रिपाठी


सुमन त्रिपाठी

प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने कहा कि हर कार्य की अपनी पहचान होती है महिला भी बेटी, मां, बहन, शिक्षिका, डीएम, एसपी, समाजसेविका आदि रुपों में दिखती है। हम उन्हें उनके अधिकार दिलायें। हर क्षेत्र में अपना मुकाम बनाने के लिए पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर खड़ी रहें।

### बेटियां व महिलायें भी शिक्षित बनेंः पुष्पा सिंह


पुष्पा सिंह

समाजसेवी व प्रकृति प्रेमी पुष्पा सिंह ने कोरोना काल के दौरान लोगों की मदद की और गरीब महिलाओं व बेटियों को घर-घर मॉस्क बांटे। साथ ही प्रकृति को सुंदर बनाने के लिए हर कार्यक्रमों में पौधे वितरित किये और बेटियों व महिलाओं को समय- समय पर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

### महिलायें संघर्ष से पीछे न हटेंः रीता दुबे


रीता दुबे

प्रधानाचार्या रीता दुबे ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के मायने है कि आज की महिला अपने अधिकारों को जाने और किसी न किसी क्षेत्र में अपनी पहचान बनायें। अपना वजूद भुलाकर हर किरदार निभाती है और घर को स्वर्ग बनाती है।

### महिलायें भी राजनीति में आयेंः सोनी शुक्ला


सोनी शुक्ला

व्यापार मण्डल मिश्रा गुट महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने कहा कि देश चलाने में भी महिलाओं की अहम भागीदारी है। ऐसे में महिलाओं को राजनीति व व्यापार में आना होगा, तभी वह अपने अधिकारों को समझ पायेंगी। प्रत्येक परिवार से एक महिला राजनीति करें और अपने अधिकारों को आसानी से प्राप्त करें।

### शिक्षित बनकर बेटियां व महिलायें आगे बढ़ेंः वीना गौतम


वीना गौतम

शिक्षिका वीना गौतम ने बताया कि शिक्षा वह अहम कुंजी है जो आसानी से अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकती है। हर क्षेत्र में जाने के लिए शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। महिलायें व बेटियां शिक्षित बनकर विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में पहुंचकर अपने नाम का परचम लहराये।

# रमजान व्यवहार व हमदर्दी का देता है सबक


मोहम्मद वसीम

युवा व समाजसेवी साबू खान ने बताया रमजान का महीना नेकी पर चलने का रास्ता बताता है। रोजे में जब इंसान भूख की बजह से दुस्वारियां बर्दाश्त करता है तो उसके दिल में गरीबों और भूखों के लिए हमदर्दी और भलाई का जज्बा अपने आप पैदा हो जाता है। रमजान गमख्वारी का महीना है। इस पाक महीने में गरीबों और जरुरतमंदों की दिल खोलकर मदद करें। खूब जकात सदका व खैरात बांटना चाहिए। रोजे के जरिए ही इंसान का तकवा बुरे कामों से बचना और नेक काम करना मजबूत होता है।


साबू खां

कलाकार व डांसर मोहम्मद रफी का कहना है कि रोजा एक ऐसी इबादत है, जो की रुहानी और जिस्मानी ऐतबार से भी इंसान के लिए लाभ दायक है। इस मुद्दस महीने का एक-एक लमाह कीमती है। इस महीने में बरकतों और रहमतों को जमकर लूटना चाहिए। खुदा के आदेशों का पालन करना और उसके हुक्म को पूरा करते हुए हराम चीजों से परहेज करना चाहिए। रमजान से सबक लेते हुए साल भर हमें नेक काम करने चाहिए। माहे रमजान रहमत बरकत और मगफिरत का महीना है। अमन, भाईचारा और इंसानियत का पैगाम दें।


मोहम्मद रफी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रमजानुल मुबारक महीने का दूसरा असरा चल रहा है। इसमें अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ कर देता है। लिहाजा हमें चाहिए की हम इस असरे में अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगें और मुस्तकबिल में गुनाह न करने का अहद करें।

दरगाह हजरत सैय्यद शाहबुद्दीन औलिया अल्लाह रहमान लोको रोड फतेहगढ़ के दरगाह के सज्जादा नसीन शाह मोहम्मद वसीम उर्फ मोहम्मद मियां ने बताया कि रमजान मुबारक व नेकियों की बहार का मौसम है। यह कुरान पाक की तिलावत और अल्लाह के जिक्र का महीना है। इस पाक महीने में मुसलमानों का दीनी जज्बा और इस्लाम की सारी खूबियां उभर कर सामने आ जाती है। रमजान प्रशिक्षण का भी महीना है। मानवता, आचार, व्यवहार और हमदर्दी का सबक देता है।

# पॉक्सो व अपहरण के मामले में आरोपी को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ चालीस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने ज्ञान सिंह उर्फ अंकित पुत्र श्री रामलड़ैते निवासी कालझला कमलागंज निवासी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व चालीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया बीते नौ वर्ष पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी छोटी पुत्री जो कि इंटर की छात्रा है दिनांक 3 मई 2017 को घर पर अपनी बड़ी बहन के साथ बैठी थी तभी ज्ञान सिंह उर्फ अंकित घर पर आया और कहा कि इंटर का रिजल्ट आने वाला है हमारी जुगाड है नंबर बढ़ावा देंगे जिससे आगे बी टी सी में आराम रहेगी मेरी लड़की ज्ञान सिंह के बहकावे में आ गई कुछ समय बाद लगभग 12 बजे दोपहर एक बड़े स्कूली बैग लेकर जानी लगी परिवार के लोगों के पूछने पर बताया कि मै ज्ञान सिंह के साथ कमालगंज जा रही हु थोड़ी देर में वापस आऊंगी जब पुत्री घर पर वापस नहीं है तब ज्ञान सिंह के घर वालों से पूंछा उन लोगों ने कोई संतोष जवाब नहीं दिया शक होने पर घर की छानबीन की तो पता चला कि घर से सोने के आभूषण और चार हजार रुपए नगद शैक्षिण प्रमाण पत्र ले गई पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर माननीय न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने ज्ञान सिंह उर्फ अंकित को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व चालीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# प्रदीप सक्सेना निर्विरोध सहकारी क्रय विक्रय समिति के सभापति निर्वाचित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को लाल गेट रेट गंज स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति के सभापति एवं उपसभापति के चुनाव संपन्न हुए भारतीय जनता पार्टी ने सभापति पद पर पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप कुमार सक्सेना प्रत्याशी बनाया था जिन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया सभापति पद पर प्रदीप कुमार पुत्र ललित प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उपसभापति पद पर नंदकिशोर पुत्र ब्रजराज किशोर एवं प्रतिनिधि पद हेतु कृष्ण दत्त, अमित कुमार, अशोक कुमार कटियार एवं कशिश निर्वाचित हुए हैं। इस नामांकन कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ भूदेव सिंह राजपूत आलू विपणन संघ सभापति विमल कटिहार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक मीरा सिंह ममता सक्सेना अभिषेक बाजपेई संतोष राजपूत विकास पांडे पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य जिला मंत्री अभिषेक बाथम पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला मंत्री गुरुचरन आजाद, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।


स्वागत के दौरान प्रदीप सक्सेना

# महिला प्रत्येक क्षेत्र में कीर्तिमान बनाने के बावजूद अभी भी उपेक्षितः उर्मिला राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


जानकारी देती उर्मिला राजपूत

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

धरती से लेकर अंतरिक्ष तक, गांव से लेकर संसद तक, शिक्षा से लेकर वैज्ञानिक तक विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने विश्व में अपना कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने वार्ता के दौरान बताया कि आदिकाल से सभी धर्मो में मां, बहन और बेटी के रूप में नारी को प्रतिष्ठा और गरिमा प्रदान की गई है। इसके विपरीत उन्हीं के धार्मिक ठेकेदारों ने नारी को दोयम दर्जे का नागरिक मानकर उनको न तो समान अवसर प्रदान किये और न ही उनकी प्रतिभा और योग्यता को विकसित करने की सुविधायें दी। अंग्रेजी शासनकाल में बनाये गये कानूनों यथा सतीप्रथा, बाल विवाह रोक, विधवा विवाह, नारी शिक्षा, नौकरी प्राप्त करने, ससुराल और मायके में सम्पत्ति में अधिकार आदि के कानून बनाने से स्त्रियों के विकास के द्वार खुले, अन्यथा कुछ में तो बेटियों के पैदा होते ही उन्हें मार दिया जाता था। इन सभी कारणों से पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या घटने लगी और उनका अनुपात काफी कम हो गया। पुरुष और महिलाओं द्वारा एक ही कार्य करने पर महिलाओं को पारिश्रमिक कम दिया जाता था। धार्मिक व शुभकार्यों में विधवाओं की उपस्थिति पापसूचक मानी जाती थी। नारी की स्थिति इतनी अधिक दयनीय हो गई थी कि उन्हें अपने उदर की पूर्ति के लिये देह व्यापार के रूप में कोठों में शरण लेनी पड़ती थी। रूस की वेलेन्तीना तेरेश्कोवा ने प्रथम बार अन्तरिक्ष की यात्रा की, श्रीलंका की श्रीमावो भण्डारनायके ने प्रथम बार किसी देश की निवार्चित प्रधानमंत्री बनकर विश्व में कीर्तिमान, राजनीतिज्ञों में भी बनाया।

ऐसी कई घटनाओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने के भार्ग खोले। उसकी परिणिति हम आज देखते हैं कि विद्यालयी परीक्षाफलों में छात्रायें हमेशा ही आगे रहती हैं और नौकरी की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में भी बालिकायें शीर्षस्थ पद प्राप्त कर रही हैं।

इतना ही नहीं आज की नारी ने शिक्षा, चिकित्सा तथा सामान्य क्षेत्रों से निकलकर सेना, पुलिस, खदानों,, हवाई.लड़ाकू विमानों, नेवी तथा खतरनाक क्षेत्रों में भी अपनी धमक कायम की है। न्यायाधीशों और बड़े.बड़े पद के राजनेताओं के रूप में उन पदों को सुशोभित किया है। यह नारी कवि, साहित्यकार, कलाओं में योग्य बनकर इतिहासवेत्ता, दार्शनिक, वैज्ञानिक और प्रशासनिक अधिकारी बनकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहीं है। फर्रुखाबाद में मेरे द्वारा गीता शाक्य, कु0 सुषमा कटियार ;बाद में शशि हजेला, मृदुला पाण्डे आदि के सहयोग से 1972 में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मनाना प्रारम्भ किया गया था।

### नहीं रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सरनाम सिंह गंगवार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सरनाम सिंह गंगवार का निधन हो गया। निधन का समाचार पाते ही पार्टी में शोक की लहर दौड़ गयी। सरनाम सिंह गंगवार पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। वह सरल भाव व पार्टी के समर्पण भाव के लिए जाने जाते थे। पिछले काफी दिनों से सक्रिय राजनीति से दूर थे। उनके निधन पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।


फाइल फोटो सरनाम सिंह गंगवार

# गर्जना कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की सहभागिता पर दिया गया जोर

▸ छात्राओं ने नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम किये प्रस्तुत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में गर्जना कार्यक्रम आयोजित हुआ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में गर्जना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नारी शक्ति के महत्व को उजागर करना और महिलाओं के प्रति सम्मान तथा जागरूकता को बढ़ावा देना था। जिला जज की पत्नी सुमन लता, अंजू पाण्डेय, सूक्ष्मा पाण्डेय, अनुराग अग्रवाल, पूनम पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय, भावना गुप्ता आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन करके किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने अपने प्रभावशाली भाषण, संगीत, नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके संघर्ष और उपलब्धियों के बारे में बताया। इसके साथ ही छात्राओं अदिति तिवारी, रुद्रांशी दीक्षित, स्मृति मिश्रा, मान्या मिश्रा, जैस्मिन रावत,शिवानी, राखी व दिव्या द्वारा प्रस्तुत नाट्य ने दर्शकों को बहुत प्रभावित किया‌ए जिसमें महिलाओं की शक्ति, आत्मनिर्भरता और समाज में उनके योगदान को दर्शाया गया। इसके अलावा छात्राओं ने अपने पोस्टर के माध्यम से भी नारी शक्ति को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। उनकी बनाई गई कलाकृतियों में महिलाओं की शक्ति, आत्मविश्वास और प्रेरणादायक संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिए।

राधिका सोमवंशी ने नारी की महिमा को बताते हुए कहा कि नारी माँ की ममता, बहन का विश्वास हैं, नारी साहस, संघर्ष और उज्ज्वल प्रकाश हैं। मुख्य अतिथि जिला जज की पत्नी सुमनलता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता को दर्शाया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया और महिलाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भावना गुप्ता,पूजा पाण्डेय, सिमरन सिंधी, श्रद्धा दुबे, रितिका मिश्रा, दीक्षा पाण्डेय आदि को सम्मानित किया गया। ओ लेवल में सफलता पाने वाली आध्या दुबे, दृष्टि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुपर्णा मिश्रा ने किया। राधिका सोमवंशी ने स्वागत किया। फाल्गुनी भैरवानी ने धन्यवाद दिया। नेहा सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा ने व्यवस्था में सहयोग किया। रक्षपाल कुशवाह, अंजू पाण्डेय, सूक्ष्मा पाण्डेय, अरविन्द दीक्षित सहित छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में सम्मानित होती महिलायें

# याकूतगंज ग्राम पंचायत की नालियां कचरे से भरी, लोगों का जीवन दूभर


कूड़े से भरा नाला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बढ़पुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत याकूतगंज के हाजीगंज में नालियां कूड़ा कचरे से बुरी तरहे बंद पड़ी है। नालिया बंद होने पानी रुक गया। जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, चिकिनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा है। जब वहां के लोगों से बात की तो ग्रामीणों ने बताया कि यहां की स्थिति ऐसी ही रहती है। अगर ज्यादा कूड़ा इकट्ठा हो जाता है तो हम लोग अपने-अपने दरवाजे पर साफ कर देते है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान मादुरी देवी व सचिव अलोक त्रिपाठी व सफाई कर्मचारी कोई भी हम लोगों की सुनने को तैयार नहीं है। सचिव अलोक त्रिपाठी हम लोगों का फोन तक नहीं उठाते है। अगर प्रधान से शिकायत करों तो वह सचिव के पास भेज देते है और सचिव प्रधान के पास शिकायत करने की बात कहते है। ग्रामीणों ने नाले की सफाई कराने की मांग की।

# शिक्षक संगठनों ने टेट अनिवार्यता का विरोध कर भरी हुंकार

▸ जरूरत पड़ी तो लखनऊ से दिल्ली तक करेंगे कूंच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

टेट अनिवार्यता के विरोध में विभिन्न संगठनों के शिक्षकों ने भोलेपुर स्थित एक सभागार में शिक्षकों की बैठक का आयोजन हुआ। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस लड़ाई में जनपद, प्रदेश व देशभर के अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले लड़ाई लड़ी जायेगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने कहा कि जनपद स्तर के सभी शिक्षकों के संगठन अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के अन्तर्गत एकजुट रहकर टेट अनिवार्यता का विरोध प्रदेश स्तर पर करेंगे। जनपद के सभी शिक्षक इस आदेश का विरोध करते है। हम सब लोग प्रदेश की राजधानी तक कूंच करेंगे। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि उसूलों पर आंच आये तो टकराना जरुरी है। अगर हम जिंदा है तो जिंदा नजर आना जरुरी है। हम शिक्षकों को स्वयं एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने कहा कि न्यायालय का कार्य हम सभी के अधिकारों की रक्षा करना है। जबकि टेट अनिवार्यता जैसा अनुचित आदेश देकर हम सभी पर अन्याय किया जा रहा है। इसका हम विरोध करते है। पीएसपी के ब्लाक अध्यक्ष श्याम बाबू ने कहा कि टेट शिक्षकों को एक मंच पर आकर लड़ाई लड़ना होगा।

अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र जाटव ने सभी लोगों के साथ एक मत होकर टीईटी अनिवार्यता का विरोध करते हुए अभियान चलाने की बात कही। धीरेन्द्र यादव, बृजेश सिंह, देवेन्द्र अवस्थी ने कहा कि एक मंच पर शिक्षक आ गये है।

सभी संगठनों के शिक्षक तन, मन, धन से इस अभियान में भाग लेंगे। अटेवा के जिला सह संयोजक सुधीर पाल ने टीईटी अनिवार्यता का विरोध किया और प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों के साथ मिलकर इस लड़ाई को लड़ा जायेगा। विवेक यादव, सोमनाथ दीक्षित, प्रमोद यादव, प्रवेश राठौर, आलोक कुमार द्विवेदी ने कहा कि हम सब शिक्षकों को प्रताड़ित करने का कार्य सरकार कर रही है। सरकार सर्विस के माध्यम से शिक्षकों पर टेट थोपना चाहती है।

हम सब लोग मिलकर टीईटी अनिवार्यता को लागू नहीं होने देंगे और विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर मजहर मोहम्मद खां, मयंक दुबे, विवेक यादव, धीरेन्द्र सिंह यादव, नौशाद खां, सोमनाथ दीक्षित, देवेन्द्र अवस्थी, प्रमोद कुमार यादव, अमरेश सिंह, देवेन्द्र यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।


टेट अनिवार्यता का विरोध करते शिक्षक

### कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति का होली मिलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर बढ़पुर में प्रातः 10 बजे रविवार 8मार्च को सम्पन्न होगा। यह जानकारी अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा ने दी है।


### कार्यालय ग्रा0पं0 पिथनापुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 07/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत पिथनापुर वि0ख0 राजेपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08/03/2026 से 14/03/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 14/03/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान व सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | शैतान सिंह के मकान से सुशील के मकान तक इंटरलॉकिंग में नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 209637 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मुनेश्वर के मकान से छोटेलाल के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 141000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | आसाराम के मकान से मुकेश के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 301219 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | मदनपाल के मकान से धनपाल के मकान तक नाली वह इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 147000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | मुकेश के मकान से डामर रोड तक नाली व इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 393000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | ऋषिपाल के मकान से अखिलेश के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 360279 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-अभय कुमार ग्रा0पं0 पिथनापुर, वि0ख0 राजेपुर सचिव- राघवेन्द्र सिंह

# बस में यात्रियों से जबरन पैसे मांगने पर विवाद

## युवक को चप्पलों से पीटा, बीच-बचाव करने वाले यात्रियों से भी की धक्का-मुक्की, वीडियो वायरल

- पैसे देने से मना करने पर युवक से गाली-गलौज और मारपीट
- बस में मौजूद यात्री ने बनाया वीडियो, सोशल मीडिया पर वायरल
- बस स्टैंड और अस्पताल के आसपास अक्सर सक्रिय रहते हैं नाबालिग बच्चे

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



कस्बा भीरा के बस स्टैंड पर शनिवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब बस में यात्रियों से जबरन पैसे मांग रहे कुछ नाबालिग बच्चों का एक युवक से विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि बच्चों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी चप्पलों से पिटाई कर दी। घटना के दौरान बस में मौजूद किसी यात्री ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार करीब 12 बजे भीरा बस स्टैंड पर खड़ी एक बस में कुछ नाबालिग बच्चे चढ़ गए और यात्रियों से पैसे मांगने लगे। इसी दौरान बस में सवार अरविंद पुत्र भागीरथी निवासी कमलापुर, संपूर्णानगर से भी बच्चों ने पैसे मांगे। अरविंद ने पैसे देने से मना कर दिया, जिस पर बच्चे भड़क गए और उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और बच्चों ने युवक के साथ हाथापाई शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान बच्चों ने युवक को चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस घटना से बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस में मौजूद कुछ यात्रियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन बच्चों ने उनसे भी धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार किया, जिससे स्थिति कुछ देर तक तनावपूर्ण बनी रही। घटना के दौरान बस में मौजूद एक यात्री ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड कर लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीरा बस स्टैंड, वन बीट अस्पताल के आसपास और बसों में चढ़कर कुछ नाबालिग बच्चे अक्सर यात्रियों से पैसे मांगते रहते हैं। कई बार यात्रियों द्वारा मना करने पर ये बच्चे गाली-गलौज करते हैं और झगड़े की स्थिति पैदा कर देते हैं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड और आसपास के इलाके में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए तथा ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों को इस तरह की घटनाओं से राहत मिल सके।

मामले से संबंधित थाना इंचार्ज भीरा रोहित दुबे ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट व धमकी से सहमा परिवार, पलायन की बात कहकर पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम बरसेन में मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। गांव निवासी प्रदीप वर्मा ने कुछ लोगों पर मारपीट करने और लगातार धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि भय के माहौल के चलते उनका परिवार गांव छोड़ने तक को मजबूर हो रहा है।



थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम बरसेन निवासी प्रदीप वर्मा ने थाना फरधान में तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और लगातार धमकियां दे रहे हैं। प्रदीप वर्मा का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण उनका परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें परिवार सहित गांव छोड़कर पलायन करना पड़ सकता है। पीड़ित ने मामले को लेकर थाना फरधान पुलिस को लिखित तहरीर दी है और न्याय की मांग की है। साथ ही उन्होंने कुछ हिंदू संगठनों से भी मदद की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है कि इस मामले से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पीड़ित आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहा है। वहीं थाना फरधान पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है।

# खबरें एक नजर में

## शारदा नहर में युवक का शव मिलने से सनसनी, परिजनों ने की पहचान

**उचौलिया (खीरी)।** उचौलिया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह शारदा नहर में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव निकलवाने के बाद आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी। कुछ देर बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव की पहचान की। परिजनों ने बताया कि मृतक सुक्रेद प्रताप सिंह पुत्र रामबाबू, निवासी ग्राम ढकिया तिवारी, थाना निगोही, जनपद शाहजहांपुर हैं। बताया गया कि सुक्रेद प्रताप सिंह 4 मार्च 2026 को अपने ननिहाल जनपद शाहजहांपुर के सिधौली थाना क्षेत्र स्थित गांव सिसैया गया था। वहां से लौटते समय वह लापता हो गया था और घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। उचौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की। इसके बाद शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह आयोजित




**लखीमपुर खीरी।** आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज, राजाजीपुरम राजापुर में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है। यह त्योहार सभी भेदभाव मिटाकर समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने आपस में होली की शुभकामनाएं साझा कीं तथा उल्लासपूर्ण वातावरण में त्योहार की खुशियां मनाईं। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी संबंध मजबूत होते हैं और संस्थान में सकारात्मक माहौल बनता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

## मवेशी से टकराकर दो घायल, मवेशी की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग हथेड़ा गांव में शुक्रवार की रात्रि में सड़क पर घूम रही मवेशी से टकराकर दो लोग घायल हो गए । बाइक की टक्कर इतनी तेज थी की मवेशी की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी 20 वर्षीय बबुलेश बाइक से हरसड़ गांव निवासी 18 वर्षीय सोनू के साथ ड्रमण्डगंज की तरफ जा रहा था की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पर हथेड़ा गांव में पहुंचा की सड़क पर घूम रही मवेशी से जोरदार टक्कर होने से बाइक चालक व बाइक सवार दोनों घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी की मवेशी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा 108 पर दिया सूचना मिलते ही एम्बुलेंस सेवा के ईएमटी राजकुमार व पायलट दिलीप यादव में दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ग्राम पंचायत सदस्य की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गाँव में ग्राम पंचायत सदस्य की शनिवार की सुबह हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा दवा इलाज के लिये मिर्जापुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ग्राम पंचायत सदस्य की मौत हो गयी परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए शिवपुर घाट पर ग्राम पंचायत सदस्य का अंतिम संस्कार कर दिए। थाना क्षेत्र के सिकटा गाँव निवासी 63 वर्षीय त्रिलोकी कहार अपने लडकों से अलग रह कर घर से 500 मीटर दूर सडक किनारे किराना की दुकान किये थे रात घर से खाना पीना खाने के बाद प्रतिदिन की तरह दुकान में सोने आए शनिवार की सुबह अचनाक तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा आनन फानन में निजी साधन से दवा इलाज के लिये मीरजापुर जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गयी इसके बाद स्वजन शिवपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक के बड़े पुत्र लवकुश ने बताया कि पिता कि अचानक तवियत खराब होने पर मीरजापुर ले जा रहे थे कि अचानक रास्ते में मौत हो गयी और हम लोग शिवपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया है।मृतक ग्राम पंचायत का सदस्य है उसको चार पुत्र है। एक पुत्र अविवाहित है। मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी धनकुवरी दहाड़ मार कर रो रो कर बेहोश हो जा रही है। अचानक मौत से पूरे गाँव में मातम छा गया।

## एसपी ने थाना हलिया का किया आकस्मिक निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार की दोपहर थाना हलिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय परिसर, साइबर हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, जनशिकायत डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया । पुलिस अधीक्षक ने थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ विनम्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए उनकी समस्या सुनकर समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये । निरीक्षण के इसी क्रम में थाना परिसर में निरूद्ध माल मुकदमाती वाहनों के उचित रख-रखाव, बैरक, भोजनालय आदि का जायजा लेकर साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया है इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई महेंद्र प्रताप यादव,सुरेंद्र कुमार,शिवजी यादव, कांस्टेबल लालचंद्र मौजूद रहे।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को संगोष्ठी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाने में विज्ञान और तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की भूमिका, उनकी उपलब्धियों और जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मिशन शक्ति की संयोजक प्रो. नीलम त्रिवेदी ने महिलाओं की आंतरिक संवेदनाओं को अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से अभिव्यक्त किया। इतिहास विभाग प्रभारी प्रो. नूतन सिंह ने आधुनिक समाज में महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों, उनके कर्तव्यों तथा न्याय के प्रश्नों पर अपने विचार रखे। समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंशू वर्मा ने समाज में महिलाओं की भूमिका और बदलती सामाजिक संरचना पर समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषण प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए संचालन अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी प्रो. ज्योति पंत ने किया। इस दौरान बीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्र कमलेश विश्वकर्मा ने कविता पाठ किया, जबकि बीए षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा लाइबा अंसारी ने महिला दिवस के महत्व पर प्रभावी भाषण दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी महिला शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से मुकदमा दर्ज



**पलिया कलां (खीरी)।** कोतवाली पलिया क्षेत्र के मोहल्ला बाजार प्रथम में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में कई लोगों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के शिव कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला बाजार प्रथम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च की रात करीब 10:30 बजे उनका पुत्र अनमोल गुप्ता घर पर था। आरोप है कि अंकित गुप्ता उर्फ अंकित माल्या, कुनाल गुप्ता, छोटू, राजीव गुप्ता, विवेक, पर्व गुप्ता, संजीव गुप्ता, पवन गुप्ता, हर्ष गुप्ता, महेश गुप्ता, विमला सहित करीब 20 लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में उनके पुत्र अनमोल गुप्ता के सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजनों द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी पक्ष के लोग उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। वहीं दूसरे पक्ष के संजीव गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता ने भी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च की रात करीब 11 बजे अनमोल गुप्ता अपने पड़ोसी का दरवाजा पीट रहा था।

## ग्रामीण क्षेत्रों में होली के बाद निकलती है 'धमहर', ढोल की थाप पर गूंजते फाग गीत

**बिजुआ खीरी।** ग्रामीण इलाकों में होली के बाद 'धमहर' निकालने की परंपरा आज भी जीवित है। होली के अगले दिन गांवों में युवाओं की टोलियां ढोल-मजीरे के साथ घर-घर जाकर फाग गीत गाती हैं और नृत्य कर उत्सव का माहौल बनाती हैं। यह परंपरा आपसी भाईचारे और उल्लास का प्रतीक मानी जाती है। बिजुआ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में होली के बाद 'धमहर' निकालने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। होली के अगले दिन गांव के युवक टोलियां बनाकर ढोल-मजीरे के साथ घर-घर पहुंचते हैं और पारंपरिक फाग गीत गाते हुए नाच-गाकर लोगों का मनोरंजन करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह परंपरा आपसी भाईचारे, प्रेम और उत्साह का प्रतीक है। फाग गीतों के माध्यम से होली के रंग और उमंग को जीवंत किया जाता है। गांव के लोग भी इन टोलियों का स्वागत करते हैं और उन्हें उपहार स्वरूप गुजिया, चिप्स, पापड़ और नगद रुपये देकर विदा करते हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले के समय में होली के बाद फाग गीतों का सिलसिला करीब एक सप्ताह तक चलता था। गांवों में देर रात तक ढोल-मजीरे की धुन पर फाग गाए जाते थे और पूरे माहौल में उत्सव का रंग घुला रहता था। हालांकि बदलते समय के साथ होली मनाने के तरीके में काफी बदलाव आया है।



## आलू उत्पादन में अग्रणी बांकेगंज, लेकिन कम दाम से किसान परेशान

- 800 से 850 प्रति कुंतल भाव की मांग

**बाँकेगंज (खीरी)।**

जनपद लखीमपुर खीरी के बांकेगंज क्षेत्र को जिले के प्रमुख आलू उत्पादक इलाकों में गिना जाता है, जहां हर वर्ष बड़े पैमाने पर आलू की खेती की जाती है। क्षेत्र की उपजाऊ मिट्टी और अनुकूल जलवायु के कारण यहां हजारों किसान आलू उत्पादन से जुड़े हैं। बावजूद इसके इस वर्ष आलू की कम कीमत और बढ़ती खेती लागत के कारण किसान परेशान हैं और आलू का भाव कम से कम रू. 800 प्रति कुंतल किए जाने की मांग कर रहे हैं।

मित्राबिंदा फार्म निवासी अनुभवी किसान वीरेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि होली से पहले आलू के रेट बेहद कम थे। वर्तमान में कुछ सुधार के साथ आलू का भाव करीब 275 प्रति बोरी तक पहुंचा है, लेकिन इतनी कीमत में भी किसानों की लागत निकलना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि आलू की खेती में बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयों, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च आता है। महंगाई बढ़ने के कारण खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में किसानों को राहत तभी मिल सकती है जब आलू की कीमत कम से कम 800 प्रति कुंतल हो।



**आलू उत्पादन से बनी क्षेत्र की पहचान**

बांकेगंज क्षेत्र लंबे समय से आलू उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में किसान पारंपरिक रूप से आलू की खेती करते आ रहे हैं और सीजन के दौरान खेतों में दूर-दूर तक आलू की फसल दिखाई देती है। क्षेत्र के कई गांवों में किसानों की आय का मुख्य स्रोत आलू की खेती ही है। सामान्य वर्षों में यहां का आलू व्यापारी खरीदकर अन्य जिलों और राज्यों तक भेजते हैं, जिससे किसानों को बेहतर दाम मिलते हैं और क्षेत्र की कृषि पहचान भी मजबूत होती है।

**मंडियों में कम दाम से बढ़ी चिंता**

करीब 20 वर्षों से आलू की खेती कर रहे किसान प्रेम सिंह ने बताया कि इस वर्ष आलू की कीमत बहुत कम है। उन्होंने बताया कि मंडी में आलू लगभग ?200 प्रति 50 किलो बोरी बिक रहा है, जबकि खेत से ही व्यापारी करीब ?180 प्रति बोरी में खरीद लेते हैं। इतनी कम कीमत में किसानों के लिए लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

**बाहर मांग कम होने से स्थानीय बाजार पर दबाव**

किसानों के अनुसार पहले बांकेगंज क्षेत्र का आलू बाहर के जिलों और राज्यों में जाता था, जिससे बाजार में मांग बनी रहती थी और किसानों को अच्छे दाम मिल जाते थे।

## बरवर-भौनापुर-पसगवां मार्ग जर्जर, गड्ढों में तब्दील सड़क से राहगीर परेशान

**बरवर खीरी।** बरवर से भौनापुर होते हुए पसगवां जाने वाला मुख्य मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत और खबरें प्रकाशित होने के बावजूद अब तक संबंधित विभाग के अधिकारियों ने सड़क की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कई स्थानों पर गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे वाहन चालकों को रास्ता पहचानना भी मुश्किल हो जाता है। खासकर बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार अगर किसी मरीज को अचानक इलाज के लिए पसगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाना पड़े तो सामान्यतः 15 मिनट का रास्ता है, लेकिन खराब सड़क के कारण वहां पहुंचने में डेढ़ घंटे तक लग जाते हैं। इससे आपात स्थिति में मरीजों की जान पर भी बन आती है। इस मार्ग से रोजाना मजदूर, किसान, राजगीर और छात्र भी गुजरते हैं। मोटरसाइकिल और साइकिल से आने-जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। कई बार लोग गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं, लेकिन उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि करीब सात-आठ महीने पहले सड़क के किनारे खुदाई कर गिट्टी डाल दी गई थी, जिससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा। लेकिन उसके बाद काम वहीं पर रोक दिया गया और आज तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया गया। अधूरा काम होने के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सड़क के किनारे पानी भर जाने से उनके घरों के सामने जलभराव हो जाता है, जिससे निकलने में काफी दिक्कत होती है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कई वर्षों से टूटी पड़ी है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत या निर्माण का कार्य नहीं कराया गया। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



## वन एवं वन्यजीवों के सुरक्षार्थ वन व स्वास्थ्य विभाग ने किया हेल्थ कैंप का आयोजन



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के मटिहरा ग्राम पंचायत भवन के पंचायत भवन परिसर में शनिवार को वन विभाग हलिया रेंज व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा संयुक्त रूप से वन्य एवं वन्यजीवो के सुरक्षार्थ हेतु ह्युमन हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया कैम्प में चिकित्सक राहुल व वन दरोगा सूरज पाण्डेय, नीटू शर्मा, फारेस्ट गार्ड शिवम सिंह, अंकुर शुक्ला ने भाग लिया कैम्प का उद्देश्य वन और वन्यजीवों के संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।इस कैम्प में स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, और दवाओं का वितरण किया गया साथ ही वन्यजीवों के संरक्षण के बारे में जागरूक भी किया गया है। कैम्प का आयोजन जंगल के पास के गांवों में किया जा रहा है, जहां लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे ज्यादा जरूरत है।इस संबंध में रेंजर संतोष कुमार राय ने बताया की ग्राम पंचायत मटिहरा के पंचायत भवन परिसर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक के साथ वन्य एवं वनजीवो के सुरक्षार्थ हेतु ह्यूमन कैंप का आयोजन किया गया।

# सपा 15 मार्च को मनाएगी कांशीराम की जयंती पर पीडीए दिवस

- मासिक बैठक में एसआईआर और जनसमस्याओं पर चर्चा

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई की मासिक व समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में एसआईआर (संशोधित मतदाता सूची प्रक्रिया) और जनसमस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। पार्टी ने घोषणा की कि वह 15 मार्च को मान्यवर काशीराम की जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाएगी।

जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने बताया कि 15 मार्च, रविवार को मान्यवर कांशीराम जी की 92वीं जयंती को 'बहुजन समाज दिवस' या 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला कार्यालय पर विशाल जनसमूह के साथ आयोजित किया जाएगा।



श्री चौधरी ने पांचो विधानसभा अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे मतदाता सूची में जोड़े गए, काटे गए और संशोधित किए गए नामों की संपूर्ण प्रक्रिया की रिपोर्ट जल्द से जल्द जमा करें। उन्होंने जनपद की ज्वलंत समस्याओं जैसे खाद, सड़क, पानी और बिजली के मुद्दों पर भी बात की और कहा कि समाजवादी पार्टी जनसमस्याओं के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी 2027 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जीतोड़ मेहनत करना होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सरकार तानाशाह हो चुकी है। कार्यकर्ता को गांव-गांव, घर-घर जाकर अपने हक और अधिकार को बताने का कार्य करना होगा। कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नही करेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जुम्मन खां, विजय पटेल, जिला सचिव विवेक कुशवाहा दिलीप गुप्ता एवं सपा नगर अध्यक्ष रवि सोनकर एवं महिला सभा की प्रदेश सचिव आकांक्षा यादव को बनाये बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को बधाई दी।

बैठक में मुन्नी यादव, आशीष यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, अशोक यादव, सुरेन्द्र पटेल, कीर्ति कोल, झल्लू यादव, राणा प्रताप सिंह, रफीक अहमद, संदेश यादव, राममिलन यादव, रामजी मौर्या, आदर्श यादव, संजय यादव सतीश मिश्रा, सुबाष पटेल, संतोष गोयल, अशोक मिश्रा, आशीष राय, गायत्री पटेल, गणेश केशरी, विकास केशरी, सियाराम जैसल, प्रिंस राव, कौशिक कन्नौजिया, धर्मेन्द्र मौर्या, बलराम यादव, रमाशंकर कोल, सौरभ सिंह, कन्हैया यादव, लाल बहादुर यादव, जमुना यादव, वन्दना गुप्ता, शक्ति श्रीवास्तव, गणेश राय, अरविन्द यादव, दिनेश यादव, भरतलाल बिन्द, रामजी बिन्द आदि मौजूद रहे।